रांची का तापमान
कांके अधिक. 27.6° न्यून. 22.0°
रांची अधिक. 28.4° न्यून. 23.0°

रांची, शनिवार
12 जुलाई 2025
वर्ष-26, अंक-160, पृष्ठ-12

श्रावण कृष्ण पक्ष 02, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




पेज 12







सावन के पहले दिन शुक्रवार को रांची के पहाड़ी मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते श्रद्धालु (बाएं) और देवघर में बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण करने के लिए उमड़े भक्त।

## पूरे विश्व ने देखा भारत का पराक्रम

राष्ट्रीय नवीन मेल





डॉ आकांक्षा चौधरी

शत-शत नमन है उन वीरों को,
सत्य, अहिंसा के पथ पर जो चले,
डटे रहे जो फौलाद की तरह,
सिपाही देशप्रेम के मतवाले,
शान से तिरंगा फहराते आज हम,
शहीदों का बदला लेने निकले दिलवाले।

पहलगाम सैलानियों को धर्म पूछकर मारने वाले आतंकियों को जब हमारे जवानों ने मार गिराया, उनके सबसे बड़े आतंकी गढ़ बहावलपुर को तबाह कर दिया, तब हर भारतीय के मन में भारत माता के सच्चे सपूतों (सभी सेनानियों) के प्रति सम्मान और गर्व की अनुभूति थी। हमारे आधुनिक रक्षा हथियार जब सही हाथों से इस्तेमाल किए गए, तब एकदम सटीक निशाना साधकर हमने दुश्मनों के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। जिन-जिन घरों से सेना में लोग शामिल हैं, उनके परिजनों को भी पूरा भारत प्रणाम करता है। धन्य हैं वे माताएं, जिन्होंने अपने देश के लिए सपूत जने हैं। धन्य हैं वे सुहागिनें, जिन्होंने दूसरों के सिंदूर की रक्षा के लिए अपने सिंदूर दांव पर लगा दिए। जितने सेना के जवान, अधिकारी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर' के भाग थे, उन्हें कोटिशः नमन।

शेष पेज 11 पर

## 20 हजार रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी गिरफ्तार

**गिरिडीह।** भ्रष्टाचार के खिलाफ धनबाद एसीबी की टीम ने शुक्रवार को गिरीडीह के गावां अंचल में बड़ी कार्रवाई की। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने राजस्व कर्मचारी आलोक रंजन को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार, आलोक रंजन गावां बाजार स्थित बेलु राम के घर में किराए पर रह रहा था।

शेष पेज 11 पर


**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।


### राज्य कैबिनेट की बैठक में 27 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# सभी थानों को मिलेंगे चार पहिया एवं दो पहिया वाहन

**कैबिनेट के फैसले**

पुलिस पेट्रोलिंग के लिए राज्य सरकार खरीदेगी **1255** चार पहिया और **1697** दो पहिया वाहन

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को राज्य कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में राज्य के सभी थानों के लिए चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों के क्रय की स्वीकृति दी गई। पुलिस की पेट्रोलिंग को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार 1255 चार पहिया और 1697 दो पहिया वाहनों की खरीदारी करेगी। इसके साथ ही कैबिनेट की बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। कैबिनेट में लिए गए फैसले की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने कुल 27 प्रस्तावों पर मुहर लगाई है।

कैबिनेट सचिव ने बताया कि इन पुलिस वाहनों की खरीदारी पर कुल 146 करोड़ 79 लाख 63 हजार 849 रुपए खर्च होंगे। चार पहिया वाहनों में महिंद्रा बोलेरो, जबकि दो पहिया वाहनों में टीवीएस अपाचे बाइकी की खरीदारी की जाएगी। एक महिंद्रा बोलेरो की खरीदारी पर नौ लाख 59 हजार और एक टीवीएस अपाचे की खरीद पर एक लाख 14 हजार 563 रुपये की लागत आएगी। ये वाहन दो वित्तीय वर्षों में खरीदे जाएंगे।

शेष पेज 11 पर



### कुम्हरिया मोड़ से सड़क निर्माण के लिए 38 करोड़ स्वीकृत

रांची जिले के कुम्हरिया मोड़ (मेसरा-पिठोरिया पथ पर) से संग्रामपुर (करमटोली-ओरमांझी पथ पर) (6.333 किमी) को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए पथ के पुनर्निर्माण कार्य के लिए 38 करोड़ 89 लाख 68 हजार 400 रुपए की मंजूरी दी गई। साथ ही, पथ प्रमंडल, रांची (ग्रामीण) अंतर्गत सिल्ली-बंता-हजाम टीकर-रंगामाटी सड़क (एमडीआर-25) के 39 किमी तक के राइडिंग क्वालिटी के लिए 32 करोड़ 70 लाख 37 हजार 400 रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। साहिबगंज अंतर्गत करमाटांड़ (मोहनपुर-करमाटांड़ आरसीडी पथ पर) से जुराल पथ 12.706 किमी के चौड़ीकरण, मजबूतीकरण के लिए 121 करोड़ एक सौ एक्कीस करोड़ 74 लाख 19 हजार 300 रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

### विधानसभा का मॉनसून सत्र एक अगस्त से

कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि षष्टम विधानसभा के तृतीय मॉनसून सत्र पर भी कैबिनेट ने मुहर लगाई। मॉनसून सत्र एक अगस्त से सात अगस्त 2025 तक आहूत किया जाएगा। इसमें कुल पांच कार्यदिवस होंगे।

### महंगाई भत्ते में छह प्रतिशत की बढ़ोतरी

कैबिनेट ने राज्य सरकार के कर्मियों को मिलने वाले महंगाई भत्ते (डीए) में छह प्रतिशत की बढ़ोतरी को स्वीकृति दे दी। छठे वेतनमान वाले सभी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को देय महंगाई भत्ता अब 246 प्रतिशत से बढ़कर 252 प्रतिशत हो जाएगा। यह 1 जनवरी 2025 से प्रभावी होगा।

### कैबिनेट के अन्य **फैसले**

- राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (नेशनल पेंशन स्कीम) के तहत एकीकृत पेंशन योजना (यूनिफाइड पेंशन स्कीम) का संचालन का निर्णय लिया गया।
- **द डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ऑफ द स्टेट ऑफ झारखंड फॉर द यूज़ ऑफ इलेक्ट्रॉनिक कम्युनिकेशन एंड ऑडिया-वीडियो इलेक्ट्रॉनिक मीन्स रूल्स-2025 गठन पर राज्यपाल के अनुमोदन प्राप्त करने की स्वीकृति दी गई।**
- हाईकोर्ट के आदेश पर राज्य में 2017 में नियुक्त खान निरीक्षकों को देय तिथि से सेवा संपुष्टि और वेतनवृद्धि का निर्णय लिया गया।
- **जिला योजना अनाबद्ध निधि के माध्यम से योजनाओं की स्वीकृति और कार्यान्वयन के लिए मार्गदर्शिका में संशोधन की स्वीकृति दी गई।**
- झारखंड उत्पाद (झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन) नियमावली के तहत उत्पाद दुकानों का संचालन शुरू होने तक दैनिक पारिश्रमिक पर मानव बल की सेवा खुदरा उत्पाद दुकानों के संचालन के लिए होगी। इसकी घटनोत्तकर स्वीकृति दी गई।
- **कुमुदिनी टुडू, झाप्रसे के नामकुम की पूर्व सीओ की ओर से की गई अपील को अस्वीकृत करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय अधिरोपित दंड असंचयात्मक प्रभाव से दो वेतनवृद्धि पर रोक को यथावत रखने का निर्णय लिया गया।**
- डॉ अभिनीति सिद्धार्थ, चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नयाभुसूर, नामकुम को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गई।
- **डॉ स्नेहा सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नाला, जामताड़ा को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गई।**
- डॉ अरविंद कुमार लाल, पूर्व प्रभारी सिविल सर्जन, जमशेदपुर को हाईकोर्ट के आदेश पर बर्खास्तगी आदेश को निरस्त करने का फैसला किया गया।
- **हाईकोर्ट में दायर मामले में भगत चरण महांती, भूतपूर्व पदचर को अनुमान्य एसीपी और एमएसीपी का लाभ देने का निर्णय लिया गया।**
- शिव कुमार प्रसाद, सेवानिवृत्त पुलिस अवर निरीक्षक के चिकित्सा में हुए खर्च की प्रतिपूर्ति के लिए 10 लाख 20 हजार 966 रुपए मात्र भुगतान की स्वीकृति की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।

शेष पेज 11 पर

## सर्पदंश से डालटनगंज विधायक के दो रिश्तेदार समेत तीन की मौत

- 8 से 10 साल के हैं बच्चे, चैनपुर व बसडीहा गांव की घटना

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में विषैले सांप के डंसने से दो नाबालिग बच्चों समेत तीन की मौत हो गयी। दोनों नाबालिग बच्चे डालटनगंज के विधायक आलोक चौरसिया के रिश्तेदार बताये गए हैं। सांप डंसने की दोनों घटनाएं चैनपुर थाना क्षेत्र में गुरूवार रात हुई।

**सोए अवस्था में सांप ने डंसा :** नरसिंहपुर पथरा गांव में करैत सांप के डंसने से प्रेम प्रसाद चौरसिया के दो पुत्र देव प्रसाद चौरसिया (10) तथा अर्जुन कुमार चौरसिया (8) की मौत हो गयी। वहीं पिता का इलाज चल रहा है। तीनों को सोये अवस्था में सांप ने डंसा। बेहोशी की हालत में तीनों को इलाज के लिए पहले एमएमसीएच मेदिनीनगर में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सतबरवा के तुम्बागाड़ा नवजीवन अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गयी। दूसरी घटना बसडीहा गांव में हुई। यहां पति भिखारी भुइयां और उसकी पत्नी शकुंतला देवी को सांप ने डंस लिया।

शेष पेज 11 पर

## लातेहार में राहुल सिंह गिरोह के छह अपराधी गिरफ्तार

### टोरी साइडिंग पर आगजनी और गोलीबारी में थे शामिल

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कुख्यात अपराधी राहुल सिंह गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने उनके पास से हथियार भी बरामद किये है।

**चंदवा के टोरी साइडिंग पर की थी फायरिंग :** शुक्रवार को एसपी ने प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि राहुल सिंह के कहने पर कुछ अपराधी हथियारों से लैस होकर चिरो मोड़ स्थित यात्री शेड के पास बैठे हैं। उन्होंने बताया कि ये वही लोग थे जिन्होंने पिछले 10 जून को चंदवा की टोरी साइडिंग पर रंगदारी के लिए गोलीबारी की थी। जब उन्हें रंगदारी नहीं मिली, तो वे सभी दोबारा वहां गोलीबारी और लूटपाट की योजना बना रहे थे। यह भी जानकारी मिली थी कि उनके पास कुछ मोटरसाइकिलें और स्कूटी भी थीं।

**एसपी ने किया टीम का गठन :** इस गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी अरविंद कुमार के नेतृत्व में एक छापामार दल का गठन किया गया। इस दल ने सफलतापूर्वक छापेमारी की और सभी अपराधियों को मौके से गिरफ्तार किया। पकड़े गये अपराधियों में मो. शाहिद अंसारी, नितेश उरांव, तरुण यादव, शमशाद अंसारी और मो. मोजम्मिल अंसारी शामिल है। ये सभी चंदवा के टोरी साइडिंग में गोलीबारी और लूटपाट की योजना बनाते हुए हथियार, मोबाइल, मोटरसाइकिल और स्कूटी के साथ पकड़े गये। बाद में, दोबारा छापेमारी कर 10 जून के कांड के अभियुक्त मनोज तूरी भी गिरफ्तार किया गया।

**मनोज तूरी का आपराधिक इतिहास रहा है :** एसपी ने बताया कि गिरफ्तार मनोज तूरी का आपराधिक इतिहास रहा है। उस पर चंदवा थाना में पांच और बालूमाथ थाना में एक मामला दर्ज है। यह गिरफ्तारी लातेहार पुलिस की सक्रियता और त्वरित कार्रवाई का परिणाम है, जिससे क्षेत्र में अपराधियों के हौसले पस्त होंगे।

## हाईकोर्ट ने आलमगीर आलम की जमानत याचिका खारिज की

**26** जून 2025 को कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को टेंडर घोटाला के जरिए करोड़ों रुपए की मनी लांड्रिंग करने के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका खारिज कर दी। हाईकोर्ट के आदेश से आलमगीर आलम को बड़ा झटका लगा है। ज्ञात हो कि विगत 26 जून को ईडी और बचाव पक्ष की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत में सुनवाई हुई थी।

शेष पेज 11 पर

## एपीपी नियुक्ति मामले में 11 अभ्यर्थियों को अंतरिम राहत

### उम्र सीमा पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने सहायक लोक अभियोजक (एपीपी) नियुक्ति प्रक्रिया में उम्र सीमा में छूट देने से जुड़े मामले में 11 अभ्यर्थियों को अंतरिम राहत दी है। शुक्रवार को हुई सुनवाई के बाद



अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिया कि याचिका दाखिल करने वाले सभी अभ्यर्थी झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के कार्यालय में ऑफलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। यह याचिका संदीप कुमार महतो एवं अन्य की ओर से दाखिल की गई थी। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि जेपीएससी द्वारा एपीपी परीक्षा 2025 के लिए अधिकतम उम्र सीमा तय करते समय अगस्त 2024 को कट-ऑफ डेट माना गया है, जो अनुचित है। उन्होंने तर्क दिया कि झारखंड में वर्ष 2018 के बाद एपीपी की कोई नियुक्ति नहीं हुई है और अब सात साल बाद जब 2025 में यह प्रक्रिया शुरू की गई है, तो कट-ऑफ डेट को पीछे ले जाकर अगस्त 2019 निर्धारित किया जाना चाहिए, जिससे ज्यादा अभ्यर्थियों को मौका मिल सके। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान जेपीएससी से यह स्पष्ट करने को कहा था कि क्या उम्र सीमा में छूट दी जा सकती है।

शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

## रील बनाने में जान भी जा रही है और गंदे वीडियो से प्रतिष्ठा भी

गुरुग्राम की स्टेट लेवल टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की उनके पिता ने ही कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी जो दो साल पहले चोट लगने के कारण खेल छोड़कर सोशल मीडिया पर रील बनाकर इन्फ्लुएंसर बनना चाहती थीं और



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

पिता को यह पसंद नहीं था लोग चिढाते थे। आज मोबाइल और सस्ते डेटा ने हर उस व्यक्ति को प्रभावित किया है जो इसे एक बार भी देखे तो बहुत ही चालाकी से फैलाए जा रहे कंटेंट को और देखने के लोभ का संवरण नहीं कर पाता । कभी बस अड्डों पर घटिया अश्लील प्रबंधित साहित्य को पुलिस जब्त कर लेती थी जिसमें भाई-बहन,माता-पुत्र,पडोसी,रिश्तेदार के बीच झूठे अनैतिक संबंधों को दिखाया जाता था अब सोशल मीडिया कंपनियों के उकसावे पर रातों रात लखपति बनने के लिए लाखों लोग वैसे भद्दे और अश्लील कंटेंट की रील बनाकर पोस्ट कर रहे हैं । ये रील्स का रोग समाज को तो पतन की ओर ले ही जा रहा है धर्मों और जातियों के बारे में वैमनस्य फैलाने के लिए फर्जी नाम से अश्लील और घृणित सामग्री धड़ल्ले से परोसी जा रही है जिसके लाखों दर्शक हैं । इन दर्शकों में किशोर भी हैं बच्चे भी और युवा भी सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि इन से कैसे समाज को बर्बाद किया जा रहा है । चर्चा फैली है कि सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स लाखों कमा रहे हैं जो उतना आसान नहीं है, जितना बताया जाता है। इंफ्लुएंसर मार्केटिंग एजेंसी कोइंफ्लुएंस ने अप्रैल में अपनी एक रिपोर्ट में बताया था कि भारत में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स 20 हजार से 2 लाख रुपए तक कमा रहे हैं। कमाई इस बात पर निर्भर करती है कि आपके सब्सक्राइबर या फॉलोअर्स कितने हैं और आपका कॉन्टेंट कितने समय में कितना देखा जा रहा है। देश में इस समय 25-35 लाख लोग ऐसे हैं, जो व्यक्तिगत स्तर पर सोशल मीडिया कॉन्टेंट क्रिएट कर रहे हैं, लेकिन इनमें से करीब 1.5 लाख लोग ही इससे पैसे कमा पा रहे हैं। आप किसी गांव या सार्वजनिक स्थान में हैं वहां एक रील में एक अधेड़ महिला अश्लील बातें बोल रही है और सब मजे ले रहे हैं । तभी एक लड़का कहता है, 'यार, रील्स देखते हुए दिन कैसे बीत जाता है, पता ही नहीं चलता।' दूसरा बोलता है, 'इसे देख-देखकर पक गया हूं मजा तो अब आएगा।' उसने एक दूसरी रील दिखाई, जिसमें वही महिला अब और ज्यादा अश्लील बोल रही थी। उनमें से एक लड़के ने मजाकिया लहजे में उस महिला को गालियां देनी शुरू की । रील खत्म होने के बाद हंसी का ठहाका गूंज पड़ा। मैंने तो पढ़ाई छोड़ दी है। बड़ा आदमी बनने के लिए बड़ी सोच तो चाहिए ऑनलाइन ट्रेडिंग सीख रहा हूँ और अपने पिता से बड़ी मुश्किल से 5,000 रुपये लेकर फीस भरी है। 'अगर मुझे सिर्फ 50 लाख रुपये मिल जाएं, तो मैं अगले एक साल में 100 करोड़ बना दूंगा', उसने बड़े आत्मविश्वास से कहा। इतने में एक और लड़के ने अपनी इच्छा जाहिर की, 'मुझे तो फेमस होना है, इसलिए मैं यूट्यूबर बनना चाहता हूं। जब व्यूज और लाइक्स आएंगे, तो पैसे अपने आप आने लगेंगे।'



हमारी युवा पीढ़ी जा कहां रही है पहचाने जाने का भी भय नहीं ? उनकी सोच उन्हें किस दिशा में ले जा रही है? मेहनत और पढ़ाई जैसे शब्द उनके जीवन से गायब क्यों हो रहे हैं? आज की युवा पीढ़ी का दोष यह नहीं है कि वे गलत दिशा में जा रहे हैं। असल समस्या है कि सोशल मीडिया ने उनकी सोच पर गहरी छाप छोड़ी है। बड़े-बड़े सिलेब्रिटीज को हेलिकॉप्टर से उतरते और महंगी गाड़ियों में घूमते देख युवा झूठे सपने पालने लगे हैं। सोशल मीडिया पर कई गैर-जिम्मेदार लोग सिर्फ अपने फायदे के लिए झूठी उम्मीदें बेच रहे हैं। ऐसे में युवा पीढ़ी का भटकाव बड़ा स्वाभाविक है।समाज की जिम्मेदारी है कि युवाओं को समझाए कि सोशल मीडिया पर दिख रही चमक-दमक एक भ्रम है और कोई भी शॉर्ट कट से महान नहीं बन सकता । कारण जानना चाहें तो वैश्विक स्तर पर एल्गोरिदम एक ऐसी तकनीक़ है जो सोशल मीडिया उपयोगकर्ता की पसंद और नापसंद का पता लगाकर, उसे उसकी दिलचस्पी वाले विषय से जुड़े कंटेंट को प्राथमिकता के आधार पर दिखाता है। एल्गोरिदम से जाने-अनजाने में कट्टरपंथी विचारधारा को बढ़ावा देने वाले और समाज को बांटने वाले नैरेटिव्स को भी बढ़ावा दिया जाता है। ज़ाहिर है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इस प्रकार के एल्गोरिदम को बढ़ावा देने से न केवल सामाजिक अलगाव बढ़ सकता है, बल्कि इससे दुष्प्रचार और गलत सूचनाओं का भी प्रसार हो सकता है, साथ ही कट्टरपंथी गुटों की पहुंच और उनके प्रभुत्व में भी इज़ाफा हो सकता है। इस तरह की घटना को "एल्गोरिदमिक रेडिकलाइज़ेशन" भी कहा जाता है। इस्लामिक स्टेट और अल-क़ायदा इसके सबसे सटीक उदाहरण हैं। रील बनाते ख़तरा मोल रहे लोग रोज मारे जा रहे हैं ।

## प्रधानमंत्री मोदी आज 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र करेंगे वितरित

### देशके 47 स्थानों पर आयोजित होगा रोजगार मेला

नई दिल्ली (हि.स.)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नियुक्त हुए युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी इन युवाओं को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा है कि इस बार 16वां रोजगार मेला देशभर के 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इन मेलों के माध्यम से चयनित युवा देश के विभिन्न हिस्सों से आए हैं और वे जल्द ही अपने-अपने मंत्रालयों और विभागों में कार्यभार संभालेंगे। यह नियुक्तियां केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में की जा रही हैं, जिनमें रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय सहित अन्य विभाग शामिल हैं। रोजगार मेला प्रधानमंत्री मोदी की युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। यह पहल युवाओं को सशक्त बनाने और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# ‘टैक्सपेयर हब आउटरीच’ में रहा टैक्स जागरूकता व उत्सव का जीवंत संगम

● तीसरे और अंतिम दिन विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत भी हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**



## स्कूली बच्चों के लिए हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

आज तीसरे और अंतिम दिन सुबह की शुरुआत रांची के स्कूली बच्चों के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता से हुई, जिसका उद्देश्य कम उम्र से ही कराधान और नागरिक जिम्मेदारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। इसके बाद कक्षा 10 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए एक वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। केंद्रीय विद्यालय के आशुतोष वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेता बने। पुरस्कार वितरण प्रधान मुख्य आयुक्त जयंत मिश्रा और मुख्य आयुक्त रंजन कुमार ने किया। उन्होंने युवाओं को जिम्मेदार नागरिक और भावी करदाता बनने के लिए प्रोत्साहित किया। आवाज समूह ने एक आकर्षक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से करों और रोजमर्रा की जिंदगी के बीच के संबंध को उजागर किया गया। बाद में, स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम ने झारखंड की समृद्ध विरासत का जश्न मनाया। लोक नृत्यों, आदिवासी सांस्कृतिक प्रदर्शनों और क्षेत्रीय गीतों ने राज्य की विविध सांस्कृतिक विरासत को उजागर किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**रांची।** ‘टैक्सपेयर (करदाता) हब आउटरीच’ कार्यक्रम के तीसरे दिन शुक्रवार को कई जीवंत कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। इसमें शैक्षिक जुड़ाव, नीतिगत चर्चा और सांस्कृतिक गौरव का सम्मिश्रण रहा, जो विभाग के समावेशी और सहभागी कर प्रशासन के दृष्टिकोण को दर्शाता है। आज तीसरे और आखिरी दिन तकनीकी और नीतिगत मुद्दों पर भी गहन सत्र आयोजित किए गए। रूपेश अग्रवाल, आईआरएस के नेतृत्व में टीम-1 और टीम सी-1 पटना द्वारा एक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें रिटर्न दाखिल करने, टीडीएस प्रावधानों और वित्त अधिनियम के तहत हाल के बदलावों पर स्पष्टता प्रदान की गई। अशोक झा, आईआरएस, सीसीआईटी मुंबई द्वारा नए आयकर विधेयक 2025 पर एक प्रस्तुति दी गई, जिसमें उन्होंने विधेयक में प्रस्तावित संरचनात्मक परिवर्तनों पर विस्तार से चर्चा की। लेखा परीक्षा, जांच और मूल्यांकन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में अपने व्यापक अनुभव का उपयोग करते हुए, उन्होंने व्यावहारिक चुनौतियों और कार्यान्वयन के पहलुओं पर चर्चा की। इसके बाद अशोक झा और विनोद अग्रवाल, सीआईटी, डीटीआरटीआई हजारीबाग के संयुक्त नेतृत्व में एक प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को अद्यतन रिटर्न, आईटीआर फाइलिंग और प्रक्रियात्मक सुधारों से संबंधित शंकाओं को स्पष्ट करने में मदद मिली। आयकर विभाग सुप्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता और विकास भारती के सचिव अशोक भगत की उपस्थिति से सम्मानित हुआ, जिन्हें सुदूर गांवों में आदिवासी समुदायों के विकास के लिए उनकी आजीवन प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया। पद्मश्री (2015) से सम्मानित अशोक भगत ने नागरिक उत्तरदायित्व और समावेशी विकास के संदेश के साथ उपस्थित लोगों को संबोधित किया। विशिष्ट अतिथि सैयद नासिर अली, भारतीय राजस्व सेवा, 1990 बैच के एक प्रतिष्ठित अधिकारी, जो 31 मई 2025 को प्रधान महानिदेशक (मानव संसाधन विकास), नई दिल्ली के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, उनके संबोधन में आयकर विभाग और नागरिक उड्डयन मंत्रालय में विभिन्न भूमिकाओं में उनके तीन दशक के शानदार कार्यकाल का उल्लेख था। यह कार्यक्रम कोर कमेटी द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें रंजन कुमार, सीसीआईटी, रांची, अमिताभ के. सिन्हा, पीसीआईटी, रांची, आशीष देहरिया, अपर सीआईटी, रेंज-1, रांची और रेंज-टीडीएस, रांची तथा सभी समितियों के सभी सदस्य शामिल थे।

# राज्य परिवहन प्राधिकार की बैठक जल्द बुलाएं परिवहन आयुक्त : किशोर मंत्री



● कहा, परिवहन आयुक्त के रिक्त पद पर नियुक्ति से परिवहन कार्य को मिलेगी गति

● बस ओनर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष ने संजीव कुमार बेसरा का किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के निवर्तमान अध्यक्ष एवं झारखंड प्रदेश बस ओनर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष किशोर कुमार मंत्री ने शुक्रवार को परिवहन आयुक्त संजीव कुमार बेसरा से मुलाकात की। किशोर मंत्री ने शुक्रवार को एफएफपी बिल्डिंग के परिवहन विभाग में पदस्थापित नवनियुक्त झारखंड परिवहन आयुक्त का स्वागत किया। इस अवसर पर किशोर मंत्री ने कहा कि परिवहन आयुक्त का पद कई वर्षों से रिक्त था। संजीव बेसरा के आने से बस मालिकों में खुशी की लहर दौड़ी है। परिवहन कार्य को गति मिलेगी और परिवहन व्यवसाय का राज्य में विकास तेजी से होगी।

किशोर मंत्री ने परिवहन आयुक्त से एक वर्षों से रुका हुआ परमिट नवीनीकरण के मामला को संचिका के माध्यम से नवीकरण करने का अनुरोध किया। साथ ही, कहा कि राज्य परिवहन प्राधिकार की बैठक एक वर्षों से नहीं हुई है। उन्होंने राज्य परिवहन प्राधिकार की बैठक जल्द कराने का अनुरोध किया।

किशोर मंत्री ने परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने वर्षों से परिवहन आयुक्त के रिक्त पद पर अधिकारी को पदस्थापित करने का कार्य किया। परिवहन आयुक्त संजीव कुमार बेसरा ने आश्वस्त किया कि अब कार्य में तेजी लाई जाएगी। इस अवसर पर संयुक्त राज्य परिवहन आयुक्त प्रवीण प्रकाश, वकील, सुशील तिवारी एवं अशफाक आजम उपस्थित थे।

## आईसीजी में करियर अवसरों के लिए शुरू हुआ है जागरूकता अभियान

# करियर के साथ राष्ट्र सेवा के लिए तटरक्षक बल से जुड़ें युवा : सेठ

● रक्षा राज्य मंत्री की पहल पर रांची में पहली बार कार्यक्रम का हो रहा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह आह्वान है कि देश के अधिक से अधिक युवा देश की सुरक्षा में अपनी भागीदारी निभाएं। इस आलोक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में रक्षा मंत्रालय देश के विभिन्न हिस्सों में जागरूकता अभियान चला रहा है। इसी उद्देश्य के साथ रांची में भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) द्वारा एक ऐसे अभियान की शुरुआत की जा रही है, जो पहले कभी नहीं हुआ। ये बातें रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची के सांसद संजय सेठ ने शुक्रवार को अपने केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कही।

संजय सेठ ने कहा कि यह झारखंड के युवाओं के लिए स्वर्णिम अवसर है कि वह भी राष्ट्र प्रथम की भावना से करियर और राष्ट्र सेवा दोनों कार्य साथ-साथ कर सकें। भारतीय तटरक्षक बल (इंडियन कोस्ट गार्ड) द्वारा देश के युवा विद्यार्थियों को आकर्षित करने के लिए एक जागरूकता एवं भर्ती अभियान चलाया जा रहा है। यह रांची के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में भी आयोजित किया जाएगा। यह अभियान रांची में पहली बार शुरू हुआ है, जो 20 जुलाई, 2025 तक आयोजित होगा।

रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि ‘ऑपरेशन सिंधु’ के बाद देश के युवाओं में रक्षा क्षेत्र के प्रति आकर्षण बढ़ा है और उत्साह भी बढ़ा है। इसी उद्देश्य के साथ इस अभियान का शुभारंभ रांची में किया जा रहा है। इस अभियान की जानकारी देते हुए भारतीय तटरक्षक बल के डीआईजी सह रिक्रूटमेंट के प्रधान निदेशक केएल अरुण ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों के साथ लगभग 30 मिनट की एक संवादात्मक प्रस्तुति दी जाएगी। इसमें एक पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से भारतीय तटरक्षक बल और उसमें उपलब्ध करियर विकल्पों की जानकारी दी जाएगी। यह अवगत कराते हुए मुझे गर्व हो रहा है, कि भारतीय तटरक्षक बल, एक वदीर्धारी सेवा, की स्थापना 01 फरवरी 1977 को हुई थी और कोस्ट गोर्ड एक्ट, 1978 के अंतर्गत इसे संघ की एक सशस्त्र सेना के रूप में अधिनियमित किया गया। यह बल रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।

## आकर्षक करियर विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना है उद्देश्य : केएल अरुण

केएल अरुण ने कहा कि इसकी जिम्मेदारियां अत्यंत व्यापक और महत्वपूर्ण हैं। इन जिम्मेदारियों में भारत के समुद्री हितों की रक्षा, समुद्री कानूनों का प्रवर्तन, तटीय सुरक्षा, खोज एवं बचाव कार्य, समुद्री पर्यावरण संरक्षण और समुद्री कानून प्रवर्तन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच भारतीय तटरक्षक बल को एक आकर्षक करियर विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना है। अभियान के दौरान, नई दिल्ली स्थित तटरक्षक मुख्यालय की एक टीम छात्रों से सीधे संवाद करेगी, जिससे उन्हें इस सेवा के जीवन शैली और चुनौतियों की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त हो सकेगी। विद्यालयों के संदर्भ में कक्षा 9 और उससे ऊपर के छात्रों को इस कार्यक्रम में शामिल किया जा सकता है, वहीं महाविद्यालयों में सभी इच्छुक छात्रों को इस में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा सकता है।

# सीएम ने पुष्पचक्र अर्पित कर ददई दुबे को दी श्रद्धांजलि







**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड सरकार में पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता दिवंगत चंद्रशेखर दुबे (ददई दुबे) के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शोक-संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की। मुख्यमंत्री सोरेन ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को दुख की इस घड़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

## नम आंखों से वरिष्ठ नेता ददई दुबे को दी गई श्रद्धांजलि

**रांची।** मजदूर नेता और पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे का निधन बीते दिन दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। शुक्रवार को ददई दुबे के पार्थिव शरीर को रांची एयरपोर्ट से प्रदेश कांग्रेस कार्यालय लाया गया। जहां पर पार्टी के नेता, विधायक, मंत्री और पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दी। ददई दुबे के निधन पर झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक अनूप सिंह, पूर्व मंत्री और विधायक रामेश्वर उरांव ने दु:ख व्यक्त किया। उन्होंने इसे झारखंड के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि दिल्ली में मैंने ददई दा से मुलाकात की थी। उनके निधन से झारखंड ने एक मजबूत और बेबाक आवाज उठाने वाले नेता को खो दिया है। उन्होंने अपना नुकसान कर भी मजदूरों की आवाज हमेशा बुलंद की। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि ददई दुबे का निधन उनकी व्यक्तिगत क्षति भी है, उनका व्यवहार हमेशा पिता तुल्य रहा है। वहीं ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कांग्रेस पार्टी ने समर्पित कार्यकर्ता, झारखंड ने एक सच्चा नेता और मजदूरों ने अपनी मुखर आवाज को खो दिया है। रांची के कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा के बाद पार्थिव शरीर उनके रांची स्थित आवास पर ले जाया गया है। कांग्रेस नेता और आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय पासवान के अनुसार यहां से शव वाहन उन्हें उनके पैतृक जिले गढ़वा के लिए रवाना हुआ। जहां शनिवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# कॉलेज 11वीं-12वीं में नामांकन पर रोक के बाद फॉर्म फीस वापस करे : अजय राय

**नवीन मेल संवाददाता**



● शिक्षा विभाग से तत्काल दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की

**रांची।** झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने राज्य सरकार और शिक्षा विभाग कॉलेज में नामांकन पर लिए गए फॉर्म फीस वापस करने की मांग की है। उन्होंने शुक्रवार की प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि जब राज्य के विभिन्न कॉलेजों में 11वीं एवं 12वीं कक्षा में नामांकन प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है, तो उन कॉलेजों को तत्काल प्रभाव से छात्रों की ओर से जमा की गई फॉर्म फीस वापस करनी चाहिए।

राय ने कहा कि अनेक गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के छात्र-छात्राओं ने नामांकन के लिए फॉर्म भरे थे। फीस भी जमा की थी। लेकिन, जब नामांकन ही नहीं हो रहा है, तो यह छात्रों और उनके अभिभावकों के साथ अन्यायपूर्ण स्थिति है। उन्होंने कहा कि फॉर्म फीस की वापसी से न केवल आर्थिक नुकसान की भरपाई होगी, बल्कि यह एक संवेदनशील और न्यायसंगत कदम भी होगा।

अजय राय ने कहा कि फॉर्म फीस वापस कराना न केवल आर्थिक न्याय है, बल्कि यह शासन की संवेदनशीलता और पारदर्शिता का प्रतीक भी होगा। उन्होंने राज्य के शिक्षा विभाग से मांग की है कि इस मामले में तत्काल दिशा-निर्देश जारी करे और कॉलेजों को फॉर्म फीस लौटाने के लिए बाध्य करे, ताकि छात्रों को अनावश्यक आर्थिक बोझ से राहत मिल सके।

**चर्चा** विश्व जनसंख्या दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन, बोले शशि प्रकाश

# जनसंख्या वृद्धि से बुनियादी सुविधाओं पर बढ़ता है दबाव

● बच्चों में तीन साल का अंतर रखना आवश्यक

**नवीन मेल संवाददाता**



## गांवों में जागरूकता लाना जरूरी : डॉ सिद्धार्थ

डॉ सिद्धार्थ सान्याल, निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं ने कहा कि अस्थाई विधियों की उपयोगिता बढ़ाकर गर्भनिरोधक की आवश्यकता को पूरा करना चाहिए। ताकि गर्भनिरोधक के अनमेट नीड जैसे कारकों में कमी लायी जा सके। कम आयुवर्ग में होने वाले विवाह एवं 18 वर्ष से पूर्व हो जाने वाले गर्भधारण और गर्भसमापन जैसे समस्याओं को कम करने में परिवार नियोजन की आवश्यकता और इसकी अहम भूमिका है। इसलिए सर्वप्रथम ऐसे गांवों को चिन्हित करके उनमें जागरूकता लाने के प्रयासों को बढ़ावा देना है।

**रांची।** अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस का उद्देश्य जनसंख्या से जुड़े मुद्दों गरीबी, बेरोजगारी, संसाधनों पर दवाब, शिक्षा में कमी पर्यावरण पर इसके नकारात्मक प्रभाव, सामाजिक समस्याएं और प्रजनन स्वास्थ्य जैसे विषयों पर चर्चा करना है। जनसंख्या वृद्धि से बुनियादी सुविधाओं और सेवाओं पर भी दवाब पड़ता है और असमानता बढ़ती है। परिणामस्वरूप सामाजिक संघर्ष और कल्याणकारी योजनाओं पर निर्भरता बढ़ जाती है। अभियान निदेशक शुक्रवार को विश्व जनसंख्या दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के उद्घाटन पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि देश की मौजूदा जनसंख्या वृद्धि दर 0.90 और झारखंड का वृद्धि दर 1.25 है। पॉपुलेशन प्रोजेक्श न 2020 के अनुसार झारखंड का (ग्रोथ रेट) लगातार कम हो रहा है। इसमें परिवार नियोजन कार्यक्रम का अहम योगदान है। हमारे पास संसाधन की मात्रा काफी सीमित है अगर हमारी आबादी बढ़ती जाएगी और गुणवत्ता नहीं बढ़ेगी तो आगे जाकर हमें काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आज लोग 65 वर्ष से ज्यादा जीवन जी रहे हैं। इसके बावजूद हमारे सामने कई तरह की समस्याएं हैं। इन सभी समस्याओं को हम प्रचार प्रसार और लोगों को जागरूक करके कम कर सकते हैं यदि किसी घर में मां की मौत हो जाती है तो वह घर बिखर जाता है और बच्चों को संभालने में काफी कठिनाई आती है। इसलिए महिला के स्वास्थ्य में ध्यान देने के साथ-साथ दो बच्चों के बीच में कम से कम तीन साल का अंतर रखना जरूरी है। वहीं मौके पर अभियान निदेशक ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से पोस्टर और सेल्फ केयर कीट का विमोचन किया। इस अवसर पर राज्य नोडल पदाधिकारी आईईसी, डॉ लाल माझी, डॉ अजीत खालखो, अस्पताल उपाधीक्षक, डॉ विमलेश सिंह, अकय मिंज, परिवार नियोजन समन्वयक, गुंजन खलखो, पंकज कुमार सहित राज्य और जिला के पदाधिकारी मौजूद थे।

# न्यूज बॉक्स

## राज्यपाल से मिला कांके अंचल के नगड़ी ग्राम के रैयतों का शिष्टमंडल



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को कांके अंचल के नगड़ी ग्राम के रैयतों के एक शिष्टमंडल ने राजभवन में भेंट की। शिष्टमंडल ने मौजा नगड़ी में रिम्स-2 की स्थापना के लिए भूमि अधिग्रहण का विरोध करते हुए कहा कि यह कृषि भूमि है। यहां किसानों को अपने खेत में खेती करने दिया जाए। शिष्टमंडल ने राज्यपाल महोदय से इस भूमि के अधिग्रहण पर रोक लगाने के लिए पहल करने का आग्रह किया।

## असम विधानसभा की समिति झारखंड दौरे पर, रबीन्द्रनाथ महतो से की भेंट



**रांची।** असम विधानसभा की सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति झारखंड राज्य के स्थल अध्ययन दौरे पर है। समिति ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंटवार्ता किया। अध्यक्ष ने असम विधानसभा के समिति के सभापति रमेंद्र नारायण कलीटा एवं सदस्य सिबामोनी बोरा सहित असम विधानसभा के पदाधिकारियों को सम्मानित किए। शिष्टाचार भेंटवार्ता के उपरांत असम विधानसभा की सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति, झारखंड विधानसभा की सरकारी उपक्रमों की समिति के साथ समिति कक्ष में बैठक की। इस बैठक में दोनों राज्यों के सरकारी उपक्रमों के संबंध में विभिन्न सूचनाओं का आदान प्रदान किए गए। यह बैठक झारखंड विधानसभा के सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति के सभापति निरल पुरती की अध्यक्षता में हुई,इ सदस्य जगत माझी एवं झारखंड विधानसभा के पदाधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहे। असम विधानसभा की समिति 14 जुलाई तक झारखंड दौरे पर रहेगी।

## इंस्पेक्टर से डीएसपी में प्रोन्नत छह अफसरों को आईजी ने लगाया बैज



**रांची।** झारखंड पुलिस के इंस्पेक्टर रैंक से प्रोन्नति पाकर डीएसपी बने रांची जिला के नवप्रोन्नत छह अधिकारियों को शुक्रवार को बैज लगाया गया। डीआईजी सह रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के दफ्तर में पीपिंग सेरेमनी के तहत सभी अधिकारियों को एक-एक कर डीएसपी रैंक का बैच लगाया गया और उन्हें शुभकामनाएं दी गई। लोअर बाजार के थानेदार इंस्पेक्टर दयानंद, बरियातू थानेदार मनोज कुमार, अरगोड़ा थाना प्रभारी आलोक सिंह, इंस्पेक्टर विजय सिंह, महेश्वर प्रसाद रंजन और तलेश्वर प्रसाद कुशवाहा को रांची के आईजी मनोज कौशिक ने बैच लगाकर सम्मानित किया। इन अधिकारियों के कंधे पर लगे इंस्पेक्टर रैंक के बैच को हटाकर डीएसपी रैंक का बैच लगाया गया। ज्ञात हो कि झारखंड के कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 25 जून 2025 को कुल 64 पुलिस अधिकारियों को डीएसपी रैंक में प्रोन्नत किया था। उनमें से 23 अधिकारियों को विगत सात जुलाई को डीजीपी ने बैज लगाया था। वहीं, छह अधिकारियों को शुक्रवार को बैच लगाकर सम्मानित किया गया।

## पंडरा में दिनदहाड़े महिला से हुई चेन छिनतई



**रांची।** राजधानी रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह एक महिला से दिनदहाड़े चेन स्नैचिंग की वारदात सामने आई है। जनक नगर की रहने वाली महिला बेबी देवी सावन महीने के पहले दिन पूजा के लिए मंदिर जा रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधी तेज़ी से पहुंचे और उनके गले से सोने की चेन झपट कर फरार हो गए।

**सीसीटीवी में कैद हुई पूरी वारदात :** यह घटना सड़क किनारे लगे एक सीसीटीवी कैमरे में पूरी तरह कैद हो गई है। फुटेज में दोनों स्नैचर्स साफ नजर आ रहे हैं। खास बात यह है कि दोनों आरोपी बिना हेलमेट और बिना नंबर की बाइक पर सवार थे। पहले की घटनाओं में स्नैचर्स आमतौर पर हेलमेट पहनते थे ताकि पहचान न हो सके, लेकिन इस बार उन्होंने बिना किसी डर के वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। महिला के शोर मचाने के बाद लोग घरों से बाहर आए लेकिन तब तक दोनों आरोपी भाग चुके थे। पंडरा ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों आरोपियों की पहचान कर ली गई है। पुलिस टीम उनकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## डीएसपीएमयू में दलालों का गिरोह हावी है : अभिषेक झा



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू), रांची के छात्र प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए अभिषेक झा ने विवि में नामांकन और परीक्षा प्रक्रिया में फर्जीवाड़े और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए राज्यपाल एवं कुलाधिपति के नाम शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से तत्काल न्यायिक जांच और प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की है। अभिषेक झा ने कहा कि हाल ही में एक ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुई है, जिसमें एक व्यक्ति, जो खुद को छात्र बताता है, लेकिन असल में एक दलाल है। वह 3000 से 35000 रुपए तक की राशि लेकर नामांकन से लेकर परीक्षा और परिणाम तक की ‘पैकेज डील’ की पेशकश करता सुनाई देता है। इस क्लिप ने छात्र समुदाय के बीच गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है और विश्वविद्यालय की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अभिषेक झा ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। यहां प्लेसमेंट की कोई व्यवस्था नहीं है। यहां छात्रावास और शौचालयों की समुचित सफाई नहीं होती है। पुस्तकालयों में आवश्यक संसाधनों की भारी कमी है और छात्रों को बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल रही हैं।

**नाले के ऊपर बने अवैध मकान बचेंगे या टूटेंगे**

# जमाबंदी रद्द करने की प्रक्रिया प्रारंभ पैरवी और पहुंच शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पंचशील नगर चौक में एनएच 75 में नाले की जमीन का अतिक्रमण कर मकान दुकान बनाए गए हैं। बरसात के दिनों में पानी का निकास नहीं होने के कारण एनएच 75 घंटों बंद हो जाता है। इस अतिक्रमण के कारण एक तरफ राष्ट्रीय राजमार्ग राजधानी से कट जाता है, वहीं दूसरी ओर पंचशील नगर, राधा नगर, शांति नगर और सहदेव नगर में लोगों के घरों में पानी घुसता है।

राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र लगातार इस संबंध में सवाल उठाता आ रहा है। खबर का असर हुआ है और जिले के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने पंचशील नगर में हुए अतिक्रमण की जांच रात में खुद की है, इसके बाद से कार्रवाई का दौर शुरू हो गया है।

सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि हेहल अंचल ने दूसरी बार पांच लोगों को नोटिस भेजा है। पहले नोटिस में पांच लोगों को नोटिस दिया गया था जिसमें कहा गया था कि आपका मकान दुकान जिस भूमि पर बना है वह वैध नहीं है इसलिए कागजात तीन दिनों के अंदर में दिखाएं। नोटिस का पालन करते हुए चार लोगों ने अपने दस्तावेज दिखाएं और एक ने कहा कि अंचल ने गलत मापी की है और उनके घर की जमीन नाले पर दिखाया गया है। वहीं दूसरी नोटिस में नदी नाले के ऊपर अतिक्रमण कर मकान दुकान बनाए जाने वालों को बताया गया है कि नाले की जमीन पर पक्के मकान दुकान बनाए गए हैं जो अतिक्रमण के दायरे में आता है। इसलिए जमाबंदी रद्द करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इस नोटिस के मिलने के बाद नोटिसधारियों ने बड़े नेताओं और वकीलों के चक्कर काटने शुरू कर दिए हैं। उपायुक्त के कार्रवाई पर लोगों में संशय है कि क्या इस बार करवाई होकर रहेगी। नाले के ऊपर बने घर टूटेंगे या फिर बचेंगे।



एनएच 75 बरसात में प्रतिदिन जल जमाव से घंटों रहता है बंद

**भक्तों के लिए पहाड़ी मंदिर है पूरी तरह तैयार**



# उपद्रवियों पर सीसीटीवी से रखी जाएगी निगरानी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** सावन महीने की शुरुआत से ही राजधानी के पहाड़ी मंदिर में शिवभक्तों का आगमन शुरू हो गया है। सावन के पहले दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ पर जल चढ़ाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। हालांकि जितनी भीड़ रविवार और सोमवार को होती है उसकी तुलना में शुक्रवार को भीड़ कम थी। पहाड़ी मंदिर के आस पास के दुकानदारों ने बताया कि सावन में भक्तों की भीड़ होती है लेकिन सोमवार का नजारा अद्भुत होता है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु भोले बाबा के दर्शन और जलार्पण के लिए पहुंचते हैं। पहाड़ी मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है। फूल-मालाओं से सजे मुख्य द्वार से लेकर मंदिर शिवलिंग तक आस्था और सुंदरता का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

## पुलिस के साथ साथ वॉलेंटियर भी देंगे योगदान

पहाड़ी मंदिर के दाहिने तरफ से प्रतिवर्ष की तरह ही भक्त शिवलिंग तक जाएंगे उसके बाद मंदिर के मुख्य द्वार से नीचे आएंगे। इस दौरान पूरे पहाड़ी मंदिर परिसर में में समिति के 200 से 250 वॉलेंटियर तैनात रहेंगे। पूजा करने आए श्रद्धालुओं के लिए जलार्पण करने के लिए लौटा का भी व्यवस्था समिति के द्वारा किया गया है। पीने के पानी की व्यवस्था भी की गई है। वहीं मुख्य द्वारा पर रांची पुलिस की तैनाती रहेगी। इसी के साथ पहाड़ी मंदिर के हर हिस्से में पुलिस की तैनाती रहेगी। मंदिर के भीतर वॉलेंटियर इस बात का ध्यान रखेंगे की महिला और पुरुष अपने कतार में व्यवस्थित रूप से चलें और शांति बनी रहे।



## एसडीओ ने लिया मंदिर का जायजा

सावन महीने के पहले दिन की तैयारियों का जायजा लेने एसडीओ उत्कर्ष कुमार पहाड़ी मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर परिसर और आस-पास के रास्तों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने बताया कि पहली सोमवारी तक शेष बची सभी व्यवस्थाओं को पूरी तरह मुकम्मल कर लिया जाएगा। एसडीओ ने कहा पहाड़ी मंदिर के हर गतिविधि पर नजर रहेगी। वही, सोमवार को सुबह 3.30 बजे सरकारी आरती के बाद भक्तों के लिए कपाट खोले जाएंगे।

### कई काम अधूरे, पहली सोमवारी तक हो जाएंगे पूरे : पहाड़ी मंदिर समिति

पहाड़ी मंदिर के भीतर अभी भी कई काम अधूरे हैं। अभी भी बालू से जाने वाले रस्ते को समतल किया जा रहा है। ग्रिलिंग का कार्य भे अधूरा है। समिति के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार पहली सोमवारी तक सारे कार्य पूरे कर लिए जाएंगे।

**सुरक्षा व्यवस्था** ट्रैफिक नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। पहाड़ी मंदिर की ओर जाने वाले सभी मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्जन और पार्किंग की व्यवस्था की गई है। मंदिर परिसर में कहीं अव्यवस्था न हो इसके लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और लगातार निगरानी की जा रही है। मंदिर परिसर के भीतर और बाहर पुलिस बल और विशेष रूप से महिला जवानों की तैनाती की गई है। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। इसके अलावा, स्वयंसेवी संस्थाएं और स्काउट-गाइड की टीम भी भक्तों की सेवा में जुटी हैं। भोले की फौज और आरएसएस के द्वारा मंदिर के भीतर सेवा दी जाती है। भोले की फौज के व्यवस्थापक अभिषेक ने बताया पहाड़ी मंदिर के भीतर भीड़ को संभालने में एहम भूमिका रहती है।वही, तीन पालियों में रांची पुलिस के द्वारा निगरानी रखी जाती है। अभिषेक ने बताया सुबह तीन बजे से ही भक्त मंदिर में जलार्पण के लिए पहुंचते हैं। भक्तों के साथ सेवा के लिए भोले की फौज और आरएसएस के वालंटियर भी तैनात रहेंगे हैं।

# जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष का चुनाव 27 जुलाई को अग्रसेन भवन में



- कार्यसमिति की हुई बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय
- महाराजा अग्रसेन भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की कार्यसमिति की एक अहम बैठक शुक्रवार को महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की आमसभा एवं सत्र 2025-27 के लिए अध्यक्ष का चुनाव (रविवार) को महाराजा अग्रसेन भवन में होगा। इस चुनाव को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए अशोक कुमार नारसरिया चुनाव अधिकारी नियुक्त किए गए।

बैठक में कोषाध्यक्ष ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक में जिला महामंत्री विनोद कुमार जैन ने बताया कि 12 जुलाई 2025 को दिन में 3:00 बजे से महाराजा अग्रसेन भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम के संयोजक विकास अग्रवाल है। प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, उद्घाटनकर्ता पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पाड़िया होंगे।

बैठक का संचालन संयुक्त महामंत्री कौशल राजगढ़िया एवं धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष पवन पोद्दार ने किया। ये जानकारी देते हुए मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि बैठक में कमल कुमार केडिया, किशन साबू, नरेंद्र गंगवाल, पवन पोद्दार, विनोद कुमार जैन,पवन शर्मा, विश्वनाथ नारसरिया, मनोज चौधरी, अनिल कुमार अग्रवाल, कौशल राजगढ़िया, प्रमोद सारस्वत, संजय सर्राफ, नंदकिशोर पाटोदिया, नरेश बंका, निर्मल बुधिया, राजेंद्र केडिया, आनंद जालान, मनोज रुईया, प्रमोद बगड़िया, दीपेश निराला, नरेंद्र लखोटिया, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, सौरभ बजाज, रोहित पोद्दार, शैलेश अग्रवाल, अजय खेतान, अजय डीडवानिया, रौनक झुनझुनवाला, अमित बजाज, अमित चौधरी, सुमित महलका, आशीष डालमिया, मनीष लोधा, प्रकाश चंद्र नाहटा, जितेश अग्रवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### सम्मेलन में सौहार्द और संगठन की झलक दिखी

बैठक में मुख्य रुप से उपस्थित झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल को जिला मारवाड़ी सम्मेलन के पदाधिकारियों ने शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन एवं सम्मानित किया। प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने सबों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धनबाद में आयोजित नवम प्रांतीय अधिवेशन के सफल आयोजन के लिए झारखंड के सभी जिलों को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। बैठक में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन में रांची जिला से विभिन्न पदों में शामिल हुए सभी पदाधिकारियों को अंग वस्त्र ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

# हटिया रेलवे स्टेशन पर 25 किलो अवैध गांजा बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

- आरपीएफ हटिया और फ्लाइंग टीम रांची की संयुक्त कार्रवाई में मिली सफलता

आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के दिशा निर्देश में हटिया रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान शाम को प्लेटफॉर्म संख्या-3 पर फुटओवर ब्रिज के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों को तीन पीट्ठू बैग और एक ट्रॉली बैग के साथ बैठे देखा गया। पूछताछ करने पर उनकी पहचान उमेश कुमार और चंद्रदत्त कुमार औरंगाबाद निवासी के रूप में हुई। उनके बैगों की तलाशी लेने पर कुल 25 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। इसकी सूचना तुरंत एएससी आरपीएफ रांची को दी गई। एएससी आरपीएफ रांची के निर्देश पर डीडी किट से परीक्षण करने पर यह गांजा पाया गया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि यह गांजा संबलपुर से लेकर अनुग्रह नारायण रोड पर राकेश कुमार को सौंपना था। बरामद गांजा एवं अन्य सामग्री को कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए जब्त कर लिया गया और दोनों अभियुक्तों को अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए जीआरपीएस हटिया को सौंपा गया। इस संबंध में जीआरपीएस हटिया में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। वहीं, जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 2,50,000 रुपए आंकी गई है।

# कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय एक्टिंग वर्कशॉप शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट एवं एक्टर्स माइंड एक्टिंग स्टूडियो के संयुक्त तत्वावधान में कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को दो दिवसीय 'ड्रामा बड्स' एक्टिंग कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कैंब्रियन पब्लिक स्कूल की प्राचार्या प्रेमलता कुमारी, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, एक्टर्स माइंड एक्टिंग स्टूडियो के निदेशक आकाश दीप ने संयुक्त रूप से किया।इस दो दिवसीय एक्टिंग कार्यशाला में आकाश दीप ने छात्र-छात्राओं को अभिनय की बारीकियों से अवगत कराया।



- आकाश दीप ने विद्यार्थियों को अभिनय की बारीकियों से अवगत कराया

# दिव्यांगों को है शिक्षा व रोजगार पाने का अधिकार : स्वीकृति विनाया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

- पीएलवी पंकज कुमार पिंकु कुमारी व पारवती देवी ने दिव्यांगों को किया जागरूक
- हरमू के राजकीय मूक-बधिर मध्य विद्यालय के छात्रावास में डालसा ने किया कार्यक्रम

दिव्यांगों के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), रांची की टीम ने शुक्रवार को रांची के हरमू स्थित राजकीय मूक-बधिर मध्य विद्यालय के छात्रावास, में दिव्यांगजनों के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। डालसा ने यह आयोजन झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के दिशा-निर्देश पर किया है। इस अवसर पर डालसा टीम के सदस्यों में एलएडीसी सहायक स्वीकृति विनाया, पीएलवी पारवती देवी, पिंकु कुमारी, पंकज कुमार तथा विधि के छात्र-छात्राएं अयान राज, सुमन डाग, बिट्टू कुमारी, खुशी मिश्रा एवं अन्य लोग उपस्थित थे। एलएडीसी सहायक स्वीकृति विनाया व डालसा टीम सर्वप्रथम दिव्यांगजनों से मिली और उनके रहने, खाने-पीने व साफ-सफाई के बारे में समुचित जानकारी ली। विनाया ने कहा कि दिव्यांगों को भी शिक्षा का अधिकार प्राप्त है तथा उन्हें सरकारी नौकरी दिए जाने का भी अधिकार है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए रचनात्मक क्रियाकलाप की आवश्यकता है। दिव्यांगजनों को किसी भी सहायता की आवश्यकता है, तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में अपना आवेदन पीएलवी के माध्यम से दे सकते है। उनके समस्याओं का समाधान कर उन्हें मदद पहुंचाना ही डालसा का उद्देश्य है। उन्होंने दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम-2016 के बारे में वहां के दिव्यांगजनों को बतलाया। कहा कि संविधान के अनुच्छेद-21ए में शिक्षा का अधिकार दिया हुआ है, चाहे समाज के किसी भी तबके के किसी भी तरह के लोग हों, उन्हें निःशुल्क शिक्षा मिलनी ही चाहिए। ज्ञात हो कि डालसा के पीएलवी पंकज कुमार, पिंकु कुमारी व पारवती देवी ने 'साथी' और 'डॉन' अभियान पर फोकस किया। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलनेवाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। ज्ञात हो कि स्वीकृति विनाया ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा) द्वारा चलाई जा रही।



## सकारात्मकता के साथ रहें, हर मुश्किल आसान होगी: चौहान



**नवीन मेल संवाददाता**

**ओरमांझी।** शुक्रवार को ब्लॉक चौक स्थित एसएस प्लस टू विद्यालय में खुशी क्लास का आयोजन हुआ। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी मिशन के तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास की अध्यक्षता व विषय प्रवेश पत्रकार मुन्ना कुमार सिंह ने किया। इसके पूर्व विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी हुआ। पत्रकार मुन्ना कुमार ने कार्यक्रम को गति प्रदान की। उन्होंने बताया कि बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों के बीच भी खुशी क्लास लगाने की जरूरत है। उन्होंने खुशी क्लास की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज के परिवेश में खुशी क्लास सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। खुशी क्लास के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि सिर्फ कैरियर पर फोकस नहीं, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकाश पर ध्यान केंद्रित करें। यह खुशी के साथ ही संभव है। चौहान ने बताया कि सकारात्मकता के गर्भ से खुशी जन्मती है। खुश रहकर ही आप मंजिल को पा सकते हैं, जिंदगी जिंदादिली के साथ जी सकते हैं। इसका कोई विकल्प है ही नहीं। तनाव क्रोध के रूप में बाहर निकलकर हमारे व्यक्तित्व को तहस-नहस कर देती है। तनाव में कोई भी मंजिल पा ही नहीं सकते। इसलिए खुशी के साथ सकारात्मकता को हथियार बना मंजिल फतेह कीजिए।

# घघारी व बाबा वनखंडी धाम में श्रावणी मेला का शुभारंभ

### सावन के पहले दिन हजारों लोगों ने बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना की

**नवीन मेल संवाददाता**

**लापुंग।** प्रकृति की गोद में बसे लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम सहित विभिन्न शिवालयों में श्रावणी मेला को लेकर श्रद्धालुओ. में काफी उत्साह और उल्लास देखा गया। लापुंग प्रखंड के घघारी बाबा धाम, गलगली बाबा धाम तथा बाबा वनखंडी धाम सहित विभिन्न शिवालयों में सावन महीने के पहले दिन श्रावणी मेला का शुभारंभ किया गया। इस दौरान पंचायत समिति सदस्य पूनम टोप्पो समाजसेवी दशरथ तिर्की सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना की और जलाभिषेक कर लोगों ने अपनी और अपने परिजनों सहित सभी लोगों की खुशहाली की कामना किया। घघारी बाबा




धाम में मुख्य पुजारी राजेश पाठक, घघारी बाबा धाम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकमल गोप, कार्यकारी अध्यक्ष राजधन शेखर सिंह, सचिव संजय महतो, कोषाध्यक्ष सेवक सिंह ने अन्य लोगों के साथ मिलकर पूजा अर्चना कर श्रावणी मेला का शुभारंभ किया। इस दौरान खूंटी रांची, लोहरदगा व गुमला जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने घघारी बाबा धाम पहुंच कर धतुरा, बेलपत्र सहित विभिन्न प्रकार के फलों एवं फूलों के साथ पूजा अर्चना किया, नारियल फोड़ा, जलाभिषेक किया।

बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालुओं ने घघारी जलप्रपात में जमुनी नदी के रौद्र रुप का आनंद लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से पुजारी राजकुमार पाठक, राम शंकर पाठक, सीताराम पाठक, मार्कण्डेय दास गोस्वामी, लोधैर पाहन, तीर्थनाथ सिंह, महावीर महतो, शिवनाथ साहु सहित दर्जनों लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं दूसरी ओर समुद्र तल से 2226 फीट की ऊंचाई पर अवस्थित बाबा वनखंडी धाम में पबीरा गांव के विरंची महतो, बुधुवा मुंडा सहित अन्य लोगों की देखरेख में सावन के पहले दिन लोगों ने पूजा अर्चना की।

बड़ी संख्या में सरना-सनातन धर्मावलंबियों ने बाबा वनखंडी धाम में पूजा अर्चना किया। जबकि कातिंगकेला गलगली बाबा धाम, ककरिया, लालगंज, फतेहपुर, दोलैचा, डाडी. और मालगो सहित अन्य गांवों में भी सावन के पहले दिन श्रद्धालुओं में काफी उत्साह और उल्लास देखा गया।

## न्यूज बॉक्स

### वज्रपात से दो पशुओं की मौत





**चान्हो।** रोल पंचायत के ग्राम चलियों के लक्ष्मी देवी की गाय व अमृता देवी का बैल ठनका गिरने से मौत हो गई। ऐसे में अब इस गरीब परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। इस संबंध में पीड़ित परिवार ने मुआवजा की मांग की है।

### शादीशुदा महिला अपने शादीशुदा भतीजे के साथ फरार

**बुढ़मू।** थाना क्षेत्र के बंसरी सेमरटोला गांव से मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। सेमरटोला निवासी एक महिला अपने भतीजा के साथ गुरुवार की देर रात भाग गई। जानकारी के अनुसार नवलकिशोर साहु की पत्नी का प्यार अपने भतीजा सिकंदर साहु से पिछले लगभग दो वर्षों से चल रहा था। परिजनों को जानकारी मिलने के बाद एक सप्ताह पूर्व सामाजिक बैठक कर दोनों को अलग रहने की हिदायत दी गई। इसके बाद भी दोनों का मिलना जारी रहा और गुरुवार की रात्रि दोनों घर से फरार हो गए। विदित हो कि महिला का दो बच्चा हैं वहीं युवक भी शादीशुदा है और उसका भी दो बच्चे है। मामले को लेकर महिला के पति ने थाना में आवेदन देकर दोनों को खोजने की गुहार लगाया है। थाना प्रभारी विनित कुमार ने कहा कि आवेदन मिला है। दोनों के सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

### बिरसा मुंडा की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने के आरोप में एक गिरफ्तार



**सिल्ली।** सिल्ली पिस्का मार्ग पर खापचाबेड़ा के समीप बिरसा मुंडा चौक पर स्थापित बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में एक युवक को मुरी ओपी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है। घटना के संबंध में मुरी ओपी पुलिस को बंसारूली पंचायत के मुखिया लालू राम उरांव की पुत्री रेशमा कुमारी जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार देर शाम वह बगल गांव से अपने मोबाइल फोन चार्ज कर वापस लौट रही थी। इसी क्रम में कलुवाडीह गांव के कई युवकों को बिरसा मुंडा के प्रतिमा के पास खड़े होकर आपस में बात करते हुए देखा था। उसी आधार पर मुरी ओपी पुलिस एक युवक को गिरफ्तार कर पूछ ताछ कर रही है। ज्ञात हो कि प्रतिमा क्षतिग्रस्त की घटना सुनकर सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो भी गुरुवार को घटनास्थल पहुंचे एवं प्रशासन से जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिए। मुरी ओपी प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन चल रही है एवं जल्द से जल्द दोषियों को गिरफ्तार का जेल भेजा जाएगा।

### आजसू नेता के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए सुदेश महतो



सिल्ली। पश्चिम बंगाल पुरुलिया के आजसू पार्टी के दिवंगत प्रखंड सचिव विनय गोस्वामी के श्राद्ध कर्म में गुरुवार को सुदेश कुमार महतो शामिल हुए। वहीं शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत विनय गोस्वामी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। सुदेश कुमार महतो ने दिवंगत के परिजनों से मुलाकात कर शौक संवेदना व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया। कार्यक्रम के उपरांत सुदेश महतो आजसू पार्टी की सहयोगी संस्था 'मानभूम विकास वेलफेयर सोसाइटी' के कार्यालय का भी दौरा किया। उन्होंने वहां संस्था के सदस्यों से मुलाकात की और गतिविधियों की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने कहा विनय आजसू पार्टी के एक जुझारू सिपाही थे। उन्होंने हमेशा समाज और संगठन के हित में संघर्ष किया। आज हम उन्हें याद करते हुए उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लेते हैं। इस मौके पर पंचायत मेंबर राजेश महतो, आईटी सेल कार्तिक महतो, आंचल सचिव मृणाल चंद्र, अनूप गोस्वामी, अजय महतो भागवत महतो, डॉ शि खान, प्रदीप सूत्रधर आदि उपस्थित थे।

### महिला समूहों को ट्रैक्टर, बीज व बतख-चूजा का वितरण



**चान्हो।** प्रखंड के रघुनाथपुर क्लस्टर अंतर्गत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के तत्वावधान में शुक्रवार को वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की उपस्थित हुई। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को ट्रैक्टर, बीज और बतख-चूजा वितरित कर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में अहम योगदान दिया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मो. मोजीबुल्लाह वरिष्ठ कांग्रेस नेता, चटवल पंचायत के मुखिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### ब्राउन शुगर का तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रांची।** गुरुवार को डीआईजी सह एसएसपी को गुप्त सूचना मिली कि सुखदेवनगर थाना अन्तर्गत गंगा नगर रोड नंबर 01 निवासी मोहिनी देवी किराए के घर पर अवैध रूप से मादक पदार्थ (बाउन शुगर) की खरीद बिक्री करती है। सूचना का सत्यापन करने के लिए रांची सिटी एसपी के नियंत्रण में और कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित छापामारी टीम के द्वारा मोहिनी शर्मा उर्फ मोहिनी देवी के घर पर छापामारी कर मोहिनी को पकड़ा गया और घर की तलाशी के क्रम में कमरे से सिल्वर फॉईल मे लपेटा हुआ कुल 50 पुडिया ब्राउन शुगर जिसका वजन करीब 10.10 ग्राम है। साथ ही रियलमी कंपनी का स्मार्टफोन को बरामद किया गया। उसकी निशानदेही पर पहाड़ी मंदिर के पीछे, पानी टकी के पास छापामारी की गई जिसमे क्रमश सुमित तिर्की, पारस कुमार उर्फ गोलु, मो0 इस्माईल, मोहिनी शर्मा उर्फ मोहिनी देवी, एक किशोर को निरुद्ध किया गया।

## आरपीएफ ने जागरूकता अभियान चलाया

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिल्ली/मुरी।** शुक्रवार को श्रावणी मेला को देखते हुए आरपीएफ पोस्ट मुरी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर में ऑपरेशन जन जागरण के तहत यात्री जागरूकता कार्यक्रम प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य रेल यात्रा के दौरान, विशेष रूप से त्योहारों और भीड़भाड़ वाले मौसम में यात्री सुरक्षा और अपराध नियंत्रण के उपाय के बारे में जन जागरूकता को बढ़ावा देना था।कार्यक्रम के दौरान आरपीएफ के उप निरीक्षक पवन कुमार,बसंत मल्लिक,सहायक उप निरीक्षक अजीत कुमार,मंटू जयसवाल,संतोष कुमार,सेवइयां साथ में जीआरपी प्रभारी संतोष कुमार सिंह,उप निरीक्षक कलीमुल्लाह खान ने यात्रियों को हेल्पलाइन नंबर 139,आपात स्थिति,संदिग्ध गतिविधियों, सहायता प्राप्त,चोरी एवं नशीले पदार्थों के सेवन,संदिग्ध वस्तुओं से उत्पन्न खतरे और सुरक्षित यात्रा व्यवहार,अलार्म चैन का दुरुपयोग एवं ट्रेनों में पथराव से होने वाले नुकसान एवं रेलवे अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध के बारे में तथा इस तरह के कृत्यों के दुष्परिणामों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए समझाया गया जिसका यात्रियों ने भरपूर स्वागत किया। इस सत्र में बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों और दैनिकयात्रियों ने भाग लिया एवं आरपीएफ कर्मियों ने पूरी सक्रियता से उनका सहयोग किया।

### शिक्षकों की लापरवाही से दो घंटे तक क्लास रूम में फंसी रही मासूम

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के बरहे स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में शुक्रवार को विद्यालय की छुट्टी होने के बाद पांच साल की एक छात्रा निशिता कुमारी क्लास रूम में दो घंटे तक फंसी रही। बताया जा रहा है कि छुट्टी के बाद हड़बड़ी में शिक्षकों ने छात्रा के बाहर निकलने से पहले ही क्लास रूम में बाहर से ताला बंद कर दिया था। छात्रा के पिता मुनेश गोप के अनुसार, निशिता कुमारी राजकीय मध्य विद्यालय बरहे में कक्षा एक में पढ़ती है। शुक्रवार को तीन बजे छुट्टी होने के बाद काफी देर बाद जब वह घर नहीं लौटी तब परिवार के लोग उसकी खोजबीन करने लगे। लगभग दो घंटे तक उसका कुछ पता नहीं चला।

## महादानी मंदिर से 19 कांवरियों का जत्था तीर्थयात्रा पर रवाना



**बेड़ो।** 15 दिवसीय बाबा बैजनाथ धाम सहित नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर एवं असम के कामख्या मंदिर सहित सिक्किम, पश्चिम बंगाल के तीर्थयात्रा के लिए 19 सदस्यीय कांवरियों एवं श्रद्धालुओं का जत्था रवि सिंह के नेतृत्व में ऐतिहासिक महादानी मंदिर से रवाना हुआ। वहीं दूसरी ओर गंदुर गोप के नेतृत्व में दूसरा जत्था बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। जत्था के तीर्थयात्रियों ने ऐतिहासिक महादानी मंदिर में माथा टेककर रवाना हुआ। पहले जत्थे को पहले विश्व हिंदू परिषद बेड़ो प्रखंड के अध्यक्ष और समाजसेवी शशि टाईगर, बाजार समिति के अध्यक्ष खद्दी उरांव एवं बाबा बजरंगी ने अंग वस्त्र देकर एवं झंडा दिखाकर रवाना किया। जत्था में रवि सिंह, दीपक यादव, किशन बडाईक, मनोज उरांव, उत्तम गोप, राम बड़ाईक, आयुष गोप, विश्वा गोप, जयरू गोप, अशोक बडाईक, दुर्गा गोप, लालमोहन बडाईक, सुरेश बडाईक, राजेश महली, पितांबर गोप, विष्णु ठाकुर, अरुण उरांव, राधे गोप, भुगलू शामिल हैं।

## सरला बिरला स्कूल में कठपुतली शो का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों को स्पिकमैके द्वारा आयोजित एक मनमोहक कठपुतली शो देखने का अनूठा अवसर मिला। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कठपुतली कलाकार श्री पूरन भट्ट ने अपनी टीम के साथ लाइव प्रस्तुति दी। उनकी मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और कठपुतली कला की समृद्ध परंपरा की एक दुर्लभ झलक प्रदान की। शो के दौरान, छात्रों ने कठपुतली कला की जटिल कला के बारे में सीखा, जिसमें विभिन्न प्रकार की कठपुतलियाँ और उन्हें जीवंत बनाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली तकनीकें शामिल थीं। राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, महिलोंग, रांची के छात्रों को भी इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्रों में रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं और भारत के पारंपरिक कला रूपों के प्रति उनकी समझ और प्रशंसा को गहरा करते हैं।

### मकान ध्वस्त होने पर पीड़ित परिवार से मिले विधायक

**सोनाहातू।** प्रखंड के टांगटांग गांव में गुरुवार की रात दुर्योधन पुराण का कच्चा घर गिरने से मलबे में दबकर 24 से अधिक भेड़ की मौत हो गई थी। इसकी जानकारी मिलने पर विधायक अमित महतो टांगटांग गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और नुकसान की जानकारी ली। उन्होंने सोनाहातू सीओ को जल्द जांच प्रतिवेदन अग्रसारित करने के लिए कहा है।

## श्रावणी मेले की तैयारी को लेकर उपायुक्त में आम्रेश्वर धाम का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**




**खूंटी।** जिले में सावन माह की शुरुआत से ही शुक्रवार से श्रावणी मेला प्रारंभ हो गया। शुक्रवार को उपायुक्त आर रॉनिटा बाबा आम्रेश्वर धाम पहुंची एवं आम्रेश्वर धाम में पूजा-अर्चना कर जिलावासियों के सुख, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने श्रावणी मेला की तैयारियों का जायजा लिया साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम का जायजा लेते हुए अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मेला क्षेत्र में स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, शौचालय, तालाब के किनारे बैरिकेडिंग, ट्रैफिक डायवर्जन, पार्किंग की सुविधा एवं भीड़ नियंत्रण जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस के जवानों को सक्रिय होकर मेला अवधि में सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए उपायुक्त ने सुगम यातायात के लिए डायवर्सन रूट का जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की समस्या ना हो इसको लेकर डायवर्सन रूट की अच्छे से मरम्मत से संबंधित कार्यपालक अभियंता को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त आलोक कुमार,अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं अन्य उपस्थित थे।

### इंस्पायर अवार्ड की राशि की जांच शुरू

**पूर्वी सिंहभूम।** कदमा के एडीएल सोसाइटी हाई स्कूल में कक्षा 9 के छात्र आसिफ खान के इंस्पायर अवार्ड की 10 हजार की राशि शिक्षक की ओर से हड़प लेने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। छात्र के पिता अरीफ खान ने बताया कि आसिफ का चयन विज्ञान प्रोजेक्ट के लिए केंद्र सरकार की इंस्पायर अवार्ड योजना में हुआ था, जिसके तहत छात्र के बैंक खाते में 10 हजार रुपये भेजे गए थे ताकि वह मॉडल या प्रोजेक्ट तैयार कर सके। लेकिन छात्र ने आरोप लगाया कि विद्यालय के विज्ञान शिक्षक ने उसे बैंक ले जाकर रुपये निकलवाए और अपने पास रख लिए। इसके बाद विद्यालय की ओर से लगातार दबाव बनाया गया कि ये पैसे जल्द से जल्द जमा कर दो।

## बीडीओ-सीओ ने किया बीज दुकानों का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**कर्रा।** उपायुक्त के निर्देश पर शुक्रवार को कर्रा प्रखंड क्षेत्र के बीज दुकानों में बीडीओ स्मिता नगेशिया एवं सीओ वंदना भारती द्वारा औचक निरीक्षण कर गहन जांच की गई। इस अवसर पर अधिकारियों ने प्रखंड क्षेत्र के लोधमा, गोविंदपुर रोड, कर्रा, बिरदा और गोविंदपुर स्थित खाद-बीज दुकानों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर दुकानदारों से उचित मूल्य में बीजों का बिक्री करने, गुणवत्तापूर्ण बीजों का बिक्री करने, उचित मूल्य में खाद का बिक्री करने का निर्देश दिए। मौके पर स्टॉक रजिस्टर, रेट लिस्ट, बिक्री रसीद एवं लाइसेंस संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच भी किया गया। इस अवसर पर सीओ वंदना भारती एवं बीडीओ स्मिता नगेशिया ने कहा कि किसानों से अधिक मूल्य लेकर बीजों की बिक्री करने वाले दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई की गई जाएगी। उन्होंने कहा कि खाद और बीज की बिक्री निर्धारित दर पर ही की जाए और किसानो को इसका रसीद देना भी अनिवार्य है। साथ ही सभी दस्तावेज अद्यतन रखने और किसानों से पारदर्शिता के साथ व्यवहार करने का निर्देश भी दिए। निरीक्षण के क्रम में कई दुकानों में रिकॉर्ड अधूरे पाए गए, जिसपर सीओ वंदना भारती ने सख्त नाराजगी जताते हुए दुकानदारों को भविष्य में ऐसी लापरवाही नही करने की चेतावनी देते हुए कहा कि आगे इसपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**श्रावणी मेला** ऐतिहासिक महादानी मंदिर में श्रावणी मेला का शुभारंभ

# सावन के पहले दिन हजारों लोगों ने की पूजा अर्चना

- आज होगा विशेष श्रृंगार पूजा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के ऐतिहासिक महादानी मंदिर में शुक्रवार को श्रावणी मेला का भव्य शुभारंभ किया गया। सावन महीने के पहले दिन अहले सुबह से ही कतार में लगकर श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। मंदिर के पुजारी मेघनाथ गिरी, सोनू पंडा सहित अन्य लोगों की देखरेख में श्रावणी मेला का शुभारंभ किया गया। पाल वंश के समय निर्मित ऐतिहासिक महादानी मंदिर में पूजा अर्चना करने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर हर महादेव, बोल बम ताड़क बम, ऊं नमः शिवाय, जैसे उद्घोष से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। धतुरा और बेलपत्र सहित विभिन्न प्रकार के फलों एवं फूलों सहित नारियल फोड़कर विधिवत पूजा अर्चना करने वालों की भीड़ को पुजारियों ने नियंत्रित किया। इस दौरान सावन के पहले दिन ऐतिहासिक महादानी मंदिर में 25वीं श्रृंगार पूजा महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। पहले दिन यजमान विदेशी साहु के द्वारा श्रृंगार पूजा किया गया। श्रृंगार पूजा की देखरेख श्रृंगार पूजा समिति के अध्यक्ष विजय टंडन सहित पुजारियों क्रमशः अशोक पंडित, सोनू पंडित, मेघनाथ गिरी, बाबा बजरंगी ने किया। वहीं शनिवार को श्रृंगार पूजा के दूसरे दिन संजीत कुमार साहु के द्वारा विशेष पूजा अर्चना की जाएगी इस दौरान विशाल भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को देर शाम में भजन कीर्तन संध्या के साथ श्रृंगार पूजा के दौरान विदेशी साहु के पूरे परिवार ने विधिवत पूजा अर्चना की। पहले सत्यनारायण कथा का आयोजन किया गया इसके उपरांत श्रृंगार पूजा किया गया। विभिन्न प्रकार के सुगंधित फूलों से बाबा भोलेनाथ का श्रृंगार किया गया। स दौरान हिंदु जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार रॉय, महादानी सत्संग समिति के पदाधिकारी सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौके पर मौजूद थे। जैसे-जैसे शाम होती गई महादानी मंदिर की रौनक बढ़ती गई। हरि कीर्तन एवं भजन के दौरान मोती लाल गुप्ता, डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता, राजगीर प्रसाद, सुरेन्द्र कुमार, विनोद मेहरा, राजेन्द्र रौनियार, राजेन्द्र प्रजापति, सहित दर्जनों लोगों ने भजन संध्या और कीर्तन के दौरान अपनी भक्ति संगीत से लोगों को खूब झुमाया।

## 64 वें सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता

**रामगढ़।** 64वां सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को हजारीबाग जिला का दबदबा रहा। अंडर 17 बालक और बालिका वर्ग में जबरजस्त खेल का प्रदर्शन करते हुए दोनों वर्ग में जीत हासिल करते हुए फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। अंडर 17 बालिक वर्ग के टीम ने मेजबान रामगढ़ के टीम को कांटे की टक्कर में 1--0 से व अंडर 17 बालिका वर्ग में रामगढ़ के टीम को 3-0 से पराजित कर सीधे फाइनल में अपनी जगह कर ली। जबकि अंडर 15 बालक वर्ग में एक तरफा मुकाबले में 4-1 से पराजित कर फाइनल में पहुंच गई। इससे पूर्व मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम, एडीपीओ नलिनी रंजन व एपीओ कुमार राज ने पुष्प गुच्छ व शॉल भेंट कर स्वागत किया। अतिथियों ने दोनों टीम से परिचय प्राप्त कर गेंद को किक मारकर खेल का शुभारंभ किया।

### शिलाडीह के ग्रामीणों की गूंगी चीख

# जब रास्ता ही नहीं तो विकास किधर से आएगा?

**नवीन मेल संवाददाता**





**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शिलाडीह एक ऐसा गांव जिसे भगवान ने तो प्रकृति से नवाजा, लेकिन सरकार, सांसद व विधायक ने जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों ने मूलभूत सुविधा से वंचित रखा। यहां की सबसे बड़ी विडंबना है कि एकमात्र मुख्य सड़क जो गांव को जीटी रोड से जोड़ती है। यह सड़क अब सड़क नहीं, एक गड्ढों की श्रृंखला बन चुकी है। दो दशक पूर्व बनी यह कच्ची-पक्की सड़क अब धूल, कीचड़ और बदइंतजामी का प्रतीक बन चुका है। बरसात के मौसम में यह सड़क जलमग्न होकर दलदल हो जाता है और गर्मी में धूल के गुबार से सांस लेना दूभर हो जाता है।

**शर्मिंदगी का रास्ता बनकर रह गया यह मार्ग**

जब कोई अतिथि गांव आता है चाहे शादी हो, मैय्यत हो, यज्ञ हो गांव वालों को अपने गांव से नहीं, उस रास्ते से शर्म आती है। एक ओर जहां देश मेट्रो और एक्सप्रेसवे की बात कर रहा है, वहीं शिलाडीह गांव अब भी मूलभूत आवागमन जैसी सुविधा वंचित है। आखिर जनप्रतिनिधियों की चुप्पी क्यों? शिलाडीह की इस दुर्दशा पर सबसे बड़ा सवाल है कहां हैं हमारे सांसद, विधायक और प्रशासन?

क्यों नहीं दिखता उन्हें यह टूटा हुआ रास्ता? यह कोई आज, कल या परसों की टूटी हुई सड़क नहीं है बल्कि दशकों से जर्जर है। ग्रामीणों ने सड़क की दुर्दशा पर कहा कि क्यों हर चुनाव में सिर्फ वादे बनते हैं और चुनाव के बाद यह सड़क फिर टूटे हुए सपनों की तरह छोड़ दी जाती है। क्या हम ग्रामीण इंसान नहीं हैं? क्या हम वोट देने के बाद अपने अधिकार खो देते हैं? या फिर माननीयों से डरे-सहमे रहते हैं जो खुलकर इस सड़क पर बहस नहीं कर सकते। क्या सरकार की "विकास यात्रा" सिर्फ पोस्टर तक ही सीमित है? सड़क के विकास के नाम से पोस्टर तो खूब छपती हैं, लेकिन शिलाडीह का नाम शायद उनके नक्शे में भी नहीं है। यह कोई मामूली मांग नहीं है — यह एक मूल अधिकार है।

सड़क नहीं, तो शिक्षा नहीं।
सड़क नहीं, तो स्वास्थ्य नहीं।
सड़क नहीं, तो रोज़गार नहीं।
सड़क नहीं, तो सम्मान नहीं।

ग्रामीणों ने अब ठान लिया है, अब मौन नहीं आंदोलन होगा। हम हर कार्यालय के दरवाज़े खटखटाएंगे। शांतिपूर्ण जन आंदोलन, धरना से प्रेस तक बात पहुंचेगी।

# पशुपालकों को आत्मनिर्भर बना रही है सरकार : सुधीर मंगलेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड अंतर्गत जमीरा पंचायत भवन परिसर में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 11 जुलाई को एक विशेष वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 14 लाभुकों के बीच चार बकरी एवं एक बकरा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब एवं वंचित पशुपालकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। यह योजना पशुपालन को प्रोत्साहन देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध हो रही है। इस अवसर पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी शशि सिन्हा ने उपस्थित लाभुकों को पशुओं के पालन-पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा नियमित रूप से पशुओं का टीकाकरण और चिकित्सकीय सहायता भी उपलब्ध कराई जाती है। पंचायत की मुखिया अमरु निशा ने लाभुकों को बधाई दी और योजना का समुचित लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की योजनाओं से ग्रामीण महिलाओं को भी आर्थिक मजबूती मिल रही है। मौके पर तौफिक अंसारी, सुनील महतो, बीरेंद्र महतो, जिउवल अंसारी आदि उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने गोला प्रखंड के निरीक्षण के बाद दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने शुक्रवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत गोला प्रखंड का दौरा किया।

इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय गोला का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के माध्यम से आम जनों को मिल रहे लाभ की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने निरीक्षण के दौरान प्रखंड सह अंचल कार्यालय अंतर्गत विभिन्न विभागों के कार्यालयों का भी निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों एवं कर्मियों को दिए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने विभिन्न कारणों से अपनी समस्याओं को लेकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचे आम जनों की समस्याओं को भी सुना एवं उनके निराकरण हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला सुधा वर्मा, अंचल अधिकारी गोला समरेश कुमार भंडारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# विधायक ने जानकी यादव व नरेश वर्मा को दी बधाई




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ विधायक ममता देवी और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बजरंग महतो ने सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और आम लोगों के साथ बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी यादव को झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेश वर्मा को आयोग का सदस्य मनोनीत किए जाने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक ममता देवी ने कहा कि यह नियुक्ति झारखंड में सामाजिक न्याय, समावेश और अधिकार आधारित राजनीति की दिशा में एक सार्थक कदम है। कहा कि जानकी यादव लंबे समय से सामाजिक, राजनीतिक और ग्रामीण विकास के मुद्दों पर संघर्ष करते रहे हैं। विधायक रहते हुए उन्होंने हमेशा गरीब, वंचित, पिछड़े वर्गों और ग्रामीण जनता की आवाज को मजबूती से उठाया। उनके व्यक्तित्व में स्पष्टता, दृढ़ता और समाज के प्रति प्रतिबद्धता की झलक मिलती है।

वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेश वर्मा ने भी दशकों से सामाजिक चेतना और संगठनात्मक मजबूती के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके अनुभव और समर्पण से आयोग को मजबूती मिलेगी।

शुभकामना देने पहुंचे जन प्रतिनिधियों ने आशा व्यक्त किया कि इन दोनों नेताओं के नेतृत्व में झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग एक सशक्त, सक्रिय और जनपक्षीय संस्था के रूप में कार्य करेगा और समाज के वंचित एवं उपेक्षित वर्गों को न्याय, सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगा।

## विधायक की पहल पर पार्थिव शरीर पहुंचा कलहाबाद



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कलहाबाद निवासी अशोक यादव 42 वर्ष, पिता बबुनी यादव की मौत दो दिन पूर्व मुबंई के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई थी। मृतक अपने पीछे पत्नी समेत तीन बच्चों को छोड़ चले गये ।इसकी सूचना कलहाबाद निवासी समाजसेवी छोटेलाल प्रसाद मेहता ने विधायक को दिया। तत्पश्चात विधायक ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया साथ ही उन्होंने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची से पार्थिव शरीर को पैत्रिक गांव ले जाने के लिए निजी खर्च से एम्बुलेंस द्वारा उसके निवास स्थान भेजने का कार्य किया। इस नेक कार्य करने के लिए ग्रामवासियों सहित प्रवासी मजदूरों नें विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। वही विधायक श्री यादव ने भगवान से इस दुख की खड़ी में परिवार वालो को सहन शक्ति देने की कामना की।

### सीबीएसई क्लस्टर-III फुटबॉल टूर्नामेंट में सभी टीमों का शानदार प्रदर्शन

# सच्चा खिलाड़ी अपने आचरण में भी खेल भावना दिखाता है : डॉ लकड़ा

- खेल हमारे जीवन में सहभागिता, आत्मसम्मान और आत्मविश्वास का निर्माण करता है: बीएन साह



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा आयोजित सीबीएसई क्लस्टर - III फुटबॉल टूर्नामेंट छावनी परिषद फुटबॉल ग्राउंड में खेला गया। टूर्नामेंट के दूसरे दिन भारी बारिश के बीच सभी टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया।

शुक्रवार को 13 टीमों ने मैच खेला। अंडर -19 में 5 मैच, अंडर-17 में 6 मैच और अंडर - 14 में 2 मैच खेला गया। इस मैच में अंडर -19 से विद्या भारती चिन्मया स्कूल, सेंट जॉन स्कूल रांची, डीबीएमएस हाई स्कूल कदमा, ट्रिनिटी ग्लोबल स्कूल पटना, अंडर- 17 में विद्या विहार रेसिडेंशियल स्कूल, काशीडीह हाई स्कूल, द त्रिभुवन स्कूल, रॉयल प्रोग्रेसिव स्कूल विजेता रहे।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा मुख्य रूप से उपस्थित थी। मौके पर डॉ आशा लकड़ा ने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलते हुए बेहतर से बेहतर प्रदर्शन करें, यही हमारी शुभकामना है। विजेता टीम के छात्र दिलीप कुमार ने मैच जीतने पर काफी गर्व महसूस किया और उन्होंने कहा कि राधा गोविंद विश्वविद्यालय की विधिव्यस्था बहुत ही अच्छी है और इतने भारी बारिश के बावजूद भी मैच जीतकर हमें बहुत खुशी हुई।

कुलाधिपति बीएन साह ने कहा खेल हमारे जीवन में सहभागिता, आत्मसम्मान और आत्मविश्वास का निर्माण करता है। सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न और आवश्यक हिस्सा है।

मौके पर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ सुजीत कुमार मोहंती, राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो डॉ निर्मल कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक प्रो डॉ अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, डॉ संजय सिंह,सभी विभागों के व्याख्यातगण, शिक्षकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।




## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ़ ।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर शुक्रवार को सदर अस्पताल में सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद द्वारा विश्व जनसंख्या नियंत्रण जागरूकता सह अभियान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन ने सभी सहियाओं से कहा कि आपके माध्यम से इस कार्यक्रम को पटल पर सही ढंग से उतारा जा सकता है। एक नियंत्रित जनसंख्या देश, राज्य, जिला के विकास के अहम भूमिका निभाता है। जिला कुष्ठ निवारण पराधिकारी डॉ तूलिका रानी ने कहा कि सहिया का सीधा संपर्क आम जनमानस से रहता है और वे सही रूप से लोगों को जनसंख्या नियंत्रण संबंधी सभी उपायों के बारे मे बता कर इस अभियान को सफल बना सकती है।

**अंडरस्टैंडिंग लीगल** | यूएलसी में अंडरस्टैंडिंग लीगल रिसर्च पर हुआ कार्यक्रम

# शोध के लिए 'एससीसी ऑनलाइन' का करें उपयोग: खुशी कल्याणी

- 'एससीसी ऑनलाइन' सुप्रीम कोर्ट के मामलों का एक विश्वसनीय डेटाबेस है।

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज में शुक्रवार को 'अंडरस्टैंडिंग लीगल रिसर्च' विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज की प्राचार्य डॉ रश्मि प्रधान ने किया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता हृदयतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रायपुर की खुशी कल्याणी गौतम ने विस्तर से विधि के अध्ययन के अंतर्गत शोध की संभावनाओं की जानकारी दी। उन्होंने पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के अंतर्गत आकर्षक स्लाइड से अपने प्रस्तुति को बहुत रोचक बनाया।

उन्होंने बताया कि वर्तमान दौर में विधि के बदलते आयाम के साथ-साथ इस क्षेत्र में निरंतर और व्यापक शोध हो रहे हैं। सुश्री खुशी ने इस मौके पर शोध के लिए विषयों के चयन के महत्व को भी रेखांकित किया। उद्देश्यों की स्पष्टता की बात कही।

खुशी ने 'एससीसी ऑनलाइन' के विषय में विस्तार से जानकारी दी। बताया की एससीसी का मतलब है सुप्रीम कोर्ट केसेस। उन्होंने बताया कि 'एससीसी ऑनलाइन' सुप्रीम कोर्ट के मामलों का एक विश्वसनीय डेटाबेस है। बताया कि इसमें भारतीय न्यायालय के मामलों के साथ-साथ विदेशी तथा अंतर्राष्ट्रीय विधि से संबंधित मामलों पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध रहती है। इसमें भारत के विधानसभाओं एवं संसद में पारित विधेयकों के साथ-साथ द्विपक्षीय संधियों से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध रहती है। उन्होंने बताया की शोध के लिए यह अत्यंत उपयोगी साइट है।

इस आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाते हुए महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ लक्ष्मी सिंह ने विषय प्रवेश किया। उन्होंने बताया की विधि महाविद्यालय की यह कोशिश रहती है कि समय-समय पर अलग-अलग क्षेत्र के वक्ताओं को आमंत्रित कर महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी विद्यार्थियों से साझा करवाई जाए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने वक्ता सुश्री खुशी कल्याणी गौतम से कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

## न्यूज बॉक्स

### सीएचसी बरकट्ठा में परिवार स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन



**बरकट्ठा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में विश्व जनसंख्या दिवस पर परिवार स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख रेणु देवी ने किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से उपप्रमुख सुरजी देवी, चिकित्सा पदाधिकारी रत्ना रानी कुंज, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदूश अंसारी, स्वास्थ्य मंत्री सह पंसस युसुफ अंसारी मौजूद थे। मौके पर प्रमुख रेणु देवी ने उपस्थित सहिया और सेविकाओं को डोर टू डोर जाकर जनसंख्या दिवस पर चलाए जा रहे कार्यक्रम के विषय में जागरूक करने का दिशा निर्देश दिया। साथ ही बढ़ रही जनसंख्या के कारण होने वाले समस्यायों से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने हम दो हमारे दो के नारों को अपनाने की अपील की। वहीं चिकित्सा प्रभारी ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए सरकार द्वारा कई तरह के कार्यक्रम और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। लोगों को इसका लाभ लेना चाहिए। कार्यक्रम में प्रधान लिपिक सोनी दास, बीपीएम रंजीत कुमार, भावेश सिंह, पंकज कुमार, सुधीर कुमार, ज्ञानी प्रसाद समेत आदि स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य कर्मियों व सहियाओं को किया गया सम्मानित



**बरही ।** विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने किया। मौके पर जिले से आए डॉ. रंजन, सीएचओ, एएनएम, बीटीटी और सहिया उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान पिछले वर्ष उत्कृष्ट कार्य करने वाली छह सहियाओं व स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया गया। साथ ही गैर-संक्रामक रोग कार्यों में बेहतर प्रदर्शन के लिए दो सीएचओ और दो एएनएम को पुरस्कार प्रदान किए गए। डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि आगामी वर्ष में भी अच्छे कार्य करने वालों को इसी तरह से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत स्थायी जैसे नसबंदी और अस्थायी जैसे गर्भनिरोधक साधन उपायों की विस्तृत जानकारी भी सभी को दी। कार्यक्रम में विशेष रूप से उल्लेख किया गया कि चंचला देवी करियातपुर ने 12 बंध्याकरण, सरिता देवी डूमरडीह ने 10, आरती देवी बदरबेला ने 8, उषा देवी डपोक ने 12, सुमन देवी धमना ने 9 तथा मंजू देवी गारूकुरहा ने भी उल्लेखनीय कार्य किया है। डॉ. ज्ञानी ने इन सभी सहियाओं की सराहना करते हुए कहा कि ये महिलाएं ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं और इनका योगदान प्रशंसनीय है। कार्यक्रम के अंत में सभी को आने वाले दिनों में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर बीपीएम नारायण राम, प्रधान लिपिक पंकज कुमार आजाद, सुधांशु शेखर, बैम प्रमोद श्रीवास्तव, एएनएम विभा कजमरी, कुमारी संजू रानी, सोनी कुमारी, ज्योति कुमारी, बीटीटी रीना वर्मा, रीमा पाण्डेय, निशि कुमारी, विद्या देवी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### स्पेशल ट्रेन को विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**हजारीबाग।** हजारीबाग टाउन से बाबा धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को दक्षिण पूर्व रेलवे ने सौगात दिया है। हजारीबाग टाउन स्टेशन से होकर श्रावणी स्पेशल ट्रेन चलने लगी है। गुरुवार की देर रात सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया। रेलवे ने सावन माह के पहले दिन रांची और भागलपुर के बीच श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन संख्या 08646/08645 का संचालन प्रारंभ किया है। इस विशेष ट्रेन का ठहराव हज़ारीबाग टाउन स्टेशन एचजेडबीएन पर दोनों दिशाओं में सुनिश्चित किया गया है, जो देवघर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ी सुविधा है। ट्रेन संख्या 08646 रांची से भागलपुर हर रविवार, मंगलवार और गुरुवार को चलेगी, जो हज़ारीबाग टाउन स्टेशन पर सुबह 2:40 बजे पहुंचगी और 2:45 बजे प्रस्थान करगी। वहीं, ट्रेन संख्या 08645 भागलपुर से रांची हर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को चलगी, जो रात 10:25 बजे हज़ारीबाग टाउन पहुंचगी और 10:30 बजे रवाना होगी । यह विशेष सेवा 10 जुलाई से 11 अगस्त 2025 तक जारी रहेगी। इस अवसर पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता, कटकमसांडी पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, कौलेश्वर रजक, विनोद सिहं, जिप सदस्य प्रतिनिधि मनीष ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि अशोक राणा, सुमन राय, प्रमेश्वर यादव, रामअवतार शर्मा, बिरजू रवि, राजेश यादव, राजेश ठाकुर, शशि ठाकुर आदि मौजूद थे।

### भूमि विवाद में मारपीट, 80 वर्षीय बुजुर्ग घायल

**बरही।** बरही के रालो गांव में भूमि विवाद को लेकर मारपीट हुई। मारपीट में बुजुर्ग भातु महतो उम्र 80 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। घायल भातु महतो ने बरही थाना में आवेदन दिया है जिसमें तीन लोगों पर गाली-गलौज और मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। अपने आवेदन में बताया है कि उनकी खतियानी जमीन पर जबरन कब्जा करने की नीयत से आरोपी जेसीबी मशीन से खुदाई कर रहे थे। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई। हल्ला गुल्ला सुनकर उनका पुत्र विजय कुमार यादव और पत्नी मौके पर पहुंचे, तो उनके साथ भी गाली गलौज और मारपीट की गई। भातु महतो ने आरोप लगाया है कि जेसीबी चालक उनकी पत्नी को मशीन के बकेट में डालकर गांव से बाहर ले जाने की कोशिश कर रहा था। आरोपी पक्ष ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिलाओं के बीच छाता का वितरण

**रामगढ़।** भारत विकास परिषद के सदस्यों ने शुक्रवार को रामगढ़ शहर के वार्ड नंबर 8 कुम्हार टोला में 72 गरीब महिलाओं के बीच छाता का वितरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिव्या कुमारी ने और संचालन शंकर वर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के सचिव मनमोहन सिंह लांबा शामिल हुए और अपने हाथों से महिलाओं के बीच बरसात से बचाव के लिए छाता का वितरण किया।



- **शुरुआत का सफर :** 2016 में सूरज स्वयं सहायता समूह से जुड़कर वैकल्पिक आजीविका की ओर कदम बढ़ाया।
- **स्थानीय अवसर की पहचान :** क्षेत्र में सरसों की अधिक पैदावार थी, लेकिन तेल निकालने की सुविधा नहीं थी।
- **प्रेरणा और प्रशिक्षण :** 2018 में तोरपा ब्लॉक में महिला उद्यमी से प्रेरणा मिली।

# सफलता की कहानी: महिलाओं के लिए मिसाल बनीं सुनीता देवी

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत खिजुरटांड़ गांव की रहने वाली सुनीता देवी ने सरसों तेल मिल स्थापित कर यह साबित कर दिया कि ग्रामीण महिलाएं भी सही मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता के साथ सफल उद्यमी बन सकती हैं। खेती और दिहाड़ी मजदूरी के सहारे चलने वाले परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के उद्देश्य से उन्होंने 2016 में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के तहत सूरज स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आजीविका के वैकल्पिक रास्ते की ओर कदम बढ़ाया। ठेठईटांगर क्षेत्र में सरसों की भरपूर पैदावार होती है, लेकिन तेल निकालने की कोई स्थानीय सुविधा नहीं थी, जिससे किसान अपनी उपज का लाभ नहीं उठा पाते थे। 2018 में स्टार्टअप विलेज एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम के तहत गैर-कृषि उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित प्रशिक्षण यात्रा के दौरान उन्होंने खूंटी के तोरपा ब्लॉक में एक महिला द्वारा संचालित सरसों तेल यूनिट देखा, जिससे प्रेरित होकर उन्होंने अपने गांव में सरसों तेल मिल शुरू करने का निश्चय किया। समूह की मदद से उन्हें सामुदायिक उद्यम निधि से 35,000, समूह से 10,000 और स्वयं के योगदान से 20,000 की पूंजी जुटाकर कुल 65,000 की लागत से कोल्ड-प्रेस्ड सरसों तेल मिल स्थापित की। उत्पादन शुरू करने के बाद उन्होंने गुणवत्ता, पैकिंग और ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान दिया और आज प्रतिदिन 30–40 लीटर तेल का उत्पादन कर हर माह 35,000–45,000 की आय अर्जित कर रही हैं, जिसमें 10,000–12,000 शुद्ध लाभ होता है। उप-उत्पाद के रूप में खली बेचकर अब तक 1 लाख से अधिक की अतिरिक्त आय हुई है। अब वह बड़ी बिजली चालित मशीन खरीदने, तेल को दुकानों और ऑनलाइन माध्यम से बेचने की योजना बना रही हैं। सुनीता देवी आज ग्रामीण महिला सशक्तिकरण की जीती-जागती मिसाल बन चुकी हैं।

# नीति से सेवा तक का आकलन करने सिमडेगा पहुंचे केंद्रीय अधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भारत सरकार की "नीति से सेवा तक" पहल के अंतर्गत खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के अधिकारियों अवर सचिव सुशील कुमार तथा सहायक अनुभाग पदाधिकारी योगेश कुमार द्वारा सिमडेगा आकांक्षी जिला का दौरा कर विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। दौरे की शुरुआत भारतीय खाद्य निगम के सिमडेगा भंडार केंद्र के निरीक्षण से हुई। इसके उपरांत परिसदन, सिमडेगा में झारखंड राज्य आजीविका मिशन की दीदियों द्वारा पारंपरिक विधि से अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के बाद परियोजना से संबंधित प्रस्तुतीकरण के माध्यम से भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जिले में क्रियान्वयन की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित भारत सरकार के ऑनलाइन शिकायत पोर्टल पर प्राप्त एक शिकायत के समाधान हेतु संबंधित आवेदक से सीधा संवाद किया गया एवं उसका त्वरित निष्पादन भी किया गया। साथ ही, अधिकारियों ने आम नागरिकों से आग्रह किया कि यदि खाद्य आपूर्ति से संबंधित कोई भी शिकायत हो तो वे सीपीग्राम के माध्यम से समाधान प्राप्त करें और अन्य राशन कार्डधारकों को भी इसकी जानकारी दें।



### धान अधिप्राप्ति योजना की समीक्षा

धान अधिप्राप्ति योजना की समीक्षा के तहत मेरोमडेगा लैंपस का दौरा किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिप्राप्ति केंद्र की संरचना, खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति की मात्रा एवं गुणवत्ता से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान लैंपस अध्यक्ष एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी से भी चर्चा की गई।

### जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण

ग्रामीण क्षेत्र में ठेठईटांगर प्रखंड स्थित रजनीकांत के जन वितरण प्रणाली दुकान टुकूपानी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में लाभुकों से संवाद स्थापित किया गया एवं उन्हें खाद्यान्न वितरित किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत मिलने वाले लाभों की जानकारी दी गई।इसी प्रकार, शहरी क्षेत्र के गुफरान परवेज के जन वितरण प्रणाली दुकान, सिमडेगा का भी निरीक्षण किया गया। वहाँ भी लाभुकों को खाद्यान्न वितरण कर उन्हें योजनाओं से अवगत कराया गया।

### गोदाम निरीक्षण एवं संरचना की समीक्षा

झारखंड राज्य खाद्य निगम, सिमडेगा के गोदाम का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों ने खाद्यान्न की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था, आधारभूत संरचना एवं अन्य उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। जन वितरण प्रणाली एवं गोदाम संचालन में आने वाली कठिनाइयों को लेकर संबंधित कर्मियों से जानकारी लेकर उनके निराकरण का आश्वासन भी दिया गया।दौरे के अंत में अधिकारियों ने बताया कि सिमडेगा जिले में भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन संतोषजनक एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जा रहा है।कार्यक्रम में भारतीय खाद्य निगम, मंडल कार्यालय के अमित कुमार, नगीना कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अरुणा कुमारी, अंचलाधिकारी सिमडेगा, कोलेबिरा, ठेठईटांगर सहित जिला आपूर्ति शाखा के कर्मी उपस्थित थे।

## यू डायस प्लस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**कोलेबिरा।** प्रखण्ड स्थित बीआरसी कार्यालय सभागार में प्रखंड स्तरीय यू डायस प्लस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई।जिसमें प्रखंड में संचालित सभी कोटि के विघालय सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त/निजी विघालय सभी ने भाग लिया। प्रशिक्षण थैरेपिस्ट जयप्रकाश सिंह के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित सभी प्रधानाचार्ययों और शिक्षकों को यू डाइस प्लस के तीन मॉड्यूल स्टूडेंट माड्यूल,टीचर मॉड्यूल और प्रोफाइल फैसिलिटी के बारे में बताया गया। साथ ही यू डाइस प्लस पोर्टल को फिलप करने की भी जानकारी दी गई।मौके पर बीआरसी बीपीओ नीलिमा कुजूर,थैरेपिस्ट जयप्रकाश सिंह,एमडीएम ऑपरेटर गोविंद सिंह,ब्लॉक एम आइ एस नीलम कुमार नायक,प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## सहायक अध्यापकों को दिया गया प्रशिक्षण

**बानो।** एसएस प्लस टू बानो के सभागार में प्रखंड अंतर्गत सहायक शिक्षकों का प्रसस्त ऐप का शुक्रवार को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में सभी बच्चों का रजिस्ट्रेशन करते हुए दिव्यांग बच्चों को चिन्हित किया जाना है जिसके तहत उन्हें सभी तरह के सरकारी उपकरण तथा सरकारी सुविधाओं देनी है। जिन बच्चों का दिव्यांग सर्टिफिकेट नहीं बन पाया है उन्हें चिन्हित कर सर्टिफिकेट दिलाया जाएगा। इसके अलावा एनआईएलपी के तहत उल्लास एप निरक्षर व्यक्तियों को चिन्हित कर रजिस्ट्रेशन करना है तथा उन्हें बीटी का चयन कर 10 निरक्षरों को साक्षर करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर जॉन बा ,सुनील बागे ,चंद्रमोहन साहू,प्रेमकिशोर नायक थे ।इस प्रशिक्षण को मुख्य रूप से बाल गोविंद पटेल, बीपीएम विकास कुमार की मौजूदगी में दी गई.मौके पर मनोज भगत,केदारनाथ सिंह ,स्मिथ कुमार सोनी, सहितप्रशिक्षण में सैकड़ो शिक्षकों ने प्रशिक्षण लिया।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल



**केरसई।** झारखंड मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने केरसई प्रखंड का दौरा किया और टैसेर पूर्वी पंचायत अंतर्गत गट्टीकछार से मकरघरा तक बनी सड़क का निरीक्षण किया। उनके साथ पंचायत की मुखिया अगस्ता डुंगडुंग भी मौजूद थीं। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क मात्र दो माह पूर्व ही ठेकेदार कमलेश सिंह द्वारा बनाई गई थी, जिसे आर्य विभाग द्वारा स्वीकृत किया गया था, लेकिन अब इसकी स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि इस मार्ग पर पुल की सुविधा नहीं है, जिससे आमजन को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि इस मार्ग से सैकड़ों छात्र-छात्राएं, ग्रामीण और बीमार लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं, लेकिन पुल नहीं होने से बरसात के समय यह रास्ता दुर्घटना का कारण बन जाता है।मुखिया अगस्ता डुंगडुंग ने कहा कि इस समस्या को लेकर कई बार जिला प्रशासन को लिखित आवेदन दिया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर पुल निर्माण या समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो ग्रामीण जनता सड़क पर उतरकर ठेकेदार और प्रशासन के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करेगी।

### साइबर सुरक्षा पर एसपी व डीएसपी ने छात्रों को किया जागरूक

**सिमडेगा।** डीएवी पब्लिक स्कूल, सिमडेगा में शुक्रवार को साइबर सुरक्षा पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सिमडेगा जिले के पुलिस अधीक्षक मोहम्मद अर्शी तथा उप पुलिस अधीक्षक रणवीर सिंह ने कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और इनमें आम लोग भी बड़ी आसानी से शिकार बन जाते हैं। अतः जरूरी है कि सभी लोग डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते समय सतर्क और जागरूक रहें।पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे सोशल मीडिया, मोबाइल ऐप्स और इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करें तथा संदिग्ध लिंक, अंजान कॉल या मैसेज से बचें। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थी स्वयं तो सतर्क रहें ही, साथ ही अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी साइबर अपराध से बचाव के बारे में जानकारी दें।कार्यशाला में विद्यार्थियों ने अतिथियों द्वारा दिए गए सुझावों को गंभीरता से सुना और कई सवाल भी पूछे, जिनका अधिकारियों ने सरल भाषा में जवाब दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सुजय कुमार मिश्रा सहित कई शिक्षक एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे। कार्यशाला के अंत में प्राचार्य ने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को सुरक्षित डिजिटल नागरिक बनने में मददगार सिद्ध होते हैं।

### नाबालिक के साथ 3 वर्षों से शारीरिक संबंध कर गर्भवती करने वाले आरोपी को भेजा जेल



**कुरडेग।** कुरडेग थाना की पुलिस ने नाबालिक किशोरी के साथ शादी की झांसा देकर लगातार 3 वर्षों से शारीरिक संबंध बनाने एवं गर्भवती करने के आरोप में नामजद आरोपी दिलेश्वर नायक उर्फ रिपु को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया ।इस संबंध में सिमडेगा पुलिस अधीक्षक एम अर्शी के द्वारा शुक्रवार को कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि 10 जुलाई को थाना में आकर प्रीत के परिजनों के द्वारा शिकायत की थी ।उनकी नाबालिक बेटी के साथ दिलेश्वर नायक नामक युवक के द्वारा शादी की झांसा देकर लगातार 3 वर्षों से शारीरिक संबंध बनाकर गर्भवती की है और इसी मामले में मामला दर्ज करते हुए पोक्सो एक्ट के तहत अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से पुलिस उपाधीक्षक रणवीर सिंह ,थाना प्रभारी संजीत कुमार सब इंस्पेक्टर धनंजय कुमार उपस्थित थे।

### सत्ता के दबाव में सर्किट हाउस का हो रहा दुरुपयोग : आसपा

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला के सर्किट हाउस को लेकर राजनीतिक विवाद गहराता जा रहा है। आजाद समाज पार्टी ने सर्किट हाउस के मीटिंग हॉल को उपलब्ध नहीं कराने के मामले में प्रशासन पर सत्ता के दबाव में काम करने का आरोप लगाया है। पार्टी के जिलाध्यक्ष पंकज टोप्पो ने कहा कि दो दिन पहले सर्किट हाउस प्रभारी एवं बीडीओ समीर रोनियार से बैठक कक्ष मांगा गया था, लेकिन उन्होंने यह कहकर मना कर दिया कि स्थानीय लोगों के लिए कोई गाइडलाइन नहीं है।" इस पर सवाल उठाते हुए पंकज टोप्पो ने कहा कि दो दिन पूर्व झारखंड मुक्ति मोर्चा को मीटिंग हॉल उपलब्ध कराया गया था, और उस बैठक में भी स्थानीय लोग ही शामिल थे। ऐसे में दोहरी नीति अपनाकर आजाद समाज पार्टी को रोका जाना सत्ता के दबाव में लिया गया निर्णय प्रतीत होता है। पार्टी ने ऐलान किया है कि सोमवार को वे उपायुक्त से मिलकर लिखित शिकायत देंगे और मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को इस पूरे प्रकरण से अवगत कराएंगे। जिलाध्यक्ष ने चेतावनी दी।

### 'मेरा युवा भारत' जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित, दी गई जनसंख्या नियंत्रण की सीख

**सिमडेगा।** विश्व जनसंख्या दिवस पर शुक्रवार को "मेरा युवा भारत", युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गोस्सनर इंटर कॉलेज, सिमडेगा में एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को जनसंख्या वृद्धि से उत्पन्न सामाजिक और आर्थिक समस्याओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्राचार्य शीतल एक्का ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह, महिलाओं की शिक्षा में रुकावट और सामाजिक असमानताएं जनसंख्या वृद्धि के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे समाज में जागरूकता फैलाएं और जिम्मेदार नागरिक के रूप में जनसंख्या नियंत्रण अभियान में सहभागी बनें। इस अवसर पर एक निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में सोनाली डुंगडुंग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं प्रिंसिला कुमारी द्वितीय और अमृता माला कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य शीतल एक्का द्वारा सम्मानित किया गया।

## सदर अस्पताल परिसर में हुआ पारिवारिक स्वास्थ्य मेला



**नवीन मेल संवाददाता**

- सिविल सर्जन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया
- जनसंख्या नियंत्रण के महत्व को उजागर करना और जनजागरूकता बढ़ाना

**सिमडेगा।** विश्व जनसंख्या दिवस पर सिमडेगा सदर अस्पताल परिसर में शुक्रवार को पारिवारिक स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन सिविल सर्जन एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण के महत्व को रेखांकित करना और आम लोगों को इसके उपायों के प्रति जागरूक करना था। सिविल सर्जन ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस मनाने की शुरुआत वर्ष 1998 से हुई थी और तब से लेकर अब तक विश्व की जनसंख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। यदि समय रहते जनसंख्या नियंत्रण के उपाय नहीं किए गए, तो भविष्य में इसका दुष्प्रभाव देश की सामाजिक, आर्थिक और प्राकृतिक संरचना पर पड़ सकता है।उन्होंने जिले के सभी सहिया और स्वास्थ्य कर्मियों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र में सक्रियता से जनसंख्या नियंत्रण के प्रति जागरूकता अभियान चलाएं और लोगों को स्थायी एवं अस्थायी उपायों की जानकारी दें। कार्यक्रम के दौरान बेहतर कार्य करने वाले कई सहिया एवं स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मानित भी किया गया। जनसंख्या नियंत्रण के संदेश को आमजन तक पहुंचाने के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर सदर अस्पताल के चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी, एएनएम ट्रेनिंग स्कूल की छात्राएं एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि एक संतुलित जनसंख्या ही देश के समग्र विकास की आधारशिला हो सकती है।

### ग्राम सभा में अवैध महुआ शराब निर्माण नहीं करने का लिया गया निर्णय

**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के पबुड़ा पंचायत अंतर्गत निमतुर गांव में ग्राम सभा की बैठक ग्राम सभा अध्यक्ष रामकिशोर सिंह की अध्यक्षता में की गई। बैठक में काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए ।बैठक में अवैध महुआ शराब निर्माण नहीं करने का निर्णय लिया गया तथा जो भी निर्णय के विरुद्ध अवैध महुआ शराब का निर्माण करेगा उसके लिए दंड का प्रावधान आम जनों के द्वारा तैयार किया गया ।उन्होंने कहा कि नशा नाश का जड़ है। नशा के कई दुष्प्रभाव हैं नशा के कारण कई घर टूट जा रहे हैं आए दिन लड़ाई झगड़ा हो रहे हैं । मौके पर चैतु सिंह,कृष्णा सिंह,रामेश्वर सिंह,मुकरू सिंह, लालदेव सिंह,बरजो सिंह,सुगर समद,पास्कल सोरेंग के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट ने पीएम के नाम डीडीसी को सौंपा ज्ञापन

# जनसंख्या नियंत्रण कानून जल्द लागू हो

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट एवं जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के तत्वावधान में शुक्रवार को प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन उपविकास आयुक्त दीपांकर चौधरी को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को जल्द लागू करने की मांग की।ज्ञापन सौंपते हुए राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के जिलाध्यक्ष घनश्याम सिंह ने कहा कि देश में तेजी से बढ़ती जनसंख्या एक गंभीर समस्या बन चुकी है। जनसंख्या विस्फोट और असंतुलन के कारण सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं, जिन्हें नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार को जल्द से जल्द जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर लागू करना चाहिए।वहीं जिला संयोजक अनुप प्रसाद ने कहा कि देश में समान नागरिक संहिता की आवश्यकता अब और अधिक महसूस की जा रही है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है, जहां समान नागरिक संहिता लागू की गई है, और अब इसे पूरे देश में लागू किया जाना चाहिए, ताकि सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।इस अवसर पर संगठन की महिला जिलाध्यक्ष माग्रेट बा, तुलसी साहू, दुर्गविजय सिंहदेव, रामविलास बड़ाईक, अनिरुद्ध सिंह, उपेंद्र श्रीवास्तव, रवि वर्मा एवं कृष्णा महतो सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जीईएल चर्च में ऑटोनोमस दिवस पर हुआ रंगारंग आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** बानो के जीईएल चर्च में ऑटोनोमस दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विशेष आराधना और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व बिशप रेवरेंड जोसेफ सांगा उपस्थित रहे। 106 वर्ष पूर्व 10 जुलाई 1919 को रांची क्राइस्ट चर्च में जीईएल चर्च को स्वायत्त घोषित किया गया था, उसी ऐतिहासिक दिन की स्मृति में यह दिन हर वर्ष मनाया जाता है। आयोजन में मेंढक रेस, चम्मच रेस, घड़ा फोड़, दौड़, मुर्गा लड़ाई जैसे पारंपरिक खेलों में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बालिका अर्चना मुंडू, अनुपम समद, हेमंत लुगुन, नैंसी बागे, शीतल लुगुन, प्रियंका कंडुलना, एंजेल तोपनो, प्रवीण बरला सहित अनेक प्रतिभागियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया और पुरस्कार प्राप्त किए ।कार्यक्रम का सफल संचालन मैकलिन लुगुन एवं रेशमा लुगुन ने किया।

**विश्व जनसंख्या दिवस** | कोलेबिरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार कल्याण पखवाड़ा का आयोजन

# कम बच्चे, छोटा परिवार यही है प्रगति का आधार : बीडीओ

- 11 से 31 तक, जनजागरूकता गतिविधियां पूरे प्रखंड में चलेंगी

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को विश्व जनसंख्या दिवस सह परिवार कल्याण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कृष्णकांत शर्मा, प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम और प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया तथा जनसंख्या जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम ने कहा कि परिवार नियोजन अपनाओ, जीवन में खुशहाली लाओ का संदेश हर घर तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा कि शादी की सही उम्र 18 वर्ष के बाद होनी चाहिए और बच्चों के बीच कम से कम तीन साल का अंतर आवश्यक है। वहीं बीडीओ वीरेंद्र किंडो ने कहा कि कम बच्चे, छोटा परिवार यही है प्रगति का आधार यह विचार जन-जन में फैलाना जरूरी है।डॉ. कृष्णकांत शर्मा ने बताया कि यह पखवाड़ा 11 से 31 जुलाई तक चलेगा और जागरूकता रथ पूरे प्रखंड में घूमकर जनसंख्या नियंत्रण से संबंधित जानकारी देगा। उन्होंने गर्भनिरोध के विभिन्न उपाय जैसे कंडोम, गोलियां, आईयूसीडी, नसबंदी आदि की जानकारी दी। साथ ही बताया कि महिला नसबंदी पर 2000 और पुरुष नसबंदी पर 3000 की प्रोत्साहन राशि दी जाती है।इस अवसर पर डॉ. मोहित सवइयां, डॉ. अभिषेक तिग्गा, डॉ. जुही बेक, बीपीएम जोन पोल बा, लेखा प्रबंधक विलास कुमार, बीडीएम प्रवीर दास, बीटीटी रोहित केरकेट्टा, एएनएम, काउंसलर एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## यह योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पहल है : बीडीओ



**कुरडेग।** प्रखंड कार्यालय परिसर कुरडेग में शुक्रवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत चयनित 5 लाभुकों के बीच बकरी-बकरा का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नैमन कुजूर, विधायक प्रतिनिधि दीपक जायसवाल, शीतल तिर्की और प्रखंड उप प्रमुख अजय जायसवाल ने संयुक्त रूप से लाभुकों को बकरी प्रदान की। बकरी वितरण के दौरान बीडीओ नैमन कुजूर ने कहा कि यह योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि बकरी पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का एक सशक्त माध्यम है, जिससे लोग अपनी आमदनी में वृद्धि कर सकते हैं।प्रत्येक लाभुक को चार मादा बकरी, एक नर बकरा के साथ-साथ आवश्यक दवाइयां और खाद्य सामग्री भी दी गई। योजना का लाभ मिलने पर लाभुकों में काफी उत्साह देखा गया। गंगी बाई, रोजलिया इंदवार, पूनम देवी, स्नेहलता मिंज और सरस्वती देवी ने बताया कि वे अब बकरी पालन के जरिए अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की दिशा में कार्य करेंगी।कार्यक्रम के सफल आयोजन से क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना और ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल की सराहना की।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**बानो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में शुक्रवार को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर परिवार स्वस्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा प्रभारी डॉ मनोरंजन कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व में बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए हर वर्ष लोगों को जागरूक करने के लिए 11जुलाई को जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। आज बढ़ती जनसंख्या परिवार व देश के लिए समस्या बन गई है।बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए सरकार कई तरह के उपाय कर रही है।आप सब अपने नजदीकी अस्पताल में जा कर परिवार नियोजन के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आज बढ़ती जनसंख्या के कारण बेरोजगारी बढ़ती जा रही है।

## भाजपा नेता ने 100 केवीए ट्रांसफर्मर का किया उद्घाटन



**डुमरी।** कुलगो उत्तरी पंचायत के महुआगढ़हा में शुक्रवार को 100 केवीए की ट्रांसफर्मर उद्घाटन भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार ने किया।इस दौरान भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि यहां ट्रांसफार्मर जलने से लोगों को काफी परेशानी हो रही थी।अभी के समय बिजली सबसे महत्वपूर्ण होती है सप्ताह दिनों से यहां बिजली बंद थी जानकारी मिलने के उपरांत विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर यहां ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराई गई।इस दौरान कामदेव साव,खिरोधर साव उप मुखिया कोकिल साव वार्ड सदस्य अनिल साव तुलसी महतो धनेश्वर कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## इनरव्हील क्लब रामगढ़ के 38वें पदस्थापना समारोह का आयोजन



**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब रामगढ़ का 38वां पदस्थापना समारोह 11 जुलाई को शहर के स्पाइस गार्डन में गरिमापूर्ण माहौल में आयोजित किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत एक मधुर स्वागत गीत और द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष पिंकी पोद्दार ने सभी उपस्थित सदस्यों और अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों का उल्लेख किया और जिन सदस्यों ने उन्हें पूरा सहयोग दिया उन्हें सम्मानित किया। इसके उपरांत क्लब की नई अध्यक्षा नमिता श्रॉफ को विधिवत कलर और पिन लगाकर प्रभार सौंपा गया। नमिता श्रॉफ ने अपनी नई टीम जिसमें उपाध्यक्ष रेनू मेवाड़, सचिव जेनेशा वडेरा,कोषाध्यक्ष मेघा बगड़िया, आइएसओ निधि चौधरी, संपादक नीरू साहनी की घोषणा की और उन्हें पिन पहनाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गीतांजलि जाजू जो स्कॉलर हाय और चाइल्ड वर्ल्ड स्कूल की संस्थापक निदेशक है उन्होंने अपना प्रेरणादायक विचार साझा करते हुए क्लब के सामाजिक कार्यों की सरहाना की।क्लब की पीडीसी शर्मिष्ठा दत्ता ने क्लब की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए अपनी भावनाएं व्यक्त की और सभी को आगामी सत्र में नए उत्साह से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।
धन्यवाद ज्ञापन रेनू मेवाड़ ने और मंच संचालन जसबिदर होरा ने किया। मौके पर अनुराधा श्रॉफ,राजेंद्र बुधवाल , दीपा वडेरा, मधु बरेलिया,पिंकी गांधी,नम्रता जैन,,विजयलक्ष्मी आयंगर,रंजू अरोड़ा, जसमीत सोनी, राजेंद्र कलर,ममता अग्रवाल, मधु अग्रवाल,बलविंदर कौर, रंजू अग्रवाल, नवलजीत कौर, जसप्रीत कौर, हरमीत कौर, गुरबख्श कौर, नीतू अग्रवाल,ममता वसंत, विनीता अग्रवाल, पिंकी बंसल मौजूद आदि थे।

### रिम्स के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा नियंत्रक कार्यालय का किया घेराव

# अधर में लटका रिम्स के 180 एमबीबीएस छात्रों का भविष्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रिम्स के एमबीबीएस फाइनल के छात्र-छात्राओं ने अपने लंबित रिजल्ट की मांग को लेकर रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय सिंह के चैंबर में धरने पर बैठ गए। आक्रोशित मेडिकल छात्रों का कहना है कि रांची विश्वविद्यालय की लापरवाही की वजह से एमबीबीएस 2020 बैच के 180 छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटक गया है। आक्रोशित मेडिकल स्टूडेंट्स का कहना है कि MBBS फाइनल ईयर का रिजल्ट नहीं निकलने की वजह से वे नीट की पीजी प्रवेश परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे।
रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कक्ष घेरने पहुंचे रिम्स के एमबीबीएस फाइनल ईयर के



छात्र-छात्राओं ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय की वजह से उनका एक साल का करियर दांव पर लग गया है और वह इंटर्न की सेवाएं भी नहीं दे पा रहे हैं। रिम्स के पहले के इंटर्न जा चुके हैं और 180 इंटर्न नहीं होने से अस्पताल की चिकित्सा सेवा पर जो असर पड़ा है वह अलग।

**रिजल्ट प्रकाशित करने की मांग पर अड़े मेडिकल छात्र**

रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कक्ष में ही धरने पर बैठे रिम्स एमबीबीएस फाइनल ईयर के छात्रों ने कहा कि उन्हें लगातार रिजल्ट के लिए गलत आश्वासन दिया जाता रहा है। ऐसे में जब तक रिजल्ट जारी नहीं होगा तब तक वह परीक्षा नियंत्रक कक्ष में ही बैठे रहेंगे।

### 12 जुलाई को रिजल्ट प्रकाशित कर दिया जाएगा : परीक्षा नियंत्रक

रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय सिंह ने कहा कि उनकी नियुक्ति अभी दो दिन पहले ही इस पद पर हुई है, ऐसे में पूर्व में क्या हुआ, इस पर तो ज्यादा नहीं बोल पाएंगे लेकिन 12 जुलाई को रिम्स MBBS फाइनल ईयर का रिजल्ट प्रकाशित हो जाये, इसकी पूरी कोशिश होगी। उन्होंने छात्रों की यह बात भी मान ली कि परीक्षा प्रकाशन में विलंब हुआ है, इसकी लिखित सूचना या जानकारी नेशनल मेडिकल काउंसिलऔर झारखंड मेडिकल काउंसिल को दे देंगे।

## न्यूज बॉक्स

### खराब ट्रांसफार्मर बदलने में देरी पर भड़के विधायक, विभागीय एसी से की मुलाकात



**बरही ।** क्षेत्र में खराब और जले ट्रांसफार्मर के बदलने में हो रहे देरी व लापरवाही को लेकर स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने विभागीय अधिक्षण अभियंता अशोक कुमार उपाध्याय से उनके कार्यालय में मुलाकात किया। उन्हे बताया कि खराब ट्रांसफार्मर के कारण बरही विस क्षेत्र के कई गांव में विद्युत आपूर्ति बाधित है। जिससे किसान, विद्यार्थी और आम जन बेहाल हैं। बिजली के अभाव में किसान के सिंचाई आधारित सरकार की सभी योजनाएं और विकास कार्य भी ठप हैं। ग्रामीण ट्रांसफार्मर की मरम्मत या नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने के लिए विभाग के चक्कर लगाते रहते हैं, बाबजूद समय पर व्यवस्था नहीं हो पाती है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. जल्द समाधान नहीं हुआ तो जनहित में जनांदोलन भी किया जा सकता है. अधीक्षण अभियंता ने विधायक की बातों को गंभीरता से लेते हुए ट्रांसफार्मर की समस्या त्वरित निष्पादन कर निर्बाध बिजली आपूर्ति करवाने का आश्वासन दिया।

### भाकपा माले नेता मिथिलेश सिंह का निधन, शोक



**रामगढ़।** भाकपा माले के वरिष्ठ नेता मिथिलेश सिंह का शुक्रवार को निधन हो गया। तबियत बिगड़ने पर उन्हें रांची रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका पार्थिक शरीर उनके आवास गिद्दी लाया गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा। उनके निधन पर भाकपा माले रामगढ़ जिला सचिव हीरा गोप, जिला कमेटी सदस्य देवकीनंदन बेदिया, भुवनेश्वर बेदिया, देवानंद गोप, पवन यादव, जयवीर हंसदा, कर्मा मांझी, नीता बेदिया, जयनन्दन गोप, नरेश बड़ाइक, बिगेंद्र ठाकुर, हीरालाल महतो समेत अन्य नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। हीरा गोप ने कहा कि मिथिलेश सिंह झारखंड के मजदूरों के मसीहा थे। वह एक सुलझे हुए व्यक्ति थे। वे हमेशा लोगो के सुख-दुख में खडा.रहते थे।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**पूर्वी सिंहभूम।** किताडीह पश्चिम पंचायत के मांझी बगान में जनता की समस्याओं को सुनने के लिए जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे का क्षेत्र के गणमान्य लोगों और महिलाओं ने स्वागत किया। गांव में आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में उपस्थित महिला-पुरुषों ने पेयजल, सड़क, बिजली, सफाई और अधूरी पड़ी पानी की पाइपलाइन का मुद्दा उनके समक्ष रखा। जिलाध्यक्ष दुबे ने सभी समस्याओं को सूचीबद्ध कर समाधान का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों के आग्रह पर उन्होंने जर्जर सड़क का मौके पर मुआयना किया।

## मैट्रिक एवं इंटर के टॉप टेन छात्रों को किया गया सम्मानित

**कोलेबिरा।** प्लस टू उच्च विद्यालय कोलेबिरा में मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा 2025 में सफलता प्राप्त किया एवं विद्यालय से टॉप टेन रहे छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार के द्वारा सम्मानित किया गया. इस अवसर पर मैट्रिक में सिमडेगा जिला में विद्यालय से चौथे स्थान आने वाले आशीष कुमार, इंटर कला में जिला में प्रथम स्थान आने वाली विद्या कुमारी जिला में चौथा स्थान आने वाली सुप्रिया कुमारी, दसवें स्थान आने वाले परी कुमारी. इनके अलावा मैट्रिक में विद्यालय से अच्छा प्रदर्शन करने वाले निशु किंडो, अर्पिता कुमारी, प्रिंस कुमार, अरमान अंसारी, ज्ञान कुमार, सत्येंद्र बडाईक, सत्यम कुमार, प्रीतम कुमार एवं अभिषेक कुमार तथा इंटर कला से सुहाना कुमारी ,आशा कुमारी, किरणमती कुमारी, दीपांजलि कुमारी, अपलेज डांग, अमर कुमार, निकिता कुमारी, सीमा कुमारी, इंटर वाणिज्य से सुबोध साहू, रोसिल्या कंडोलान, जूलियानी टोपनो, शिरोमणि लुगुन, विमलेश सिंह, निराला डांग, अंकित कुमार, मधुसूदन राम, मिलन जोजो, मुक्ति बरला तथा इंटर विज्ञान संकाय से आंचल नायक रिमी कुमारी, मोनिका लकड़ा रितेश कुमार सिंह प्रियंका कुमारी श्वेता देते अनुग्रहित सुरीन अल्फाबेट कृष्णा चिक एवं शशि बेटे को विद्यालय को परिवार के द्वारा सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई. इस मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका आभा प्रमिला मिंज, बेलेरिया कुमारी लोग उपस्थित थे।



## रांची समर्पण शाखा ने किया पौधों का वितरण

**रांची।** रांची समर्पण शाखा ने वन महोत्सव पर्यावरण माह के अंतर्गत शुक्रवार को रांची के किशोरगंज स्थित आरबी स्प्रिंगडेल स्कूल की शिक्षिकाओं के बीच पौधों का वितरण किया। 'हर घर हरियाली' के तहत लोगों के बीच पर्यावरण पर जागरूकता भी फैलाई गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, शुभा अग्रवाल, आशा सर्राफ, स्मिता अग्रवाल और अन्य सदस्य उपस्थित थे। ये जानकारी मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

# राष्ट्रीय पैरा ओलंपिक खेलों में 24 मेडल दिलाने वाले अजय गरीबी में जीने को विवश

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद, (बाघमारा) ।** झारखंड को राष्ट्रीय पैरा ओलंपिक खेलों में 24 मेडल दिलाने वाले अजय कुमार पासवान आज गरीबी, बेबसी और सरकारी उदासीनता के अंधेरे में जीने को मजबूर हैं। धनबाद जिले के मालकेरा 4 नंबर बस्ती के रहने वाले अजय पिछले 12 वर्षों से राज्य के लिए खेलते आ रहे हैं, लेकिन अब तक न तो सरकारी



नौकरी मिली, न ही कोई आवास या आर्थिक सहायता।
अजय ने बताया कि वह दो-दो खेल मंत्रियों से मिल चुके हैं, कई बार ब्लॉक ऑफिस के चक्कर काटे, लेकिन मदद सिर्फ आश्वासन तक सीमित रह गई। उनका कहना है कि अब हालत इतनी खराब हो चुकी है कि पिता टीबी से ग्रसित हैं, घर की दीवारें बारिश में गिर गईं, और पक्का मकान तक नहीं है।
अजय का सवाल है — "जब मेरे जैसे खिलाड़ी को भी दिव्यांगजन आरक्षण के तहत न आवास मिल रहा, न योजना का लाभ, तो फिर ये नियम किसके लिए हैं?" उन्होंने बाघमारा ब्लॉक में भ्रष्टाचार की ओर इशारा करते हुए कहा कि एक ही परिवार को दो-दो बार आवास मिल चुका है, लेकिन उन्हें एक भी नहीं। यह मामला न केवल एक राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी की उपेक्षा का प्रतीक है, बल्कि सरकारी योजनाओं और व्यवस्था की संवेदनहीनता को भी उजागर करता है।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन

# अधिक जनसंख्या विकास की राह में बाधा बनती है : डॉ सुरभि

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग ।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरडेग में परिवार स्वास्थ्य मेला पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सुरभि, डॉ. शालिनी सुस्मिता खलखो, डॉ. पी.के. बारीक और डॉ. तृप्ति सोरेन द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई।इस अवसर पर "स्वास्थ्य मेला पखवाड़ा" के तहत जन-जागरूकता फैलाने हेतु जागरूकता सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह पखवाड़ा 1 जुलाई से



31 जुलाई 2025 तक पूरे प्रखंड में चलाया जाएगा। जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार नियोजन के महत्व को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुरभि ने कहा कि अधिक जनसंख्या विकास की राह में बाधा बनती है। इसलिए जरूरी है कि हम स्थायी और अस्थायी दोनों प्रकार के साधनों को अपनाकर जनसंख्या नियंत्रण में योगदान दें। उन्होंने नसबंदी और महिला बंध्याकरण जैसे उपायों को अपनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया और कहा कि यह केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

### मोबाइल गेम की लत ने ली युवक की जान

**पूर्वी सिंहभूम।** बागबेड़ा थाना क्षेत्र के हरहरगुट्टू में मोबाइल गेम की लत ने एक 19 वर्षीय युवक की जान ले ली। मृतक की पहचान आनंद भारद्वाज के रूप में हुई है, जिसने हाल ही में आईटीआई पास किया था। परिजनों के अनुसार आनंद देर रात तक मोबाइल पर गेम खेला करता था। कई बार समझाने के बावजूद उसकी आदत नहीं छूटी तो परिजनों ने मोबाइल जब्त कर लिया। इसके बाद से ही वह चुप रहने लगा और उदास रहने लगा था। बुधवार रात वह अपने कमरे में गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। शुक्रवार की सुबह तक बाहर नहीं आने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ा तो देखा कि वह पंखे से लटका हुआ था। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### श्री कृष्ण प्रणामी ने कन्या का कराया विवाह

# सेवा, समर्पण और सामाजिक सरोकार की एक अद्भुत मिसाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा श्री राधा- कृष्ण मंदिर के प्रांगण में गुरु पूर्णिमा पर एक निर्धन कन्या का विवाह कराया। वर- कमलेश कुमार (पलसा ग्राम खूंटी निवासी) एवं कन्या- आरती कुमारी (ग्राम बोडेया कांके निवासी) का विवाह मंदिर के मुख्य पुजारी अरविंद पांडे ने पूरे विधि विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कराया। पवित्र अग्नि को साक्षी मानकर वधू और वर के सात फेरे के लिए तथा सात जन्मों तक एक दूसरे का साथ निभाना का संकल्प लिया।



यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि समाज में सहृदयता एवं सेवा भावना को भी नया आयाम प्रदान करता है। यह विवाह समारोह मंदिर प्रांगण में अत्यंत श्रद्धा, गरिमा एवं धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, सचिव मनोज चौधरी, कोषाध्यक्ष सज्जन पाड़िया एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ सहित सभी पदाधिकारीयों ने नवविवाहित दंपति को आशीर्वाद प्रदान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ट्रस्ट की ओर से वर-वधू को जीवनोपयोगी वस्तुएं, वस्त्र व आवश्यक घरेलू सामान उपहार स्वरूप प्रदान किया गया।
विवाह समारोह के अंत में सभी उपस्थित अतिथियों व श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें 500 से भी अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर खूंटी**

**रोजगार मेला–16.07.2025**

राज्य के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार/नियोजन उपलब्ध कराने के उदेश्य से श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग जिला नियोजनालय, खूँटी के द्वारा दिनांकः–16 जूलाई 2025 दिन बुधवार को पूर्वाहन् 10:30 बजे से 4:00 बजे अपराह्न तक **नगर भवन खूँटी** में एक दिवसीय रोजगार मेला 2025 आयोजित किया जा रहा है। निम्नलिखित नियोजक ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:–

| SN | EMLOYER'S NAME & ADDRESS | POST & NO. OF VACANCIES | GENDER | AGE | QUALIFICATION | SALARY | JOB LOCATION |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Orbel Electronics India Pvt.Ltd, Gujarat | Supervisor-02/Sales Man-40/Survey Executive-15/HR-02/Comp Op-02/Telecaller-10/Electrician-15/86 | M/F | 18-40 | 10th,12th,ITI,Diploma,BE,Btech | 11K-24K | Jh, Gujarat |
| 2 | Rane Health Care, Khunti | Reception-02/Manager-05/Accountant-05/Marketing Executive-05/ Nurse-05/Driver-02/OT Assistant-03/-27 | M/F | 18-35 | 10th & Above | 10K-20K | Khunti/Gumla |
| 3 | Swiggy Private Limited, Ranchi | Delivery eXEcutive-100 | M | 18-45 | 10th & Above | up to 30K | Khunti |
| 4 | Dev Automobile (Hero), Khunti | Sales Girl-04/Sales Boy-4/ Technician-01 | M/F | 18-30 | 10th, 12th & above | 10K-12K | Khunti |
| 5 | Freedom Emplybility Academy, Ranchi | Teachers-15 (3000 room rent & other allowence) | M/F | 18-45 | Graduation | 15K-20K | Ramgarh, Hazaribag |
| 6 | Fusion Finance Ltd, Ranchi | Relationship/ Sr. Relationship Officer-50 | M/F | 18-35 | 12th & Above | 11200-12200 | Pan JH |
| 7 | Quantum Knits (KPR mill Ltd) Coimbatote | SMO-300/Warden female-02/HR-3/Security-02/ Nurse-03/-310 | M/F | 18-35 | Below 10th,10th,12th graduation | 15K-30K | Coimbatore |
| 8 | Seva Sahyog Security Pvt. Ltd, JSR | Security Guard-150/Security Supervisor-10/Area Manager-02/Security Officer-05/Field Officer-03/Marketing Executive-05/175 | M/F | 18-55 | 10th,12th,BA,MBA etc | 10K-25K | JH,WB,Orisa |
| 9 | Guardians Training Academy Pvt. Ltd. Hyderabad | Security Guard-200/Security Supervisor-100/Houskeeping-100/400 | M | 18-40 | Below 10th,10th,12th graduation | 17K-25K | Delhi,Bangalore,Chenai, Maharashtra |
| 10 | L&T Construction, Kolkata (Construction Skills Training Institute (CSTI)) | Tecnicians-200 | M | 18-35 | Below 10th,10th,12th graduation, ITI all Trade | 15414-23K | JH,Orisa, Chattisgarh |
| 11 | LG Electronics India Pvt. Ltd Noida | Electricians-70/Machanic-50/Com op-50/170 | M | 18-45 | 10th, 12th, ITI, Diploma etc | 14630-26800 | Noida, Gurgaon,Gaziabad,Bhopal,Indore, Jodhpur |
| 12 | Ask Automotive Pvt. Ltd Via Ask HR Solution Pvt. Ltd, Aurangabad | Operator-300/Associate-200/500 | M | 18-35 | 10th, 12th & above | 17K-18K | Bangaluru |
| 13 | Minda kosei Aluminium Wheels Pvt. Ltd Gujarat Via Dusky Stallion Training Services & Pvt. Ltd, Haryana | Trainee-100 | M | 18-28 | 10th,12th, ITI, Diploma | 15K-24K | Ahmedabad |
| 14 | Utkarsh Small Finance Bank, Khunti | Credit Officer-100/Cashier-10/110 | M/F | 18-32 | Min 12th | 12K-25K | Khunti,Ranchi,JSR |
| 15 | Struggle health care trading private limited, Gurgaon | Supervisor-8/AM-11/Telecaller-7/guard-25/BM-7/Storekeeper-05/Reception-07/Field officer-05/50 | M/F | 18-55 | 10th & Above | 12500-22500 | Jh,Bihar |
| 16 | Raj Automobile, Khunti | Tecnicians-05/Sales Manager-01 | M/F | 18-40 | 10th,12th, ITI, Diploma | 15K | Khunti |
| 17 | Maruti Suzuki Mod Mobile, Khunti | Manager-01/Supervisor-01/Head Machanic-01/Helper Macchanic-01/Store Keeper-01/Customer Care-01/Car wash staff-01/Cleaning Staff-01/Accountant-01/09 | M/F | 18-40 | Below 10th,10th,12th, ITI, Diploma | 10K-25K | Khunti |
| 18 | Goodwill India Management group of Company, Delhi | Store Keeper-45/Supervisor -40/ABM-42/Receptionist-40/Telecaller-49/Comp op-62/Field Officer-40/318 | M | 18-35 | 10th,12th,graduation, pg, MBA,ITI, Diploma | 12500-22700 | JH,UP,Bihar,Haryana, Delhi |
| 19 | Airtel Payment Bankt, Kokar, Ranchi | Promotor-30 | M | 18-35 | 10th & Above | 12700+PF +ESIC | Khunti,Ranchi,Ramgarh |
| 20 | Agrawal Sales Corporation, khunti | Mobilizers-05,MIS-01, DDEO Trainer-01/07 | M/F | 18-35 | 12th & Above | 12K tO 20K | KHUNTI |
| 21 | Gyatri Automotive (Bajaj Show room) khunti | Sales executive-01/field executive-01/service executive-01/03 | M | 18-40 | 10th & Above | 9K + Incentives | KHUNTI |

➤ योग्य एवं इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा jharniyojan.jharkhand.gov.inपर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त उल्लेखित रोजगार मला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, अंक प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, आवासीय प्रमाण पत्रों की छाया प्रति तथा बायोडाटा दो प्रतियों में दो पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ साक्षात्कार हेतू उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्तियाँ निजि क्षेत्र से संबंधित है अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं रहेगा। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहें है। भत्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का मार्ग भत्ता देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी
खूँटी

PR 357105 Labour Employment and Traning(25-26).D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

परमात्मा का वास सभी इंसानों में है। लेकिन, सभी इंसानों में परमात्मा का भाव भी हो, ये जरूरी नहीं है। इसलिए व्यक्ति अपने कर्मों की वजह से दुखी है। - स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी

## संपादकीय


### पुल ढहना अंतरराज्यीय समस्या

गुजरात के वडोदरा जिले में पुल ढहने के हादसे ने एक बार फिर देश में बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और रखरखाव की स्थिति पर गंभीर सवाल उठाए हैं। पुल करीब चालीस साल पुराना था और इसे बीते कुछ वर्षों से मरम्मत की सख्त जरूरत थी। मिल रही जानकारियों के अनुसार, करीब तीन साल पहले हुई एक जांच में भी इस पुल को गंभीर रूप से जर्जर पाया गया था और सरकार ने इसकी फौरी मरम्मत भी कराई थी। फिर भी स्थानीय प्रशासन द्वारा समय रहते इसकी जांच और रखरखाव की कोई प्रभावी पहल नहीं की गई। जाहिर है कि यह हादसा, जिसने कई जानें भी निगल लीं, किसी प्राकृतिक आपदा का नतीजा नहीं, बल्कि मानवीय लापरवाही, प्रशासनिक उदासीनता और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के अभाव का दुखद प्रमाण है। जिस समय यह पुल टूटा, उस वक्त लोग इस पर से गुजर रहे थे। गनीमत तो यह रही कि नदी में पानी कम था, अन्यथा स्थिति और भी गंभीर हो सकती थी। दरअसल, यह हादसा महज संरचनात्मक विफलता नहीं है, यह हमारी प्रणाली की उस कमी को उजागर करता है, जो बार-बार ऐसे हादसों को जन्म देती है। गौरतलब है कि 2022 में गुजरात के ही मोरबी में एक केबल सस्पेंशन ब्रिज के ढहने से 130 से अधिक लोगों की मौत हुई थी और बड़ी संख्या में लोग घायल हुए थे। सवाल यह है कि उस हादसे से क्या कोई सबक सीखा गया? ताजा हादसा इस सवाल को और गहरा करता है। विकास हो रहा है, बड़े-बड़े काम भी हो रहे हैं, लेकिन छोटे कामों में जिन बारीकियों की और जिस फॉलो-अप व्यवस्था की जरूरत होती है, उनकी अनदेखी हो रही है, तो इसमें दोष व्यवस्था का ही है। यह केवल गुजरात की समस्या नहीं है, यह पूरे देश के लिए एक चेतावनी है जिसमें झारखंड भी शामिल है। यह हादसा सबक देता है कि पुराने ढांचों की नियमित और गहन जांच जरूरी है। यही नहीं, भ्रष्टाचार और लापरवाही को रोकने के लिए कड़े नियम और उन्हें सख्ती से लागू करने की भी जरूरत है। जांच का आश्वासन तो दिया गया है, लेकिन यह महज औपचारिकता नहीं होनी चाहिए; इसके नतीजों को सार्वजनिक करना और दोषियों को दंड देना भी जरूरी है।

*पुल करीब चालीस साल पुराना था और इसे बीते कुछ वर्षों से मरम्मत की सख्त जरूरत थी।*

हर बार जब कोई पुल ढहता है, या कोई इमारत गिरती है, तो हम जिंदगियों के खोने के साथ लोगों का भरोसा भी खोते हैं। पुल हादसे में जो जिंदगियां खोई हैं, उनको सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं होंगी। झारखंड में भी इसे गंभीर मुद्दा बनाने की जरूरत है किसके कार्यकाल में घटना हुई यह महत्वपूर्ण नहीं क्योंकि अधिकारी या नेता व्यवस्था को संभालते हैं उसके मालिक नहीं। जब कोई पुल या इमारत गिरती है तो यह सवाल उठता है कि कितने दिन पहले इसका निर्माण हुआ था? अक्सर लोग अंग्रेजों के बनाए पुल या इमारत की चर्चा करते हैं जो सौ वर्षों के बाद भी मजबूती से खड़े हैं। दरअसल आजादी के बाद जब निर्माण कार्य शुरू हुए तो अनेक लोगों ने डरते-डरते कमीशनखोरी शुरू की जो अब पूरी बेशर्मी और दीदादिलेरी से हिस्सेदार की तरह रकम वसूलने की परंपरा बन गई है जिस कारण ऐसे हादसे हो रहे हैं।

# मतदाता सूची में सुधार पर सुप्रीम सहमति सराहनीय




बिहार में मतदाता सूची सुधार पर सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी सिर्फ एक न्यायिक फैसला नहीं, बल्कि लोकतंत्र के मूल्य को पुष्ट करने वाला ऐतिहासिक एवं प्रासंगिक निर्णय है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में मतदाता सूची की समीक्षा के लिए आधार, राशन और वोटर कार्ड को भी मान्यता देने का सुझाव देकर आम लोगों की मुश्किल हल करने की कोशिश की है। इससे प्रक्रिया आसान होगी और आशंकाओं को कम करने में मदद मिलेगी। बेशक, फर्जी नाम मतदाता सूची में नहीं होने चाहिए लेकिन ऐसे अभियानों के दौरान आयोग का जोर ज्यादा से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से निकालने के बजाय, इस पर होना चाहिए कि एक भी नागरिक चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित न रह जाए। विपक्ष को चाहिए कि वह इस फैसले को राजनीतिक हार न माने, बल्कि इसे एक अवसर माने, जनविश्वास अर्जित करने का, लोकतंत्र में आस्था बढ़ाने का और सबसे जरूरी, राष्ट्रहित को राजनीति से ऊपर रखने का। मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य केवल बिहार ही नहीं, देश के अन्य राज्यों में प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ करना चाहिए। भारतीय लोकतंत्र में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय सर्वोपरि होता है। चुनाव आयोग यदि चुनाव कराने को तैयार है, और इसकी जुड़ी किन्हीं प्रक्रियाओं में कोई त्रुटि या खामी है तो उसका सुधार करना संविधान सम्मत है, तो फिर इस पर प्रश्नचिन्ह लगाने का अधिकार किसी भी राजनीतिक दल को नहीं होना चाहिए। लेकिन जो प्रश्न जनता के मानस को उद्वेलित करता है, वह यह है कि विपक्ष बार-बार चुनावी प्रक्रियाओं, राष्ट्रीय हितों या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी एकमत होकर विरोध करता है, आखिर क्यों? बिहार में एसआईआर को लेकर जो याचिकाएं और बहसें सामने आईं, उनमें एक प्रमुख तर्क यह था कि समय उपयुक्त नहीं है, सरकार अस्थिर है, या सामाजिक समीकरण तैयार नहीं हैं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जनता को प्रतिनिधित्व देने का अधिकार सर्वोपरि है। लेकिन त्रुटिपूर्ण या फर्जी मतदाता सूची से चुनाव कराना भी लोकतंत्र का अपमान है। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि देर-सवेर नहीं, संवैधानिक कर्तव्य को समय पर निभाना जरूरी है।

अदालत ने एसआईआर पर कोई आदेश नहीं दिया है, लेकिन अपने इरादे की ओर इशारा तो कर ही दिया है। अदालत ने टाइमिंग को लेकर जो सवाल उठाया, वह उचित प्रतीत होता है। बिहार में इसी साल के आखिर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में इतनी विस्तृत कवायद के लिए शायद उतना वक्त न मिल पाए, जितना मिलना चाहिए। बिहार में एसआईआर को लेकर जो असमंजस है, उसकी एक वजह निश्चित ही टाइमिंग है। जिनके पास जरूरी डॉक्युमेंट नहीं हैं, वे इतनी जल्दी उनका इंतजाम नहीं कर पाएंगे। हालांकि आयोग ने भरोसा दिलाया है कि किसी भी व्यक्ति को भी अपनी बात रखने का मौका दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा। वैसे बिहार में चुनाव को देखते हुए ही फर्जी मतदाताओं की संख्या बढ़ी या तथाकथित राजनीतिक दलों ने इन फर्जी मतदाताओं को बढ़ाया है। ऐसे में इन फर्जी मतदाताओं पर कार्रवाई अपेक्षित है। यह मामला केवल बिहार तक सीमित नहीं रहना चाहिए। दूसरे राज्यों में मतदाता सूचियों की समीक्षा किस तरह होगी, यह बिहार में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर निर्भर करेगा। ऐसे में स्वाभाविक ही नजरें इस बात पर टिकी हैं कि सुप्रीम कोर्ट में आखिरकार इस प्रक्रिया का कैसा स्वरूप तय होता है?

आज की बात



ललित गर्ग

भारतीय राजनीति में विपक्ष का कार्य सरकार की नीतियों पर निगरानी रखना है, आलोचना करना है, लेकिन वह आलोचना रचनात्मक होनी चाहिए, राष्ट्र-विरोधी नहीं। आज हम देख रहे हैं कि आर्टिकल 370 हटाना हो, नागरिकता संशोधन अधिनियम-सीएए, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर-एनआरसी जैसे कानून हों, अग्निपथ योजना हो, या राम मंदिर निर्माण-लगभग हर मुद्दे पर विपक्ष ने एकमत होकर विरोध किया है। चाहे चीन या पाकिस्तान से जुड़ी संवेदनशील मसले हों, या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा के निर्णय, विपक्ष अक्सर उन बिंदुओं पर एक सुर में सरकार का विरोध करता है, जबकि ऐसे राष्ट्रीयता के मुद्दों पर विपक्ष को सरकार एवं देश के साथ एकजुटता दिखानी चाहिए। यह संयोग नहीं, एक दूषित राजनीतिक रणनीति बनती जा रही है कि 'जो सरकार करे, उसका विरोध करो', चाहे मुद्दा देशहित का ही क्यों न हो। इन स्थितियों में आम जनता का एक बड़ा सवाल है कि विपक्ष देश के साथ है या सिर्फ सत्ता की भूख के साथ? क्या चुनाव प्रक्रिया पर विरोध करना लोकतंत्र का मज़ाक नहीं है? क्या न्यायपालिका के निर्णयों को चुनौती देना सिर्फ स्वार्थ की राजनीति नहीं? क्या राष्ट्रीय मुद्दों पर सरकार के साथ खड़े होने से विपक्ष की राजनीति कमजोर हो जाएगी? जब विपक्ष सिर्फ विरोध करने के लिए विरोध करता है, तो उसका नैतिक बल कमजोर होता है, और जनता का विश्वास टूटता है। भारतीय राजनीति को अब रचनात्मक विपक्ष की ज़रूरत है, ऐसा विपक्ष जो सत्ता में नहीं है, फिर भी राष्ट्र के लिए सत्ता के साथ खड़ा हो सकता है। जो यह समझ सके कि लोकतंत्र सरकार और विपक्ष दोनों से चलता है, लेकिन राष्ट्र सबसे ऊपर है। बिहार में चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट की अनुमति इस बात का प्रतीक है कि संस्थाएं अभी भी न्याय और संवैधानिकता की रक्षा कर रही हैं। लेकिन विपक्ष यदि इस निर्णय पर भी नकारात्मक रवैया अपनाता है, तो यह जनता की आकांक्षाओं, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकासशील भारत की दिशा के विरुद्ध होगा। विपक्ष को चाहिए कि वह अपनी राजनीति को जनहित से जोड़े, जनविरोध से नहीं। विपक्ष यदि राष्ट्रहित में सोचने की दिशा में खुद को परिवर्तित नहीं करता, तो वह धीरे-धीरे प्रासंगिकता खो देगा। भारतीय लोकतंत्र की नींव निष्पक्ष, पारदर्शी और समावेशी चुनावों पर टिकी होती है। इसी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मज़बूत बनाने की दिशा में बिहार में चुनाव आयोग द्वारा शुरू किया गया मतदाता सूची सुधार अभियान हाल ही में राष्ट्रीय बहस का केंद्र बना। लेकिन जिस बात ने सबसे अधिक ध्यान खींचा, वह यह है कि इस पूरी कवायद के दौरान विपक्ष एक बार फिर एकजुट होकर इसका विरोध करता नजर आया, भले ही मामला राष्ट्रहित और लोकतंत्र की मजबूती से जुड़ा हो। बिहार में राज्य निर्वाचन आयोग ने वोटर लिस्टों को दुरुस्त करने, फर्जी वोटरों की छंटनी, और नए योग्य मतदाताओं को जोड़ने का जो कार्य प्रारंभ किया, वह एक सामान्य प्रशासनिक कार्य नहीं था, बल्कि एक लोकतांत्रिक शुद्धिकरण था। यह सुधार न केवल चुनावों को पारदर्शी बनाता है, बल्कि नागरिक अधिकारों की रक्षा भी करता है। परन्तु कुछ राजनीतिक दलों ने इस प्रक्रिया पर आपत्ति जताई और इसे जातीय आंकड़ों, राजनीतिक संतुलन और चुनावी गणित से जोड़कर कोर्ट का रुख किया। सुप्रीम कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण संविधान सम्मत प्रक्रिया है और इसे बाधित नहीं किया जा सकता। अदालत ने चुनाव आयोग की कार्रवाई को न केवल वैध बताया, बल्कि उसे लोकतंत्र के लिए आवश्यक भी बताया। यह फैसला यह भी दर्शाता है कि अब समय आ गया है जब चुनावी ईमानदारी को राजनीतिक शोरगुल और वोट बैंक की राजनीति के शोर में दबाया नहीं जा सकता।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### सरलता से सुशोभित शिव

आदि अनंत अविनाशी शिव की महिमा तो सर्वथा विख्यात है। महादेव की संज्ञा से सुशोभित शिव के जीवन में कितनी सरलता है यह तो अवर्णनीय है। कुबेर को लक्ष्मी के खजांची बनाने वाले शिव साधारण वेषभूषा धारण करते है। कर्पूर की तरह गौर वर्ण शिव शरीर पर भस्म रमाते है। प्रायः यह देखा जाता है कि विवाह में दूल्हा स्वयं को अनेक आभूषणों से सुसज्जित करता है, परंतु शिव जैसे सदैव दृष्टिगोचर होते है वैसे ही वह विवाह में सबके समक्ष प्रत्यक्ष हुए। सत्यम शिवम सुंदरम रूप शिव का कल्याण स्वरूप है। शिव का लिंग स्वरूप ब्रह्मांड का प्रतीक है। शिव को संहार का देवता कहा जाता है, परंतु जब कालकूट विष से पृथ्वी पर संकट आया तो उन्हीं महादेव ने विष को ग्रहण कर सभी को चिंता मुक्त किया। शिव ही तो है जिन्होने विष को ग्रहण कर एक और उपनाम नीलकंठ प्राप्त किया। यह वही शिव है जिन्होने श्री हरि विष्णु के कमल अर्पित करने पर उन्हें सुदर्शन चक्र प्रदान किया, जिसका प्रयोग श्री हरि नारायण सृष्टि के कुशल संचालन में करते है। उमापति महेश्वर शिव सदैव योग एवं ध्यान मुद्रा में ही रहते है। शिव प्रत्येक स्वरूप में अपनी श्रेष्ठता से शोभायमान होते है चाहे वह योगी हो, सन्यासी हो या गृहस्थ। शिव तो ओढर दानी है, अर्थात अनोखे दाता। शिव की सरलता तो उनको अर्पित सामाग्री से ही सिद्ध होती है, जो भी सामग्री सरलता से उपलब्ध हो वही शिव को अर्पित कर दो और भोलेनाथ से मनोवांछित फल प्राप्त कर लो। राजा हो या रंक शिव के लिए तो सभी समान है, मात्र जलधारा अर्पित करने से शिव संतुष्ट हो जाते है। यत्र-तत्र उगने वाला धतूरा, आक शिव को समर्पित किया जाता है। शिव की सरलता तो अतुलनीय है। एक बिल्वपत्र अर्पित करने पर भक्त के तीन जन्मों के पाप हर लेते है। शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों का स्मरण करने मात्र से सात जन्मों के पाप क्षय हो जाते है। शिव की प्रतिमा या लिंग स्वरूप के अभाव में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर पूजन एवं अर्चन करने से भी मनोवांछित फल प्राप्त होता है। इसलिए चन्द्रशेखर, उमापति अत्यंत वंदनीय है। भक्त ने शिव को जो नाम प्रदान किया, वे सहर्ष स्वीकार कर लेते है। ज्योतिर्लिंग में भक्तों की तपस्या से उनकी मनोकामना पूर्ति के लिए आशुतोष सदैव प्रत्यक्ष रूप में विराजमान हो गए। राम नाम की अमृत धारा का रसास्वादन करने वाले शिव रामेश्वर एवं गोपेश्वर महादेव के रूप में भी दर्शन देते है। शिव भक्त का कल्याण तो श्री हरि नारायण भी करते है। रावण की शिव भक्ति का ही परिणाम था कि प्रभु श्री राम के हाथों उसे मुक्ति प्राप्त हुई। श्री हरि विष्णु भी कहते है कि जो शिव की आराधना करता है वह नारायण की कृपा का भी भागी होता है क्योंकि हरि और हर एक दूसरे को आराध्य मानते है।

आपकी बात



डॉ. रीना रवि मालपानी

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# सपनों का सादा राजकुमार, जिसने दिलों में घर नहीं, घरों में दिल बसा दिए


अलग बात



प्रो. आरके जैन

12 जुलाई फिल्म अभिनेता राजेंद्र कुमार पुण्यतिथि

राजेंद्र कुमार, जिनकी मुस्कान में सादगी का सागर लहराता था और आंखों में प्रेम व करुणा की अथाह गहराई झलकती थी, हिंदी सिनेमा के उन चमकते सितारों में से थे, जिन्होंने न केवल परदे पर जादू बिखेरा, बल्कि लाखों दिलों में अपनी अमर छाप छोड़ी। 'जुबली कुमार' के नाम से मशहूर इस अभिनेता ने उस युग को जीवंत किया, जब सिनेमा केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि भावनाओं का सजीव संसार था। उनकी पुण्यतिथि (12 जुलाई) पर उनकी सिनेमाई यात्रा को याद करना, उन सपनों, संघर्षों और प्रेम को श्रद्धांजलि देना है, जिन्हें उन्होंने अपनी फिल्मों में रंगों और भावों से साकार किया। उनके किरदार हर आम इंसान की कहानी को गूंजते थे—एक बेटा, एक भाई, एक प्रेमी, जो अपने सपनों और कर्तव्यों के बीच जीवन का संगीत रचता था। 20 जुलाई 1929 को अविभाजित भारत के सियालकोट (वर्तमान पाकिस्तान) में जन्मे राजेंद्र कुमार तनेजा का बचपन विभाजन की त्रासदी की आग में तपा। 1947 में भारत-पाकिस्तान बंटवारे के बाद उनका परिवार मुंबई आया, जहां उन्होंने शरणार्थी जीवन की कठिनाइयों के बीच नई राह तलाशी। उनके लिए सिनेमा ग्लैमर की चकाचौंध नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच था, जहां मेहनत और प्रतिभा से सपनों को पंख लगाए जा सकते थे। उनकी सिनेमाई यात्रा सहायक निर्देशक के रूप में शुरू हुई, जहां मशहूर निर्देशक ए.आर. करदार के सान्निध्य में उन्होंने सिनेमा की रचनात्मक और तकनीकी बारीकियां आत्मसात कीं। यहीं से अभिनय की दुनिया ने उन्हें अपनी ओर खींचा। 1955 में फिल्म 'वचन' से बतौर नायक उनकी पहली चमक दिखी, मगर 1957 में 'मदर इंडिया' ने उन्हें रातोंरात आकाश का तारा बना दिया। नरगिस के बेटे की भूमिका में उनके संवेदनशील और जीवंत अभिनय ने दर्शकों के दिलों को झकझोर दिया। यह फिल्म ऑस्कर के लिए नामांकित होने वाली पहली भारतीय फिल्म थी, जिसने राजेंद्र कुमार को सिनेमा जगत का चमकता सितारा बना दिया। 1960 का दशक राजेंद्र कुमार का स्वर्णिम युग था, जब उनकी फिल्मों ने न केवल सफलता के नए शिखर छुए, बल्कि हिंदी सिनेमा को भावनाओं का एक ऐसा आकाश दिया, जो आज भी दर्शकों के दिलों में गूंजता है। 'धूल का फूल' (1959), 'गहरा दाग' (1963), 'मेरे महबूब' (1963), 'संगम' (1964), 'आरजू' (1965), 'सूरज' (1966), 'आये दिन बहार के' (1966), 'हमराज' (1967) और 'तलाश' (1969) जैसी फिल्मों ने उन्हें 'जुबली कुमार' का ताज पहनाया। उनकी लगातार छह-सात फिल्मों ने सिल्वर जुबली (25 सप्ताह तक सिनेमाघरों में निरंतर प्रदर्शन) का ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया, जो उस दौर में एक अभूतपूर्व उपलब्धि थी। 'धूल का फूल' में उन्होंने सामाजिक कलंक और मानवीय संवेदनाओं को ऐसी गहराई से उकेरा कि दर्शक भावनाओं के सागर में डूब गए, वहीं 'संगम' में प्रेम त्रिकोण की जटिल भावनाओं को उन्होंने इतनी संजीदगी से जीवंत किया कि हर दृश्य आत्मा को छू गया। 'संगम' में राज कपूर और वैजयंतीमाला के साथ उनकी तिकड़ी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, और यह फिल्म न केवल भारत में, बल्कि विदेशों में भी गूंजी, जिसे 1965 में फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकन मिला। राजेंद्र कुमार की अभिनय शैली का जादू उनकी सादगी और स्वाभाविकता में छिपा था। वे नाटकीयता के परे, अपने किरदारों में ऐसी सच्चाई और जीवंतता लाते थे कि दर्शक उनकी हर भावना से गहरे जुड़ जाते थे। उनकी आंखें मानो कहानियां कहती थीं—प्रेम की मासूम चमक, दुख की गहन छाया और करुणा का अथाह समंदर उनमें साफ झलकता था। वैजयंतीमाला, साधना, माला सिन्हा और सायरा बानो जैसी अभिनेत्रियों के साथ उनकी रोमांटिक जोड़ी ने परदे पर जादू बिखेरा। उनके गीत, जैसे 'बहारों फूल बरसाओ, मेरा महबूब आया है' ('सूरज'), 'मेरे मेहबूब तुझे मेरी मोहब्बत की कसम' ('मेरे मेहबूब'), 'ये मेला दिलों का' ('हमराज') और 'दुनिया करें सवाल' ('संगम') आज भी उतने ही मधुर और कालजयी हैं।



**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

फेसबुक वॉल से




एक्स से




### आज का दोहा

और जोर से बात कर, और अधिक दे सीख।
ढंग अलग होंगे मगर, सभी चाहते भीख।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# डिप्रेशन का इलाज आत्महत्या नहीं संवाद, सहानुभूति और समय है

डिप्रेशन एक ऐसा भावनात्मक अंधकार है जो बाहर से सामान्य दिखने वाले व्यक्ति के भीतर गहराई से छिपा हो सकता है। यह कोई कमजोरी नहीं, कोई मानसिक असंतुलन या पागलपन नहीं, बल्कि एक जटिल मानसिक स्थिति है जो धीरे-धीरे व्यक्ति की जीवंतता को क्षीण करती है। विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुए जब व्यक्ति अपने भीतर की आशा, आत्मबल और जिजीविषा को खो बैठता है, तब वह अवसाद की गिरफ्त में आ जाता है। दुःखद यह है कि ऐसे समय में कुछ लोग जीवन को खत्म कर देने का विकल्प चुनते हैं, जिसे आत्महत्या कहा जाता है। परंतु यह न केवल स्वयं के जीवन का अपूरणीय नुकसान है, बल्कि उसके परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए भी गहरी क्षति है।

आत्महत्या कोई समाधान नहीं, बल्कि उस पीड़ा का स्थायी विस्तार है, जिसे थोड़ी समझदारी, थोड़ा संवाद, थोड़ी सहानुभूति और कुछ समय देकर कम किया जा सकता था। डिप्रेशन का इलाज आत्महत्या नहीं, बल्कि जुड़ाव है—एक ऐसा जुड़ाव जिसमें पीड़ित को यह महसूस कराया जाए कि वह अकेला नहीं है। उसे बस यह विश्वास दिलाने की आवश्यकता है कि कोई है जो उसकी सुनेगा, समझेगा और बिना जज किए उसका साथ देगा।

आज जब हम समाज के विभिन्न वर्गों की ओर देखते हैं—चाहे वह विद्यार्थी हो या नौकरीपेशा व्यक्ति, गृहिणी हो या व्यवसायी, पत्रकार, कलाकार हो या किसान—हर जगह से आत्महत्या की खबरें सामने आ रही हैं। इनके पीछे का एक बड़ा कारण डिप्रेशन है, जो अक्सर बिना शोर किए भीतर ही भीतर बढ़ता रहता है। इस स्थिति में सबसे जरूरी है यह स्वीकारना कि डिप्रेशन न तो कोई कलंक है और न ही इसका इलाज कठिन। जैसे हम शरीर की बीमारियों का इलाज डॉक्टर से कराते हैं, वैसे ही मन की व्याधियों के लिए भी मनोचिकित्सक से सहायता लेना एक सामान्य प्रक्रिया होनी चाहिए। डिप्रेशन से ग्रस्त व्यक्ति अक्सर चुप होता है। वह अपनी पीड़ा को शब्द नहीं दे पाता। कभी भय, कभी शर्म, और कभी यह सोचकर कि लोग क्या कहेंगे—वह अपने मन की बात छुपा लेता है। यहीं पर परिवार, मित्रों, शिक्षकों और समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि किसी के व्यवहार में अचानक परिवर्तन दिखे—जैसे उदासी, आत्मग्लानि, चिड़चिड़ापन या एकांतप्रियता—तो हमें सतर्क हो जाना चाहिए। आलोचना या उपदेश देने के बजाय संवाद करना चाहिए, और उससे यह कहना चाहिए—"मैं तुम्हारे साथ हूँ, तुम अकेले नहीं हो।" डिप्रेशन का सामना कर रहे व्यक्ति को सलाहों की नहीं, सच्ची सहानुभूति की जरूरत होती है। उसे चाहिए एक ऐसा हाथ जो उसके कांपते हाथ को थाम सके, एक ऐसा कंधा जिस पर वह कुछ देर सिर रखकर रो सके, और एक ऐसा मन जो उसकी बात बिना टोके सुन सके। सहानुभूति का अर्थ केवल संवेदना प्रकट करना नहीं, बल्कि यह दिखाना है कि उसकी पीड़ा हमारी भी है। यह एक ऐसा भाव है जो डिप्रेशन के भीतर छिपी निराशा की दीवार को तोड़ सकता है।

यह भी समझना आवश्यक है कि डिप्रेशन से उबरने की प्रक्रिया समय मांगती है। यह कोई जादू नहीं कि दवा खाते ही सब ठीक हो जाए। कभी-कभी इसमें महीनों या वर्षों का समय लगता है। लेकिन यह पूरी तरह ठीक हो सकता है—यदि हम धैर्य रखें, उम्मीद बनाए रखें और एक-दूसरे का साथ न छोड़ें। जीवन की सबसे अंधेरी रात भी किसी भोर की ओर ले जाती है। जो आज असहनीय लगता है, वही कल जीवन का सबसे बड़ा सबक बन सकता है।

व्यंग्य की बात



डा मनमोहन प्रकाश

समस्या की गहराई से अधिक महत्वपूर्ण है उसका समाधान। और समाधान है—संवाद, सहानुभूति और समय। ये तीनों ही ऐसे शक्तिशाली साधन हैं जो किसी को टूटने से बचा सकते हैं। जो आज किसी के मन को बोझिल कर रहे हैं, वे कारण समय के साथ हल्के पड़ जाते हैं, बशर्ते व्यक्ति उन्हें झेलने का, उनसे बाहर आने का प्रयास करता रहे।

अंततः यही कहना उचित होगा कि आत्महत्या कोई बहादुरी नहीं, बल्कि एक अधूरे प्रयास का अंत है। जीवन कठिन हो सकता है, लेकिन असंभव नहीं। यदि हम एक-दूसरे के प्रति थोड़े संवेदनशील हो जाएं, सुनने और समझने का धैर्य रखें, तो बहुत से जीवन बचाए जा सकते हैं।

चुप न रहिए, बोलिए। शर्मिंदा न होइए, मदद लीजिए। सहानुभूति दिखाइए, उपदेश नहीं दीजिए। क्योंकि जीवन, हर हाल में, मृत्यु से बेहतर विकल्प है। संवाद कीजिए—क्योंकि शब्द कभी-कभी वह कर जाते हैं जो दवा नहीं कर पाती। यही जीवन का संदेश है—चलते रहिए, क्योंकि हर रात के बाद एक नई सुबह होती है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## कांवड़ यात्रा



# एंटी ड्रोन और टीथर्ड ड्रोन से हो रही रियल टाइम मॉनिटरिंग

**एजेंसी। लखनऊ**

- डीजीपी मुख्यालय में 24x7 निगरानी के लिए आधुनिक कंट्रोल रूम
- कांवड़ यात्रा और शिव मंदिरों की सुरक्षा की पल-पल की निगरानी

कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए सबसे हाईटेक एंटी ड्रोन और टीथर्ड ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे पहले राम मंदिर के उद्घाटन समारोह और महाकुंभ की सुरक्षा व्यवस्था में भी इसी ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए मॉडर्न कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां 24 घंटे रियल टाइम मॉनिटरिंग की व्यवस्था है। इतना ही नहीं कांवड़ यात्रा के रूट की जमीन स्तर पर सुरक्षा के लिए एटीएस, आरएएफ और क्यूआरटी जैसे विशेष बलों को तैनात किया गया है। मुख्यमंत्री योगी ने स्वयं इस यात्रा की तैयारियों की लगातार समीक्षा की है और निर्देश दिए थे कि सुरक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता, जल व्यवस्था और यातायात प्रबंधन में कोई कमी न रहे। उन्होंने महाकुंभ में किए गए सुरक्षा प्रबंधों को मॉडल मानकर कांवड़ यात्रा मार्गों पर भी उसी प्रकार के इंतजाम करने के निर्देश दिए थे। मुख्य कांवड़ मार्गों और प्रमुख स्थानों पर 29,454 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके साथ ही 395 हाइटेक ड्रोन और विशेष रूप से एंटी ड्रोन के साथ टीथर्ड ड्रोन की मदद से रियल-टाइम वीडियो फीड लेकर डीजीपी मुख्यालय से सीधे मॉनिटरिंग की जा रही है। ये टीथर्ड ड्रोन लगातार एक स्थान पर स्थिर रहकर भीड़ की निगरानी में सक्षम हैं, जिससे किसी भी प्रकार की आपात स्थिति की त्वरित जानकारी मिल सके। कांवड़ यात्रा और शिव मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए डीजीपी मुख्यालय में मॉडर्न कंट्रोल रूम बनाया गया है।

## सावन शुरू, काशी में भक्तों की उमड़ी भीड़

**वाराणसी।** शुक्रवार से सावन के महीने की शुरुआत हो चुकी है। हिंदू धर्म में सावन मास का खास महत्व है और हो भी क्यों न, ये विश्व के नाथ बाबा विश्वनाथ का सबसे प्रिय मास जो है। काशी के साथ ही देश भर के मंदिरों में भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो चुकी है। काशी में भी बाबा का एक ऐसा मंदिर है, जहां बाबा भक्तों के शूल को काटते हैं और दर्शन करने मात्र से कई मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। यह मंदिर है, शूलटंकेश्वर महादेव का मंदिर। वाराणसी के रोहनिया विधानसभा क्षेत्र में गंगा तट पर स्थित शूलटंकेश्वर महादेव मंदिर आस्था और पौराणिक महत्व के प्रमुख केंद्रों में से एक है। कैंट स्टेशन से लगभग 15 किलोमीटर और अखरी




बाईपास से चार किलोमीटर दूर माधोपुर गांव में यह मंदिर स्थित है। चुनार रोड पर खनांव के पास बना इसका भव्य द्वार श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। सामान्य दिनों में भी यहां भक्तों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन सावन और शिवरात्रि के दौरान भारी भीड़ उमड़ती है। आज से सावन मास शुरू होने के साथ ही इस मंदिर में भक्तों का तांता लगने लगा है।

### संविधान बचाओ रैली में राहुल गांधी ने कहा-

## जल, जंगल, जमीन चुराना चाहती है भाजपा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को ओडिशा में संविधान बचाओ रैली नामक एक जनसभा में भाग लिया। यह सभा पार्टी द्वारा समर्थन जुटाने और महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों का हिस्सा है। इस दौरान राहुल ने भाजपा पर जमकर वार किया। उन्होंने कहा कि ओडिशा सरकार का बस एक ही काम है - राज्य की गरीब जनता के हाथों से ओडिशा की संपत्ति छीनना। पहले बीजद सरकार यही करती थी और अब भाजपा सरकार यही कर रही है। एक तरफ ओडिशा की गरीब जनता, दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग, किसान और मजदूर हैं, तो दूसरी तरफ 5-6 अरबपति और भाजपा सरकार है। यह लड़ाई जारी है। ओडिशा की जनता के साथ मिलकर कांग्रेस कार्यकर्ता ही इस लड़ाई को जीत सकते हैं, कोई और नहीं। राहुल ने आगे कहा कि मैं कल बिहार में था। जैसे महाराष्ट्र में चुनाव चोरी की गई, वैसी ही कोशिश बिहार में भी हो रही है। चुनाव चोरी के लिए चुनाव आयोग ने एक नई साज़िश रची है। चुनाव आयोग भाजपा की शाखा की तरह काम कर रहा है, अपना काम नहीं कर रहा। महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच एक करोड़ नए मतदाता जुड़े।

# बंगाली बोलने से कोई भी व्यक्ति बांग्लादेशी नहीं हो जाता : टीएमसी

### 444 मजदूरों की हिरासत पर भिड़े बीजेपी और टीएमसी

**एजेंसी। कोलकाता**

ओडिशा सरकार द्वारा 444 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लेने के कदम ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के साथ तीखा विवाद खड़ा कर दिया है, जिसने दावा किया है कि उनमें से ज्यादातर बंगाली भाषी प्रवासी मज़दूर थे। पिछले कुछ दिनों से सुलग रहा यह मुद्दा कलकत्ता उच्च न्यायालय तक भी पहुंच गया है, जिसने हिरासत में लिए गए लोगों पर ओडिशा सरकार से कड़े सवाल पूछे हैं। यह विवाद तब शुरू हुआ जब ओडिशा सरकार ने अवैध प्रवासियों पर नकेल कसने के लिए एक विशेष अभियान के तहत झारसुगुड़ा ज़िले में 444 लोगों को हिरासत में लिया। सखुफिया जानकारी में ज़िले में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी नागरिकों की मौजूदगी का संकेत मिला था। ओडिशा के एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि वैध निवास या नागरिकता दस्तावेज उपलब्ध न करा पाने के कारण उन्हें हिरासत में लिया गया, तथा उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पुलिस किसी समुदाय या क्षेत्र को निशाना नहीं बना रही है। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि हिरासत में लिए गए लोगों में बंगाल के नादिया, मुर्शिदाबाद, मालदा, बीरभूम, पूर्व बर्धमान और दक्षिण 24 परगना जैसे ज़िलों के 200 से ज्यादा प्रवासी मज़दूर शामिल हैं।



#### बांग्लादेशी संदेह में बंगालियों की पहचान पर सवाल

बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी ने आरोप लगाया है कि छापे ख़ास तौर पर उन कॉलोनियों में मारे गए जहां बंगाली भाषी मज़दूर रहते हैं। टीएमसी के राज्यसभा सांसद समीरुल इस्लाम ने ट्वीट करते हुए कहा कि ओडिशा में बंगाली भाषी प्रवासी मज़दूरों पर अत्याचार जारी है... भाजपा सरकार ने हाल ही में बंगाल के ज़िलों के 200 से ज़्यादा प्रवासी मज़दूरों को बांग्लादेशी नागरिक होने के संदेह में हिरासत में लिया। तृणमूल की ओर से इस मामले में सांसद महुआ मोइत्रा रहीं, जिन्होंने सबसे पहले दावा किया कि हिरासत में लिए गए लोगों में उनके निर्वाचन क्षेत्र के 23 कार्यकर्ता भी शामिल हैं। मोइत्रा ने ज़ोर देकर कहा कि नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली बीजद सरकार के शासनकाल में ऐसी घटनाएं कभी नहीं हुईं। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर बंगाली पर्यटक राज्य में आना बंद कर देंगे तो ओडिशा की अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा।

### बंगाल के लोगों से बोले सुवेंदु अधिकारी

## मुस्लिम बहुल इलाकों में न जाएं

**एजेंसी। कोलकाता**



जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला द्वारा पश्चिम बंगाल के लोगों को जम्मू-कश्मीर आने का न्योता दिए जाने पर पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक ऐसा बयान दिया है जिससे सियासत तेज ह गई है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कोई भी बंगाली कश्मीर नहीं जाएगा। मैं यह पार्टी की मान्यता के आधार पर कह रहा हूं, उन जगहों पर न जाएं जहां मुस्लिम बहुसंख्यक हैं। अगर आप जम्मू-कश्मीर जा रहे हैं तो जम्मू जाएं। हत्या से पहले शरीर के अंगों और सिंदूर की जांच की गई थी। शुभेंदु अधिकारी ने आगे कहा कि हिमाचल प्रदेश जाएं, यह देवभूमि है। उत्तराखंड और ओडिशा जाएं। हमें देश के सभी हिस्सों का दौरा करना चाहिए। मैं बंगाल के लोगों को चेतावनी दे रहा हूं कि वे मुस्लिम बहुल इलाकों में न जाएं। आपकी जान आपकी प्राथमिकता है। अपने जीवन, बच्चों और महिलाओं की रक्षा करें। शुभेंदु अधिकारी अब सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की ओर से राजनीतिक आलोचना का सामना कर रहे हैं, जिसने उनके बयान को "सांप्रदायिक उकसावे की एक शर्मनाक और सोची-समझी कार्रवाई" करार दिया है। पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक पोस्ट में लिखा कि भाजपा नेता पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को ठीक वही दे रहे हैं जो वे चाहते थे। तृणमूल कांग्रेस ने अधिकारी की टिप्पणी को 'सोची-समझी सांप्रदायिक उकसावे' करार दिया। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी ने भाजपा नेताओं के हालिया बयानों की ओर इशारा किया, जिनमें भारतीय संविधान की प्रस्तावना से 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द हटाने की मांग की गई थी। पोस्ट में आगे कहा गया, "यह वही भाजपा है जो संविधान से 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द को हटाना चाहती है। एक लोकतांत्रिक देश में ऐसे बयानों का कोई स्थान नहीं है।

## तेजप्रताप ने महुआ में दिखाई ताकत गाड़ी से आरजेडी का झंडा भी बदला

**एजेंसी। पटना**



राजद से निष्कासित होने के कुछ दिनों बाद, बिहार के पूर्व मंत्री और विधायक तेज प्रताप यादव ने महुआ में एक नए बैनर तले रैली की, जिससे संकेत मिलता है कि वह आगामी विधानसभा चुनाव अकेले लड़ सकते हैं। राजद से अलग होने के बाद अपनी पहली रैली में, तेज प्रताप और उनके समर्थक हरे और सफेद रंग का झंडा लिए हुए दिखाई दिए, जिस पर टीम तेज प्रताप यादव लिखा था। बिहार के इस विलक्षण नेता ने अपनी विशिष्ट हरी टोपी पहन रखी थी, जब वे अपने पूर्व निर्वाचन क्षेत्र महुआ में रोड शो कर रहे थे, जहां उत्साही समर्थकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने रोड शो के बाद, तेज प्रताप यादव ने महुआ मेडिकल कॉलेज में निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और जनता से बातचीत की। तेज प्रताप यादव ने आरजेडी के झंडा और बैनर का इस्तेमाल नहीं किया। इस दौरे के दौरान तेज प्रताप टीम का झंडा देखा गया। झंडा बदलने के बारे में पूछे जाने पर, यादव ने कहा कि मैं महुआ में मेडिकल कॉलेज देखने आया था। हमने चुनाव के दौरान वादा किया था कि हम मेडिकल कॉलेज देंगे, और अब यह बनकर तैयार है। मैं जो भी वादा करता हूँ, उसे पूरा करता हूँ। चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं किस क्षेत्र से चुनाव लड़ूँगा, यह जनता की माँग पर निर्भर करेगा। मैं पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ूँगा या नहीं, यह बाद में तय होगा।

## दिल्ली में अवैध रूप से बने आधार कार्ड पर सख्ती उपराज्यपाल ने अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली में अवैध रूप से रहने वाले नागरिकों के पास आधार कार्ड जैसे भारतीय पहचान पत्र होने के मामलों पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बड़ा कदम उठाया है। शुक्रवार को उपराज्यपाल ने दिल्ली के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए और कहा कि अब आधार नामांकन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं चलेगी। उपराज्यपाल सचिवालय ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्य सचिव को पत्र लिखा। उन्होंने आधार कार्ड जारी करने के लिए सख्त नियम लागू करने का अनुरोध किया। उपराज्यपाल ने नामांकन प्रक्रिया 'इन-हाउस मॉडल' पर करने को कहा है। साथ ही मुख्य सचिव से 15 जुलाई तक दिल्ली के सभी आधार नामांकन केंद्रों की सूची मांगी है। मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में उपराज्यपाल सचिवालय ने लिखा, "दिल्ली सरकार के रजिस्ट्रारों की जिम्मेदारियों, खासकर फील्ड स्तर पर इंप्लीमेंटेशन, मॉनिटरिंग और वेरिफिकेशन प्रक्रियाओं की दोबारा समीक्षा की जरूरत है। उपराज्यपाल ने निर्देश दिया है कि सभी रजिस्ट्रारों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया जाए कि वो आधार (नामांकन और अद्यतन) विनियम, 2016 के प्रावधानों का सख्ती से पालन करें और दो महीने में इन-हाउस मॉडल

## लखनऊ में नकली कफ सिरप की 5,000 से अधिक बोतलें बरामद

**लखनऊ।** केंद्रीय स्वापक ब्यूरो (सीबीएन) ने लखनऊ में एक मकान से नकली कफ सिरप की 5,300 से अधिक बोतलें बरामद होने के बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस सिरप में प्रतिबंधित नशीले पदार्थ का मिश्रण पाया गया है और प्रतिष्ठित दवा कंपनियों के असली उत्पादों जैसा दिखाने के लिए बोतलों पर नकली लेबल लगाया गया है। नारकोटिक्स उपायुक्त प्रवीण बाली ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, "मुखबिर से सूचना मिलने के बाद बृहस्पतिवार को एक मकान पर छापा मारा गया और कफ सिरप की 5,353 बोतलें बरामद की गईं। इस सिरप में 'अल्प्राजोलम' और 'क्लोनाजेपाम' जैसी नशीली दवाएं मिलाई गई थीं।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर हो रही राजनीति, कांग्रेस ने कहा-

## 'आधार मेरी पहचान' कहने वाली सरकार ने आधार की ही मान्यता खत्म की

**एजेंसी। नई दिल्ली**




सुप्रीम कोर्ट द्वारा बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर को जारी रखने की अनुमति देने पर बिहार में सयासी घमासान जारी है। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को निर्वाचन आयोग को बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को जारी रखने की अनुमति देते हुए इसे ''संवैधानिक दायित्व'' बताया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हालांकि, इस कवायद के समय पर सवाल उठाया और कहा कि बिहार में एसआईआर के दौरान आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर दस्तावेज के तौर पर विचार किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची के भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर तीखे सवाल उठाए और चुनाव आयोग से आग्रह किया कि वह चल रहे अभियान के तहत मतदाता गणना के लिए आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड को वैध दस्तावेजों के रूप में शामिल करने पर विचार करे। अदालत एसआईआर के समय और तरीके को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर विचार करने के लिए सहमत हो गई है, जिसकी अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। चुनाव आयोग को अपना जवाब दाखिल करने के लिए 21 जुलाई तक का समय दिया गया है। अभी तक कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया गया है।

## आज का राशिफल

**मेष :** कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। योग्यताएं सम्मान दिलायेगी।

**वृष :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**मिथुन :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

**कर्क :** संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

**सिंह :** अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। स्वास्थ्य नरम होगा।

**कन्या :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**तुला :** माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**वृश्चिक :** पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। कर्ज देने से बचें।

**धनु :** स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। एकाकी वृत्ति त्यागें।

**मकर :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। धार्मिक यात्रा का योग।

**कुंभ :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी।

**मीन :** शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी।

## 'हम हिंदुओं के चौकीदार, कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता'


### नितेश राणे ने राज ठाकरे को फिर दिया चैलेंज

**एजेंसी। मुंबई**



महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नितेश राणे ने एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। नितेश राणे ने कहा कि महाराष्ट्र में एनडीए सरकार होते हुए हिंदुओं को कोई नहीं डरा सकता है। हम हिंदुओं के चौकीदार हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज का कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है, हम भी यहां खड़े हुए हैं। मंत्री नितेश राणे ने शुक्रवार को मुंबई के बोरीवली में एक परियोजना का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में भाषण के दौरान नितेश राणे ने कहा, "हमारी सरकार रहेगी, तभी देवताओं की रक्षा होगी। मुंबई का डीएनए हिंदू है और अब नगर निगम में सिर्फ भगवा झंडा ही रहेगा।" उन्होंने कहा, "मैं हिंदुओं के वोट से विधायक बना हूं। अगर मैं हिंदुओं की बात नहीं करूंगा तो किसकी करूंगा? मालवणी जाकर देखो, पहले वो 'कुछ दे भाऊ' कहेंगे, फिर वही लोग तुम्हें बाप बनाने की कोशिश करेंगे। ये सांप हैं।" बाद में मीडिया से बात करते हुए नितेश राणे ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे को फिर चैलेंज किया। मीरा रोड में राज ठाकरे की सभा पर नितेश राणे ने कहा, "सभी मदरसों से उर्दू हटाकर वहां मराठी अनिवार्य करो, तभी हमें यकीन होगा कि आपको महाराष्ट्र और मराठी से सच्चा प्यार है। सिर्फ दिखावटी मराठी बोलकर ढोंग करने की कोशिश मत करो, सबको सब समझ में आता है।" राणे ने यह भी कहा कि "जो मुस्लिम भाई राज ठाकरे की सभा में आए, अगर वाकई मराठी से प्रेम है तो अजान मराठी में शुरू करें।

## टेनिस खिलाड़ी की हत्या में आरोपी पिता को एक दिन की पुलिस रिमांड



**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में एक दिल दहला देने वाली घटना में 25 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की उनके पिता दीपक यादव ने गोली मारकर हत्या कर दी। इस मामले में शुक्रवार को गुरुग्राम की एक अदालत ने 49 वर्षीय दीपक को एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। पुलिस ने बताया कि राधिका टेनिस अकादमी की कमान संभालना चाहती थी और इसे लेकर ही पिता इतना नाराज हुआ कि गोलियां दाग दीं। राधिका की मां मंजू यादव ने इस घटना के कारणों पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया है। यह घटना गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे गुरुग्राम के सेक्टर-57, सुशांत लोक फेज-2 स्थित राधिका के घर में हुई।

### महाराष्ट्र में 'अर्बन नक्सल' पर बड़ा प्रहार

## विधानसभा से पारित हुआ अर्बन नक्सलियों से सख्ती से निपटने वाला कानून

**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा ने एक महत्वपूर्ण और बहुचर्चित विधेयक पारित किया है, जो 'अर्बन नक्सल' (अर्बन नक्सल) गतिविधियों से निपटने के उद्देश्य से लाया गया है। इस विधेयक को राज्य की आंतरिक सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के एक कदम के रूप में देखा जा रहा है। इस पहल के पीछे राज्य सरकार की मंशा है कि शहरी क्षेत्रों में छिपे, पढ़े-लिखे, प्रभावशाली लेकिन राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में लिप्त तत्वों पर कानूनी शिकंजा कसा जाए। क्या है 'अर्बन नक्सल' विधेयक? यदि इसकी बात करें तो आपको बता दें कि इस विधेयक के अंतर्गत उन व्यक्तियों, संगठनों या नेटवर्क को निशाना बनाया गया है, जो नक्सली विचारधारा को शहरी क्षेत्रों में फैलाने, उसे बौद्धिक समर्थन देने, या शहरी युवाओं को उग्रवाद की ओर मोड़ने का कार्य करते हैं। विधेयक में राष्ट्र-विरोधी साहित्य के प्रचार, वामपंथी उग्रवाद को समर्थन और हिंसा की योजना बनाने जैसे कृत्यों को अपराध की श्रेणी में रखा गया है। इसके अलावा, सुरक्षा एजेंसियों को जांच, निगरानी और गिरफ्तारी के लिए विस्तृत अधिकार दिए गए हैं।

**विधवाओं की पेंशन** पेंशन योजना' के तहत लाभार्थियों के खाते में क्रेडिट हुए 1,100 रुपए

# पीएम मोदी और नीतीश कुमार का जताया आभार

- लाभार्थियों ने कहा कि पेंशन से दवाइयों, राशन और आवश्यक जरूरतें पूरी कर पाएंगे।

**एजेंसी। जमुई/वैशाली**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को 'सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना' के तहत 1 करोड़ 11 लाख से अधिक लाभार्थियों के खातों में 1227.27 करोड़ रुपए की पेंशन राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए ट्रांसफर की। बिहार सरकार के इस फैसले पर जमुई में लाभार्थियों ने खुशी जाहिर की। लाभार्थी महिलाओं ने पेंशन राशि को बढ़ाए जाने के लिए बिहार सरकार का आभार जताया। लाभार्थी प्रमिला देवी ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि मैं प्रधानमंत्री मोदी और बिहार सरकार का आभार जताती हूं, जिन्होंने पेंशन की राशि बढ़ाई और इसके मिलने से हमें आर्थिक रूप से लाभ होगा। हम सरकार के फैसले से बहुत खुश हैं। मंजू देवी ने कहा, "पेंशन बढ़ाए जाने के इस निर्णय के लिए मैं पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र और सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार का आभार जताती हूं। इस राशि के बढ़ने से हमें काफी लाभ होगा और अपनी जरूरतों को पूरा कर पाएंगे।"एक अन्य लाभार्थी जसोला देवी ने कहा कि यह सरकार का अच्छा कदम है कि उन्होंने पेंशन राशि को बढ़ाया। सरकार हमारे हित में फैसले लेती रहे और इस पैसे से हमें दवाइयां खरीदने में आसानी होगी। एक अन्य लाभार्थी ने पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार की तारीफ की। प्रभारी मंत्री रत्नेश सदा ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को डीबीटी के माध्यम से सभी लाभार्थियों के खाते में 1,100 रुपए ट्रांसफर किए हैं। मेरा मानना है कि इस राशि के बढ़ने से न केवल लाभार्थियों को आर्थिक तौर पर फायदा होगा, बल्कि इससे उन्हें अपनी जरूरतों को पूरा करने में भी मदद मिलेगी।

#### बुजुर्ग, दिव्यांग, विधवाएं होंगे सीधे लाभान्वित

**पटना।** बिहार में 'सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना' के तहत बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवाओं को अब हर महीने 400 रुपए की जगह 1,100 रुपए पेंशन मिलेगी। राज्य सरकार के इस निर्णय को भाजपा के बिहार अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से बिहार के लोग काफी खुश हैं। भाजपा के बिहार अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने शुक्रवार को आईएएनएस से बातचीत में कहा, "मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का यह ऐतिहासिक फैसला है।

## इंग्लैंड में टी20 सीरीज जीतने पर मंधाना ने कहा- टीम की हर खिलाड़ी में थी जीत की भूख



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ओर से इंग्लैंड में पहली बार टी-20 सीरीज जीतने के बाद, स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने सीरीज में अब तक टीम के ऑलराउंड प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि सभी की आंखों में जीत की भूख थी, जो सभी के प्रदर्शन में दिखाई दी। भारत ने बुधवार रात ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथा टी20 मैच छह विकेट से जीतकर इतिहास रच दिया। इस मैच में, दीप्ति शर्मा झूलन गोस्वामी के बाद 300 अंतरराष्ट्रीय विकेट तक पहुंचने वाली दूसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं। बीसीसीआई द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में मंधाना ने कहा, "जिस तरह से हमारे गेंदबाजों ने चारों मैचों में गेंदबाजी की। यहां तक कि तीसरे टी20 में भी उन्होंने जिस तरह से वापसी की। उन्होंने विपक्षी टीम को आखिरी 4-5 ओवरों में रोका और 25 के आसपास रन दिए। हमारी टीम फील्डिंग को लेकर स्पष्ट थी। मैं वास्तव में इसे इन दो पहलुओं का नतीजा मानूंगी। जिस तरह की स्पष्टता और जिस तरह की फील्डिंग सभी ने की है। उन्होंने आगे कहा कि निश्चित रूप से सभी काफी फिट दिख रहे हैं। इसलिए मैं यही कहूंगी कि इसका बहुत सारा श्रेय उन्हें जाता है। मुझे लगता है कि सीरीज से पहले उन पर काफी दबाव था।

## लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन बेन स्टोक्स की चोट से इंग्लैंड को चिंता



**लंदन (आईएएनएस)** । इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को लॉर्ड्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन ग्रोइन (जांघ) में चोट की दिक्कत दिखी। वह मैदान पर लंगड़ाते हुए नजर आए, लेकिन इसके बावजूद वह नाबाद 39 रन बनाकर दिन का खेल खत्म होने तक डटे रहे। इंग्लैंड के उपकप्तान ओली पोप को उम्मीद है कि स्टोक्स जल्दी ठीक हो जाएंगे क्योंकि यह टेस्ट मैच बहुत अहम है और दोनों टीमें सीरीज में 1-1 से बराबरी पर हैं। पोप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "हम दुआ कर रहे हैं कि वह किसी तरह वापसी करें और फिर से फिट होकर खेलें। अगले चार दिन हमारे लिए बहुत अहम हैं और उसके बाद भी दो बड़े टेस्ट मैच आने वाले हैं, इसलिए स्टोक्स का उपलब्ध रहना जरूरी है।

### बांग्लादेश प्रीमियर लीग चुनाव के चलते पोस्टपोन होगी

# चैयरमैन अनाम बोले- टूर्नामेंट मई में हो सकता है, नए स्टेडियम होंगे शामिल

**ढाका । एजेंसी**

बांग्लादेश प्रीमियर लीग पोस्टपोन हो सकता है। बीपीएल के चेयरमैन महबूब अनाम ने कहा है कि आने वाला BPL सीजन दिसंबर-जनवरी की जगह मई में कराया जा सकता है। महबूब अनाम ने यह जानकारी गुरुवार (10 जुलाई) को शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हुई बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की आपात बैठक के बाद दी। अनाम ने कहा, यह फैसला देश में 2026 की शुरुआत में होने वाले आम चुनावों को ध्यान में रखकर लिया जाएगा। इससे एक दिन पहले ही चीफ एडवाइजर प्रो. मुहम्मद यूनुस ने सभी एजेंसियों को निर्देश दिया था कि वे दिसंबर तक चुनाव की तैयारी पूरी कर लें।

महबूब ने कहा, बीपीएल की तारीख चुनावों के कारण बदल सकती है। यह या तो दिसंबर से पहले होगा या फिर मई में कराए जाने की योजना है। सरकार के फैसले के बाद ही हम अगला कदम उठाएंगे।

**नई एजेंसी को मिलेगा आयोजन का जिम्मा :** बीपीएल आयोजन में पहले कई बार विवाद हो चुके हैं। इस बार बीसीबी (बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड) एक अनुभवी स्पोर्ट्स मार्केटिंग एजेंसी को नियुक्त करना चाहता है, जो पहले इंटरनेशनल टी20 लीग्स का आयोजन कर चुकी हो। आयोजन पर महबूब ने कहा, पहले हमने कुछ अनाड़ी एजेंसियों को जिम्मेदारी दे दी थी जिससे नुकसान हुआ। इस बार अनुभवी और योग्य एजेंसी को ही चुना जाएगा।



### ब्रांड वैल्यू बढ़ाने पर फोकस

महबूब अनाम ने कहा कि बीपीएल की अपनी एक मजबूत पहचान बननी चाहिए। बीसीबी इस बार लीग की ब्रांड वैल्यू बढ़ाने की पूरी कोशिश करेगा। महबूब ने बताया, फिलहाल बीपीएल के मुकाबले तीन जगहों, ढाका, चटग्राम और सिलहट में खेले जाते हैं। अब इसमें बढ़ाकर नए वेन्यू शामिल किए जा सकते हैं। बोगुरा और खुलना स्टेडियम की जांच हो रही है। बरिशाल स्टेडियम पर काम चल रहा है और राजशाही को भी तैयार किया जा रहा है। जो भी स्टेडियम आईसीसी के मानकों और खिलाड़ियों के ठहरने की सुविधा को पूरा करेंगे, उन्हें बीपीएल में शामिल किया जाएगा।

### नई 5 साल की योजना...

महबूब ने बताया कि अगला बीपीएल सीजन एक नई पांच साल की योजना के तहत आयोजित किया जाएगा। कई कंपनियों ने लीग में रुचि दिखाई है, लेकिन उन्हें तभी चुना जाएगा जब नया फाइनेंशियल मॉडल तैयार हो जाएगा। भारतीय बोर्ड के अनुसार, टीम इंडिया अब अगस्त 2025 की बजाय अगले साल सितंबर में बांग्लादेश दौरे पर जाएगी। बीसीसीआई ने री-शेड्यूल करने के कारण नहीं बताया। माना जा रहा है कि भारत और बांग्लादेश के बीच पिछले कुछ समय में बिगड़े रिश्तों और सुरक्षा की वजह से यह फैसला लिया गया। भारत अगले साल बांग्लादेश जाकर 3 वनडे और 3 टी-20 खेलने वाला है।

### सूर्यकुमार यादव का खुलासा

## अगर टेनिस खेलते तो अपना डबल्स पार्टनर धोनी को चुनते

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव हाल ही में अपनी पत्नी देविशा शेट्टी के साथ विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट देखने पहुंचे। उन्होंने इस दौरान खुलासा किया कि वह अपने डबल्स जोड़ीदार के तौर पर भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को देखना पसंद करेंगे। सूर्यकुमार पहली बार विंबलडन देखने के लिए पहुंचे। वहां मौजूदगी से उन्होंने खूब सुर्खियां बटोरीं। विंबलडन ने भी उनकी एक फोटो शेयर की और लिखा – "एसडब्ल्यू19 में रौनक लेकर आए सूर्यकुमार यादव! आपको यहां पाकर खुशी हुई। टेनिस के प्रति अपनी रुचि के बारे में सूर्यकुमार ने बताया, "मैं टीवी पर टेनिस बहुत देखता हूँ। सेंटर कोर्ट के माहौल के बारे में हमेशा सुना करता था, खासकर जब खिलाड़ी वहां प्रवेश करते हैं। अब इसे सामने से महसूस कर रहा हूं, यह बहुत ही खास अनुभव है। जब उनसे पूछा गया कि अगर उन्हें किसी क्रिकेटर को टेनिस डबल्स (जोड़ी में खेला जाने वाला) पार्टनर चुनना हो, तो वे किसे चुनेंगे? इस पर उन्होंने कहा, "बिलकुल एमएस धोनी को। वह तेज हैं, सहनशक्ति बहुत ज्यादा है और मानसिक रूप से बेहद मजबूत हैं। और हाल ही में जब वे क्रिकेट नहीं खेल रहे होते हैं, तो मैंने उन्हें कई बार टेनिस खेलते देखा है। इसलिए मेरी पहली पसंद वही होंगे।

अपने पहले विंबलडन दौरे के अनुभव पर सूर्यकुमार ने बताया, "मैं पहली बार यहां आया हूं और चाहता था कि सब कुछ एकदम सही हो। सच कहूं तो मेरी पत्नी देविशा ने मेरी बहुत मदद की। वह पिछले तीन-चार दिनों से मेरे साथ रही है, इस शानदार टूर्नामेंट में क्या पहनना है, यह तय करने में मेरी मदद कर रही है।

## पंत रिकवरी पर, उनकी जगह ध्रुव तीसरे टेस्ट में विकेटकीपिंग करेंगे: बीसीसीआई

**लंदन (आईएएनएस)**



भारत के उप-कप्तान ऋषभ पंत लॉर्ड्स में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के पहले दिन उंगली में चोट लगने के बाद चिकित्सा निगरानी में हैं। वह टेस्ट के पहले दिन चोट लगने के बाद मैदान से बाहर हो गए थे। दूसरे दिन भी वह मैदान पर नहीं लौटे हैं। उनकी जगह ध्रुव जुरेल विकेटकीपिंग करते रहेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को पुष्टि की कि पंत "अभी भी ठीक हो रहे हैं" और दूसरे दिन की शुरुआत में मैदान पर नहीं उतरेंगे। उनकी अनुपस्थिति में, रिजर्व विकेटकीपर ध्रुव जुरेल विकेटकीपिंग करते रहेंगे। बीसीसीआई ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "ऋषभ पंत अभी भी अपनी बाईं तर्जनी उंगली की चोट से उबर रहे हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रख रही है। ध्रुव जुरेल दूसरे दिन भी विकेटकीपिंग करते रहेंगे। पंत को यह चोट गुरुवार को इंग्लैंड की पारी के 34वें ओवर के दौरान लगी जब पंत जसप्रीत बुमराह की लेग-साइड गेंद रोकने की कोशिश कर रहे थे। जब पंत ने डाइव लगाई तो गेंद उनकी बाईं तर्जनी उंगली पर लगी, जिससे उन्हें काफी दर्द हुआ। टीम के फिजियो कमलेश जैन ने उनका इलाज किया और उनकी उंगलियों पर पट्टियां बांधी गई, लेकिन ओवर पूरा करने के कुछ देर बाद ही पंत मैदान से बाहर चले गए। जुरेल ने इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में और भारत ए के मैचों के दौरान टीम इंडिया के लिए विकेटकीपिंग की थी। वह तुरंत पंत के रिप्लेसमेंट के रूप में मैदान पर आ गए और पंत के ठीक होने तक वह इस भूमिका में बने रहेंगे। पंत की अनुपस्थिति भारतीय टीम के लिए चिंता का विषय है, न केवल स्टंप के पीछे उनकी भूमिका के कारण, बल्कि इस श्रृंखला में बल्ले से उनके महत्वपूर्ण योगदान के कारण भी। पंत ने दो टेस्ट मैचों में 85.50 की औसत से 342 रन बनाए हैं, जिसमें हेडिंग्ले में शुरुआती मैच में दो शतक शामिल हैं। भारतीय ड्रेसिंग रूम की तस्वीरों में मुख्य कोच गौतम गंभीर और बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक पंत की हालत का जायजा लेते हुए दिखाई दे रहे हैं, जब वह जैन के साथ मैदान से लौट रहे थे। भारत अपने स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज से शीघ्र वापसी की उम्मीद कर रहा है, जिनकी एनर्जी और रणनीतिक योगदान उनकी टेस्ट सफलता के प्रमुख कारण रहे हैं।

## 12 जुलाई से शुरू होगी नेशनल कार्टिंग चैंपियनशिप



### शीर्ष 5 में शिव तुम्माला और रेयो रेसिंग के आरव सुरेखा सबसे आगे हैं

शीर्ष पांच के चले जाने से माइक्रो मैक्स के लिए जगह खाली हो गई है, जिसमें बेंगलुरु के पेरेग्रीन रेसिंग के शिव तुम्माला और मुंबई के रेयो रेसिंग के आरव सुरेखा सबसे आगे हैं। कार्यक्रम में आधिकारिक अभ्यास, क्वालीफाइंग राउंड और हीट शामिल हैं, जबकि प्री-फाइनल और फाइनल रविवार के लिए निर्धारित हैं।

**कोयंबटूर (आईएएनएस)**

12 जुलाई से राष्ट्रीय कार्टिंग चैम्पियनशिप की शुरुआत हो रही है। इसमें 10 टीमों से कुल 74 युवा खिलाड़ी चार अलग-अलग कैटेगरी- सीनियर मैक्स, जूनियर मैक्स, मिनी मैक्स और माइक्रो मैक्स में हिस्सा ले रहे हैं। नेशनल कार्टिंग चैंपियनशिप 2025 के छह राउंड के बाद, ग्रैंड फिनाले 8-9 नवंबर को होगा। सीनियर मैक्स, जूनियर मैक्स, मिनी मैक्स और माइक्रो मैक्स श्रेणियों में चुने गए चार राष्ट्रीय चैंपियन, बहरीन में रोटैक्स मैक्स चैलेंज ग्रैंड फाइनल (29 नवंबर से 6 दिसंबर) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। 2025 सीजन में 11 वर्ष से कम आयु के रेसर्स के लिए मिनी मैक्स श्रेणी की शुरुआत की जाएगी, जिसे माइक्रो और जूनियर मैक्स वर्गों के बीच रखा जाएगा। सीनियर मैक्स में 34 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। बेंगलुरु के रेसर रिशोन राजीव (बिरेल आर्ट इंडिया) और पेरेग्रीन रेसिंग के रोहान मदेश और ईशान मदेश भाइयों के दबदबे की उम्मीद है, जबकि इन तीनों के बीच मुकाबला कड़ा और रोमांचक होने की संभावना है। जूनियर मैक्स वर्ग में पिछले साल के चैंपियन पुणे के अराफात शेख (क्रेस्ट मोटरस्पोर्ट्स) और चेन्नई के ईशांत वेंगटेसन (एमस्पोर्ट) हिस्सा लेंगे, जिनके खिलाफ कई नए खिलाड़ी उतरेंगे। मिनी मैक्स वर्ग में प्रतिस्पर्धा बेहद कड़ी होने की उम्मीद है, जिसमें कई रेसर माइक्रो मैक्स से आगे बढ़े हैं। रिवान देव प्रीतम (चेन्नई, एमस्पोर्ट), हमजा बालासिनोरवाला (मुंबई, क्रेस्ट मोटरस्पोर्ट्स), रेहान खान रशीद (चेन्नई, एमस्पोर्ट), यथार्थ गौर (फरीदाबाद, लीपफ्रॉग रेसिंग) और दानिश डालमिया (पुणे, रेयो रेसिंग), जो पिछले साल माइक्रो मैक्स वर्ग में लगातार पोडियम हासिल कर रहे थे, सभी नई मिनी श्रेणी में आ गए हैं।



# पूर्वोत्तर राज्य 'विकसित भारत 2047 विजन में देंगे बड़ा योगदान : सीतारमण

**शिलांग (आईएएनएस)**




● **आज के समय में युवा स्वयं को दुनिया की जरूरतों के मुकाबले तेजी से खुद को ढाल रहे हैं**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा पूर्वोत्तर क्षेत्र को 'अष्ट लक्ष्मी' कहते हैं और यहां अच्छे स्वभाव वाले लोग, प्राकृतिक संसाधन, सांस्कृतिक समृद्धि, रणनीतिक स्थान और ऊर्जावान युवा तक हर चीज प्रचुर मात्रा में है। इस कारण से यह क्षेत्र विकसित भारत 2047 विजन में बड़ा योगदान देगा। आईआईएम शिलांग में आईआईसीए नॉर्थ ईस्ट कॉन्क्लेव 2025 में बोलते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, "हम हमेशा सबका साथ और सबका विकास के बारे में बात करते हैं और यह पूर्वोत्तर क्षेत्र को शामिल किए बिना पूरा नहीं हो सकता। यह केवल जन धन खाते खोलकर वित्तीय समावेशन के बारे में नहीं, बल्कि युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के बारे में भी है। वित्त मंत्री ने आगे कहा, "आज के समय में युवा स्वयं को दुनिया की जरूरतों के मुकाबले तेजी से खुद को ढाल रहे हैं। ऐसे में नीतिगत समर्थन भी मिले तो यह उद्यमिता विकास के लिए एक बहुत अच्छा मंच तैयार कर सकती है।" वित्त मंत्री ने कहा, "पूर्वोत्तर क्षेत्र में 2,300 डीपीआईआईटी-मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं, जिनमें से 69 अकेले मेघालय में स्थित हैं। यह महत्वपूर्ण है कि आईआईएम शिलांग जैसे संस्थान क्रॉस-पॉलीनेशन में मदद करें और सभी पेशेवरों को एक साथ लाएं और समय-समय पर मिलें। अब जब आईआईसीए यहां है, तो उन्हें लोगों को एक साथ लाने का माध्यम बनना चाहिए, जिससे बेहतर चर्चाओं और अनुपालन संबंधी मुद्दों का समाधान किया जा सके।

इसके अलावा वित्त मंत्री ने आईआईसीए नॉर्थ ईस्ट कॉन्क्लेव 2025 में स्टार्टअप एग्जीबिशन का दौरा किया और स्टार्टअप संस्थापकों के साथ बातचीत की। इस दौरान उनके साथ मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा भी मौजूद थे। इस एग्जीबिशन में पूर्वोत्तर क्षेत्र के 39 स्टार्टअप, एफपीओ, वित्तीय संस्थान और इनक्यूबेटर शामिल हुए।

## विकसित भारत विजन के तहत 2047 तक भारत की शहरी आबादी लगभग 88 करोड़ तक बढ़ने का अनुमान

**नई दिल्ली(आईएएनएस)**



● **अमृत मिशन की प्राथमिकता शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर में परिवर्तनकारी बदलाव लाना रही है**

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि 'विकसित भारत' विजन के तहत 2047 तक भारत की शहरी आबादी लगभग 88 करोड़ तक बढ़ने का अनुमान है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शहरीकरण एक चुनौती नहीं, बल्कि हमारे शहरों को विकास के वाइब्रेंट और सस्टेनेबल हब में बदलने का एक अवसर है। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के पूर्व सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा के अनुसार, रियल एस्टेट वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था में लगभग 13 प्रतिशत का योगदान देता है, जिसमें किफायती आवास और विकास क्षेत्र लगभग 10 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, जो इसे राष्ट्रीय विकास के सबसे प्रभावशाली इंजनों में से एक बनाता है।

राष्ट्रीय राजधानी में एसोचैम रियल एस्टेट सम्मेलन को संबोधित करते हुए मिश्रा ने इस बात पर जोर दिया कि शहरीकरण चुनौती नहीं है।

आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के निदेशक (अमृत) गुरजीत सिंह ढिल्लों ने अमृत मिशन के परिवर्तनकारी लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की। ढिल्लों ने कहा, "अमृत मिशन की प्राथमिकता हमेशा से शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर में परिवर्तनकारी बदलाव लाना रही है, जो सस्टेनेबिलिटी, समावेशिता और लॉन्ग-टर्म सर्विस डिलिवरी पर आधारित हो। उन्होंने आगे कहा, "हम केवल इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण नहीं कर रहे हैं; हम शहरों को आर्थिक विकास और सामाजिक समानता का इंजन बनने में सक्षम बना रहे हैं। जल आपूर्ति, स्वच्छता, हरित स्थानों और गतिशीलता में रणनीतिक हस्तक्षेप के माध्यम से, इस मिशन का उद्देश्य सभी शहरी निवासियों, विशेष रूप से वंचितों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। नीति आयोग की प्रमुख आर्थिक सलाहकार अन्ना रॉय ने कहा कि मजबूत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को सक्षम बनाने से लेकर हरित बदलावों और शहरी इनोवेशन को बढ़ावा देने तक, हमारा लक्ष्य समग्र आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करना है।

## शेयर बाजार लाल निशान में बंद हुआ, सेंसेक्स 689 अंक फिसला

**मुंबई (आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 689.81 अंक या 0.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,500.47 और निफ्टी 205.40 अंक या 0.81 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,149.85 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप दोनों में बिकवाली देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 517.75 अंक या 0.88 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,642.20 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 192.80 अंक या 1.02 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 18,763.45 पर था। गिरावट का नेतृत्व ऑटो, आईटी और रियल्टी ने किया। ये तीनों ही इंडेक्स एक प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट के साथ बंद हुए। इसके अलावा पीएसयू बैंक, एनर्जी, फाइनेंशियल सर्विस और प्राइवेट बैंक लाल निशान में थे। फार्मा और एफएमसीजी हरे निशान में थे। सेंसेक्स पैक में एचयूएल, एक्सिस बैंक, सन फार्मा, एनटीपीसी, इटरनल, एसबीआई और आईटीसी टॉप गेनर्स थे। टीसीएस, एमएंडएम, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, टाइटन, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट टॉप लूजर्स थे। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा, "पहली तिमाही के आय सत्र की धीमी शुरुआत और अमेरिका द्वारा कनाडा पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी के कारण घरेलू बाजार में नकारात्मक कारोबार हुआ। उन्होंने आगे कहा, "निवेशक गिरावट पर खरीदारी की रणनीति के तहत तिमाही आय पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। हालांकि, निकट भविष्य में, मौजूदा प्रीमियम मूल्यांकन और कम खर्च व टैरिफ अनिश्चितता जैसी वैश्विक चुनौतियां नए निवेश को रोक सकती हैं।



## दुनिया डिजिटल से क्वांटम इकोनॉमी की ओर बढ़ रही है : सीईआरटी-इन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी-इन) द्वारा शुक्रवार को जारी एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया डिजिटल से क्वांटम इकोनॉमी बनने की ओर एक बड़े बदलाव के मोड़ पर खड़ी है। भारत की राष्ट्रीय साइबर एजेंसी द्वारा ग्लोबल साइबरसिक्योरिटी फर्म एसआईएसए के सहयोग से संकलित आंकड़े इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि क्वांटम कंप्यूटिंग अब एक भविष्यवादी विचार नहीं, बल्कि साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर गहरे प्रभाव डालने वाली एक तेजी से उभरती वास्तविकता है। 'ट्रांजिशनिंग टू क्वांटम साइबर रेडीनेस' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में बताया गया है कि क्वांटम कंप्यूटर, जो क्वांटम मेकैनिज्म के सिद्धांतों का इस्तेमाल कर काम करते हैं, अब रिसर्च लैब से बाहर निकलकर वास्तविक दुनिया में उपयोग में आ रहे हैं। कई ग्लोबल टेक कंपनियों ने पहले ही शानदार प्रगति कर ली है। दिसंबर 2024 में लॉन्च हुई गूगल की विलो चिप ने 105 क्यूबिट के साथ एरर करेक्शन में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। माइक्रोसॉफ्ट ने फरवरी 2025 में अपना मेजराना-1 प्रोसेसर पेश किया, जिसका लक्ष्य दस लाख क्यूबिट तक विस्तार करना है। आईबीएम का लक्ष्य 2029 तक फॉल्ट-टोलरेंट सिस्टम बनाना है और क्वांटिनम ने रिकॉर्ड तोड़ परिशुद्धता के साथ 56-क्यूबिट ट्रैप्ड-आयन क्वांटम कंप्यूटर बनाया है।

### केंद्र सरकार का रेयर अर्थ मैग्नेट के उत्पादन में बढ़ावा

## सरकार 1,345 करोड़ रुपए की सब्सिडी की बना रही योजना

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने शुक्रवार को कहा कि भारत सरकार ने देश में रेयर अर्थ मैग्नेट निर्माताओं के लिए 1,345 करोड़ रुपए की सब्सिडी देने की योजना तैयार की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "रेयर अर्थ मैग्नेट निर्माताओं के लिए 1,345 करोड़ रुपए की सब्सिडी की एक योजना तैयार की गई है। यह योजना वर्तमान में अंतर-मंत्रालयी परामर्श के अधीन है। अभी दो निर्माताओं को शामिल करने का प्रस्ताव है, हालांकि योजना तैयार होने तक इसमें बदलाव हो सकता है। भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव कामरान रिजवी ने कहा कि रेयर अर्थ ऑक्साइड से लेकर मैग्नेट तक की एंड-टू-एंड प्रोसेसिंग में लगे निर्माता इस सब्सिडी के पात्र होंगे। इस योजना में प्रस्तावित प्रोत्साहनों में निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्र की कंपनियों को शामिल किए जाने की उम्मीद है।

# बांध टूटने के खतरे से सहमे ग्रामीण, गांव में दहशत का माहौल





**लातेहार।** लातेहार जिला के बालुमाथ प्रखंड के होलंग गांव में कई वर्षों पहले बाड़ी बांध का निर्माण किया गया था। ताकि पानी की कमी से किसानों को फसल उगाने में कोई दिक्कत ना हो, यह बांध लगभग पांच सौ एकड़ खेतो में सिंचाई के लिए पानी की कमी को दूर करता है, लेकिन बांध के टूट जाने से किसानों के खेतों में पानी की कमी से फसल को नुकसान पहुंचेगा। क्योंकि बांध का कई हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है और कई जगहों पर बांध दो हिस्सा में बट गया है। इससे पानी निकलना शुरू हो गया है जिससे मिट्टी कटाव भी लगातार हो रहा है। अभी बांध में पानी भरा हुआ है साथ ही बांध टूटने का खतरा भी बढ़ते जा रहा है अगर बांध टूट जाता है तो किसानों का धान का बीज बर्बाद हो जाएगा। साथ ही होलंग गांव में धान की फसल नहीं होगी यहां के किसान चिंतित है कि बांध टूट जाता है तो हमलोग कैसे धान की फसल कर पायगे। वही कई किसानों का कहना हैं कि बांध की मरम्मत करवाने के लिए कई बार जिला प्रशासन और जन प्रतिनिधि को लिखित में आवेदन दिया है लेकिन अब तक कोई सुनवाई नही हुआ हैं। सिर्फ वादा करते है लेकिन समाधान कोई नहीं किए है। किसान दुखन लोहरा ने कहा कि यह बांध टूट जाता है तो हमलोग को भारी नुकसान होगा धान की फसल भी नहीं होगी और इस बांध के ऊपर में सड़क का निर्माण किया गया है यह सड़क होलंग से किता ग्राम को जोड़ता है और टूट गया तो यह रास्ता भी बंद हो जाएगा। सबसे अधिक दिक्कत का सामना बड़का होलंग के किसानों को होगा यही एक बांध पर बना सड़क है जो प्रखंड और जिला मुख्यालय तक जाने का साधन है। आपातकालीन स्थिति में हॉस्पिटल जाने के लिए भी कोई रास्ता नहीं है। और तड़प तड़प के जान चल जाएगी किसानो ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि यह बांध को तत्काल मरम्मत किया जाए ताकि बांध टूटने से बच जाए, मरम्मत नही किया गया तो बहुत जल्द बांध टूट जाएगा और यहां के किसानों को समस्या हो जाएगी। जयमंगल भगत, गोपाल वैद्य, कमला गंझु, समला गंझु, सेवक लोहरा , पिंटु लोहरा, जोगेंद्र भुईयां, भोला भुईयां, लालन भुईयां, पुसन खान, रूपेश साव, रमेश साव, सुरेश साव, पप्पु खान, गंगा साव, जमशेद खान, अजमतउल्ला, लालदेव तुरी, चंद्रदेव उरांव, गांदरू उरांव।

## न्यूज बॉक्स

### कुआं में डूबने से किसान की मौत

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बोदा में स्नान करने के दौरान कुआं में डूबने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रकाश बड़ाइक के रूप रूप हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि प्रकाश खेत में काम करने गया था, खेत में काम कर वापस लौटने के बाद वह कुंआ में नहाने गया था, पानी भरने के दौरान लगाई गई लकड़ी टूट जाने के कारण वह असंतुलित होकर कुंआ में गिर गया। ग्रामीणों ने बताया कि कुंआ के आसपास और कोई मौजूद नहीं होने के कारण कोई मदद नहीं मिल सका। इधर घटना की सूचना के बाद विधायक प्रतिनिधि विजय दुबे अस्पताल पहुंचे व पीड़ित परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया व सरकारी प्रावधान के तहत हर संभव मदद दिलाने का भी भरोसा दिया है।

### ददई दुबे के निधन पर कांग्रेस ने जताया शोक



**चंदवा।** झारखंड के कद्दावर नेता व मंत्री रहे चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के निधन पर प्रखड कांग्रेस कमिटि ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करते हुए नेताओं ने परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। ददई दुबे का निधन गुरुवार की रात्रि दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में हो गया। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने कहा कि स्व. दुबे कोयला मजदूरों की आवाज थे। वे हमेशा मजदूरों को उनका हक दिलाने के लिए तत्पर रहते थे। उनके निधन से पार्टी को गहरा प्रभाव पड़ा है। शोक व्यक्त करने वालों में वरिष्ठ कांग्रेसी रामयश पाठक, श्रीराम शर्मा, निर्मल कुमार भारती, मोहफिल खान, संतोष साहू, संजय दुबे, हरिनंदन दुबे, कुशेश्वर यादव, लक्ष्मण साहू, गिदियोंन खाखा, मो छोटू, अरुण भारती, नौशाद खान, मनोज पासवान, मंजू देवी, करनालुस एक्का, मुस्ताक खान, बालजी उरांव, शीश आलम, दामोदर उपाध्याय, छठन राम, अख्तर अंसारी, अब्दुल अंसारी, लक्ष्मी देवी, प्रमिला देवी, मोहम्मद हातिम, मोहम्मद रशीद समेत कई लोग शामिल हैं।

### चंदवा में वज्रपात से सहिया की मौत

**चंदवा।** शहर के इंदिरा गांधी चौक स्थित जिला परिषद बस पड़ाव के समीप शुक्रवार कि दोपहर बाद हो रही मूसलाधार बारिश के बीच हुई वज्रपात में एक महिला की मौत हो गई। महिला कि पहचान चंदवा थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत पुरना टोली अम्बाटांड निवासी सुभाष देवी पति स्व. फगुआ मुंडा के रूप में की गई। वह सीएचसी में सहिया के रूप में कार्यरत थी। घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना के बाद चकला मुखिया रंजीता एक्का, स्वास्थ्य प्रतिनिधि विजय कुमार दुबे अस्पताल पहुंच परिजनों को ढाढस बंधाया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सहिया विश्व जनसंख्या दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंची थी। कार्यक्रम के पश्चात वह अपनी बेटी के साथ कागजात की फोटो कॉपी कराने इंदिरा चौक गई थी। तेज बारिश के दौरान बज्रपात हुई जिसकी चपेट में आने से सहिया सुभाष देवी (52) घायल हो गई।

### सड़क हादसे में बच्चे की मौत, एक घंटा सड़क जाम

**लातेहार।** जिले के मनिका थाना क्षेत्र के नामुदाग के पास शुक्रवार को एनएच-39 सड़क हादसा में नाबालिग बच्चे की मौत हो गई। स्थानीय लोगों बताया कि मेदिनीनगर से रांची की ओर जा रही तेज रफ्तार माधव यात्री नामक बस ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पर सवार 10 साल के अंकित कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चला रहे 16 साल का राहुल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों आपस में चचेरे भाई थे। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल छात्र को मनिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक ईलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया। घटना के बाद बस चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने एनएच सड़क को करीब एक घंटा जाम कर दिया। पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। जाम की सूचना मिलते ही मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा गया। उन्होंने परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा दिलाने की बात कहीं।

**फर्जी फोटो में सिमट कर रह गया है वॉलीबॉल डे बोर्डिंग केंद्र**

# सरकारी भत्ता किसके जेब में जा रहा है विभाग को मालूम नहीं

- आंख मूंदे बैठा है खेल विभाग

**रेवती रमण**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले नीलाम्बर-पीताम्बर पूरे प्रखंड के लेस्लीगंज स्थित मध्य विद्यालय के मैदान में संचालित डे बोर्डिंग केंद्र के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। कागजों पर दौड़ते खिलाड़ी, हवा में उड़ती वॉलीबॉल और फाइलों में ही गूंजती तालियों की गूंज-वॉलीबॉल डे बोर्डिंग केंद्र, जहां खेल कम, खेल-खेल में गड़बड़झाला ज्यादा हो रहा है।

**20 से 25 बच्चों को प्रशिक्षण देने का प्रवधान :** करीब छह महीने पहले जिस जज्बे के साथ इस केंद्र का उद्घाटन हुआ था, अब वहां सिर्फ कागजों पर ही बच्चों का प्रशिक्षण का दवा किया जा रहा है। केंद्र पर हर दिन 25 बच्चों को प्रशिक्षण देने का प्रावधान है। लेकिन प्रशिक्षक द्वारा इस केंद्र पर मात्र 20 छात्र होने की बात करते हैं। जहां केंद्र पर प्रशिक्षण ले रहे बच्चों को ड्रेस आदि उपलब्ध कराने हेतु हजारों रुपए सरकार द्वारा खर्च किए जाते हैं वहीं भत्ते के रूप में 500 से 700 रुपये प्रतिमाह का प्रावधान है, लेकिन जब प्रशिक्षण लेने वाले ही नहीं हैं, तो सवाल उठता है कि यह पैसे किसकी जेब में जा रहा है। वहीं प्रशिक्षक का मानदेय भी भुगतान किया जाता है।

**निजी मैदान में अभिलाष चंचल का टाइमपास :** स्थानीय लोगों के अनुसार असली कहानी कुछ और ही है। डे बोर्डिंग केंद्र के बजाय पास के एक निजी मैदान में प्रशिक्षक अभिलाष चंचल टाइमपास खेल प्रशिक्षण के नाम पर समय व्यतीत करते है। जब जिला खेल विभाग को तस्वीर भेजनी होती है तो मध्य विद्यालय बाबू दुम्बी में वॉलीबॉल खेल रहे स्थानीय युवकों की तस्वीर को लेस्लीगंज का मैदान बताकर भेज दिया जाता है। ऐसे में अगर कैमरे की नजरें भी धोखा खा जाएं, तो भला सरकार क्यों न खाए।

पूर्व में शिकायतें भी हुईं, जिसके बाद कुछ दिन के लिए खेल का मेकअप करके मीडिल स्कूल लेस्लीगंज के मैदान में आसपास के बच्चों को मैदान में खेलने का प्रलोभन देकर लाया गया लेकिन जैसे ही हंगामा शांत हुआ, खिलाड़ियों की गैरहाजिरी और प्रशासन की उदासीनता ने इस केंद्र को फिर से ठंडे बस्ते में डाल दिया।

हैरत की बात यह है कि खेल विभाग द्वारा इस बात की जानकारी होने के बाद भी आंख बंद कर लिया जा रहा है।

**नियमित तौर पर दे रहे प्रशिक्षण-अभिलाष :** इस बात की जानकारी लेने पर केंद्र के प्रशिक्षक अभिलाष चंचल ने कहा कि वे 20 खिलाड़ियों को नियमित तौर पर प्रशिक्षण देते हैं। उन्होंने कहा कि खेल मैदान पर गंदगी होने के कारण कई बार अन्यत्र स्थान पर खेल को संचालित करते हैं।

प्रभारी जिला खेल पदाधिकारी सेवाराम साहू से इस विषय पर उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## पेज एक के शेष

### सभी थानों को...

कैबिनेट सचिव ने बताया कि वाहनों की खरीद का फैसला थानों में पूर्व से उपलब्ध वाहनों के जर्जर होने पर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व से मौजूद 1079 चार पहिया और 1133 दो पहिया वाहन रद्द करने के योग्य हैं।

### कैबिनेट के अन्य...

- झारखंड अवर शिक्षा सेवा के पूर्व में सृजित पदों पर वर्तमान आवश्यकतानुसार पदों के प्रत्यर्पण की स्वीकृति दी गई।
- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-जलछाजन विकास अवयव परियोजनाओं में स्पाइनलेस कैक्टस प्लांटेशन के तहत तकनीकी सहयोग देने के लिए चार संस्थानों के बीच एमाओयू करने का निर्णय लिया गया।
- दिनेश कुमार मिश्र पूर्व जिला और अपर सत्र न्यायाधीश, हजारीबाग के इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से रांची से दिल्ली ले जाने में हुए खर्च पांच लाख, 75 हजार, 101 रुपए की प्रतिपूर्ति की स्वीकृति दी गई।
- संस्था निबंधन अधिनियम, 1860 की धारा 24 के अंतर्गत संस्था निबंधन नियमावली के गठन की स्वीकृति मिली।
- माधुरी खलखो को छात्रवृत्ति देने के लिए मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति अंतर्गत वर्णित छात्रवृत्ति की अवधि और पाठ्यक्रम संबंधी पात्रता को विशेष परिस्थिति में शिथिल करने की स्वीकृति दी गई।
- पूर्व मंत्री जगरनाथ महतो के एमजीएम अस्पताल, चेन्नई में हुए लंग्स ट्रांसप्लांट पर 44 लाख 83 हजार 670 रुपए के भुगतान की स्वीकृति दी गई।
- एकीकृत बिहार पंचायत राज वित्त निगम लिमिटेड के कर्मियों के बकाया वेतन के भुगतान के लिए झारखंड आकस्मिकता निधि से अग्रिम की निकासी की स्वीकृति दी गई।

### सर्पदंश से डालटनगंज...

पत्नी की मौत हो गयी, जबकि पति का इलाज चल रहा है। टना की सूचना मिलने पर भाजपा के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, चैनपुर के पूर्व जिला परिषद सदस्य संटू चौरसिया, भीष्म चौरसिया सहित बड़ी संख्या में लोग एमएमसीएच पहुंचे और घटना पर दुख व्यक्त किया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दी गयी।

### हाईकोर्ट ने आलमगीर...

आलमगीर आलम को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट) की विशेष अदालत ने बेल देने से इंकार करते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में जमानत के लिए गुहार लगाई गई थी।

### एपीपी नियुक्ति मामले...

जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल और प्रिंस कुमार सिंह ने अदालत को बताया कि उम्र सीमा का निर्धारण राज्य सरकार करती है, न कि जेपीएससी। इसके बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को राहत देते हुए कहा कि वे अपना आवेदन जेपीएससी को ऑफलाइन माध्यम से जमा कर सकते हैं। यह आदेश फिलहाल केवल उन 11 अभ्यर्थियों पर लागू होगा, जिन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

### पूरे विश्व ने...

यदि उनका शौर्य व समर्पण नहीं रहता, तो पूरा भारत पहलगाम सदमे से उबर नहीं पाता। भारत का पराक्रम पूरे विश्व ने देखा कि केवल पुरुष ही नहीं, बल्कि भारत की नारी भी देश की अस्मिता बचाने के लिए काली और दुर्गा का रूप धारण कर चुकी हैं। यह केवल बुद्ध की धरती नहीं, बल्कि समय पड़ने पर महाकाल की नगरी भी बन जाती है। हम सब को यह हमेशा ध्यान में रखना चाहिए कि सैनिकों के परिवारों को सुरक्षित रखा जाए, ताकि वे सीमा पर हम सबके घरों को सुरक्षित रख पाएं। केवल युद्ध के समय नहीं, सामान्य दिनों में भी सैनिक सम्माननीय हैं और हम सब बारंबार उन्हें नमन करते हैं। सेना के जवानों का जो हम पर ऋण है, वह हम कभी नहीं भूलेंगे।

### 20 हजार रिश्वत...

कर्मचारी ने सांख निवासी राजू प्रसाद यादव से जमीन के म्यूटेशन के लिए 50 हजार रुपए की मांग की थी। इसके बाद राजू ने इसकी शिकायत धनबाद एसीबी की टीम से की थी। शिकायत के बाद एसीबी ने जाल बिछाया और रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 20 हजार रुपए लेते हुए कर्मचारी को आज रंगेहाथ गिफ्तार कर लिया। एसीबी टीम ने आरोपी के पास से रिश्वत की रकम बरामद की और उसे अपने कब्जे में ले लिया। इस कार्रवाई से प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है और आगे की कार्रवाई के लिए उसे धनबाद ले जाया गया है।

**साइकिल चलाना सीखेंगे शिशु वाटिका के बच्चे**

# गतिविधियों में साइकलिंग से स्मार्ट बनेंगे बच्चे : रितु पांडे



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर शिशु वाटिका खंड में शुक्रवार को साइकिल सुविधा बहाल हुई । जिसका उद्‌घाटन साइकिल प्रदान करने वाले समाज सेवियों में जानी-मानी अधिवक्ता रितु रानी पांडे एवं सुधांशु दुबे सहित अतिथियों ने किया । उनके साथ उद्‌घाटन में समाजसेवी और समिति सदस्य दिनेश महलका, युवा अधिवक्ता प्रशांत रंजन पांडे एवं प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी उपस्थित थे। इस अवसर पर रितु रानी पांडे ने कहा कि विद्यालय में विद्या भारती की गतिविधियां कारगर तो है ही, अब साइकिल की व्यवस्था होने से बच्चे और स्मार्ट बनेंगे क्योंकि साइकिल के माध्यम से बच्चों में कौशल विकास, आत्मविश्वास, संतुलन होती है । सुधांशु दुबे ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में साइकिल सहायक बनेंगे। अतिथियों ने मां सरस्वती की वंदना के पश्चात साइकिल की विधिवत पूजा कर शिशु वाटिका प्रमुख गीता कुमारी एवं सह प्रमुख शिल्पा कुमारी को सौंपा। अतिथियों सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को साइकिल चलाने में सहयोग करते हुए आनंद लिया।

## छात्रों ने शिक्षकों के हटाने पर जताया विरोध, जमकर की नारेबाजी



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** पहाड़पूरी स्थित संत जेवियर स्कूल के बाहर पढ़ने वाले बच्चे हंगामा करने लगे। सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं स्कूल परिसर में प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बच्चों का आरोप है कि उनके भविष्य के साथ स्कूल प्रबंधन खिलवाड़ कर रही है और अच्छे शिक्षकों को स्कूल से बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। वहीं कई समस्याओं को लेकर संत जेवियर के छात्र-छात्राओं ने लातेहार समाहरणालय पहुंचे प्रबंधन के खिलाफ जिला शिक्षा अधीक्षक से लिखित शिकायत की हैं स्कूल प्रबंधन के द्वारा मनमाना किया जाता है जिसमें अच्छे शिक्षक को निकाल प्रबंधन के चहेते शिक्षकों को बहाल करने की कोशिश की जा रही है। इससे हमारे पढ़ाई पर बूरा असर पड़ रहा है। छात्रों ने कैमरे के सामने कहा कि स्कूल प्रबंधन शिक्षकों को फोर्स कर निकाला रही है और जो नये शिक्षक की बहाली की जा रही है और जो नए शिक्षक हैं वे उनका व्यवाहार छात्रों के साथ अच्छा नहीं है। साथ ही शनिवार के दिन छात्र-छात्राओं के साथ भेदभाव किया जाता है जहां क्रिश्चियन छात्र-छात्राओं को बाइबल की पढ़ाई करवाई जाती है छात्र छात्राओं ने के बच्चों ने कहा कि कुछ दिनों में हमारी परीक्षा है।

### पूर्व मंत्री ददई दुबे के निधन पर कांग्रेस ने जताया शोक

**चंदवा।** झारखंड के कद्दावर नेता व मंत्री रहे चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के निधन पर प्रख़ड कांग्रेस कमिटि ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करते हुए नेताओं ने परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट कि है। ददई दुबे का निधन गुरुवार की रात्रि दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में हो गया। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने कहा कि स्व. दुबे कोयला मजदूरों की आवाज़ थे। वे हमेशा मजदूरों को उनका हक दिलाने के लिए तत्पर रहते थे। बाबा के नाम से प्रसिद्ध ददई दुबे बिहार में राबड़ी देवी के मंत्रिमंडल में भी मंत्री रहे। वर्ष 2013 में हेमंत सोरेन की सरकार में वे मंत्री रहे। विश्रामपुर से विधायक रहे। इंटक के कद्दावर नेता भी थे। 2004 में वह धनबाद लोकसभा से सांसद चुने गए। उसके बाद कोयला श्रमिकों की राजनीति में वह तेजी से उभरे थे।

**आस्था**

**भद्रकाली मंदिर परिसर में निःशुल्क भोजन शिविर का शुभारंभ**

# सावन माह में कांवरियों की सेवा करना पुण्य का कार्य : ब्रज किशोर

- जिप उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी ने किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**



**इटखोरी (चतरा)।** सावन माह के पावन अवसर पर इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर परिसर में शुक्रवार को मां भद्रकाली सेवा संस्था द्वारा कांवरियों के लिए निःशुल्क भोजन शिविर का शुभारंभ किया गया। इस शिविर का विधिवत उद्‌घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी एवं प्रमुख प्रिया कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर एवं नारियल फोड़कर किया। उद्‌घाटन अवसर पर भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय ग्रामीण एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री तिवारी ने कहा कि सावन के इस पवित्र माह में कांवरियों की सेवा करना एक महान पुण्य का कार्य है। यह सिर्फ ठहरने और भोजन की व्यवस्था नहीं है, बल्कि श्रद्धा, सम्मान और सेवा का भाव है जो समाज को एकजुट करता है। उन्होंने मां भद्रकाली सेवा संस्था द्वारा किए जा रहे इस सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था समाज सेवा के क्षेत्र में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि यह शिविर सावन माह की संपूर्ण अवधि तक प्रतिदिन जारी रहेगा, जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों कांवरियों की सेवा की जाएगी। श्रद्धालुओं के लिए भोजन की उत्तम व्यवस्था के साथ-साथ स्वच्छता और सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा गया है।

### पूर्व विधायक ने की मां भद्रकाली की पूजा

**इटखोरी (चतरा)।** श्रावण मास के प्रथम दिन इटखोरी स्थित प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर सिमरिया के पूर्व विधायक किसुन कुमार दास ने विधिवत पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों के सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। पूर्व विधायक ने कहा कि श्रावण मास का पहला दिन धार्मिक दृष्टिकोण से अत्यंत शुभ होता है। मां भद्रकाली की आराधना से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों के लिए शांति, उन्नति और स्वास्थ्य की प्रार्थना की। पूजा कार्यक्रम में इटखोरी मंडल अध्यक्ष देव कुमार सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह, महामंत्री शिवकुमार राणा, पूर्व विधायक प्रतिनिधि निरंजन सिंह सहित ब्रह्मदेव यादव, सुंदर सिंह, पिंटू सिंह, सुधीर राय, सतीश सिंह, रतन शर्मा, रामाधीन सिंह, सीताराम दांगी, ज्ञानी यादव, योगेश्वर साव, प्रकाश दास समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। पूजन के उपरांत पूर्व विधायक समेत कार्यकताएओं ने मंदिर परिसर में आशीर्वाद प्राप्त किया और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्ति भाव का माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं की भीड़ से क्षेत्र का धार्मिक वातावरण और भी पवित्र एवं उत्साहपूर्ण हो गया।

### लापता हुआ युवक, घरवाले परेशान

**मेदिनीनगर।** शहर के कांदु मोहल्ला के वर्मा चौक के पास रहने वाले वीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा के पुत्र अविनाश कुमार शर्मा उम्र 35 वर्ष 29 जून की रात्रि से लापता है। अविनाश कुमार शर्मा मंदबुद्धि का है उनकी दिमागी हालत ठीक नहीं है। परिजन द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चल पाया। जिसकी रिपोर्ट शहर थाना में दी गयी है।

### पलामू जिला अधिवक्ता संघ ने जताया शोक

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ददई दुबे के निधन पर पलामू जिला अधिवक्ता संघ ने शोक व्यक्त किया। पलामू जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव अजय कुमार पांडे ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि आज हमारे बीच से प्रखर राजनीति के एक युग का अंत हो गया है।

## इजरायल की 'लोरा' से भारत का बड़ा गेमप्लान तैयार!

**नई दिल्ली । एजेंसी**



पाकिस्तान के परखच्चे उड़ाने के लिए भारत एक नई मिसाइल मंगवा रहा है। ये मिसाइल पाकिस्तान में 400 किलोमीटर अंदर घुस कर हमला करके आएगी। इस मिसाइल का नाम लॉन्ग रेंज आर्टलरी मिसाइल है। भारत खासतौर से पाकिस्तान का इलाज करने के लिए इस खतरनाक लॉन्ग रेंज मिसाइल इजरायल से खरीद सकता है। पाकिस्तान ने अगर अब कोई हरकत की तो उसके होश उड़ने तय हैं। भारतीय वायु सेना एक नई रणनीति के तहत इजरायल की लॉन्ग रेंज आर्टिलरी मिसाइल को एसयू 30 जैसे लड़ाकू विमान में लगाने की योजना बना रही है। मगर सवाल ये है कि जब भारत ने पाकिस्तान का इलाज करने के लिए ब्रह्मोस जैसी मिसाइलें तैयार कर रखी हैं। ऐसे में इजरायल से लॉन्ग रेंज मिसाइल आर्टिलरी खरीदने पर विचार क्यों किया जा रहा है? दरअसल, इजरायल के इस मिसाइल को खासतौर से किसी देश के एयरडिफेंस सिस्टम का काल कहा जाता है। लॉन्ग रेंज आर्टलरी मिसाइल अंदर तक घुसकर एयर डिफेंस सिस्टम को उड़ा कर आ जाता है।

## बांग्लादेश में महिला अधिकारियों को 'सर' कहने का आदेश रद्द

● **समीक्षा समिति करेगी नए संबोधन का निर्धारण**

**ढाका** । बांग्लादेश में अंतरिम सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए उस विवादित नियम को औपचारिक रूप से रद्द कर दिया है, जिसके तहत सरकारी अधिकारियों को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित वरिष्ठ महिला अधिकारियों को "सर" कहकर संबोधित करना अनिवार्य था। यह नियम शेख हसीना के लगभग 16 वर्षों के शासनकाल के दौरान प्रचलन में आया था। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार डॉ. यूनुस के नेतृत्व में यह निर्णय लिया गया। ढाका ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह फैसला ढाका में हुई सलाहकार परिषद की बैठक के बाद लिया गया। परिषद के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने फेसबुक पर बताया कि यह निर्देश "अनुचित" था और इसे अब रद्द कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि "सर" शब्द का उपयोग केवल पुरुष अधिकारियों के लिए होना चाहिए। लेकिन यह चलन महिला अधिकारियों के लिए भी अपनाया गया, जो स्पष्ट रूप से असामान्य और अनुचित है।

### 6 साल की मासूम से 45 साल के अफगानी ने की शादी

# भड़क उठा तालिबान, उठाया हैरान करने वाला कदम

**काबुल । एजेंसी**

45 वर्षीय शख्स ने छह साल की बच्ची को उसके पिता से खरीदकर उसे अपनी दुल्हन बना लिया है। इस घटना को लेकर दुनियाभर में हंगामा मच गया है। कई लोग इसका विरोध कर रहे हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, इस व्यक्ति ने देश के मरजाह ज़िले में हुई इस शादी के लिए बच्ची के परिवार को पैसे दिए। स्थानीय मीडिया के अनुसार, दो महिलाओं के साथ पहले से ही शादीशुदा व्यक्ति ने देश के मरजाह ज़िले में हुई इस शादी के लिए बच्ची के परिवार को पैसे दिए। जब तालिबान प्रशासन को इसकी जानकारी मिली, तो वे तुरंत हरकत में आए। उन्होंने दूल्हे और बच्ची के पिता दोनों को गिरफ़्तार कर लिया।

हालांकि, एक और चौंकाने वाली बात यह थी कि तालिबान ने कहा कि वह व्यक्ति अपनी 'दुल्हन' से उसकी उम्र के कारण अभी शादी नहीं कर सकता और उसे उसके नौ साल की होने तक इंतजार करना होगा। फिलहाल इस शादी पर रोक लगा दी गई है, हालांकि स्थानीय तालिबान अधिकारियों ने कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है और गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।



### पैसे देकर 9 साल की बच्ची को खरीदा

दक्षिणी अफगानिस्तान में, लड़की को एक 45 वर्षीय व्यक्ति से जबरन शादी करने के लिए मजबूर किया गया, जो पहले से ही दो महिलाओं से शादीशुदा है। गौरतलब है कि लड़की के पिता ने शादी के बदले में उस व्यक्ति से पैसे लिए। दूल्हे ने इस व्यवस्था के तहत परिवार को पैसे दिए। अमेरिका स्थित अफगान समाचार एजेंसी एमू टीवी के अनुसार, शादी की तस्वीरें देखकर तालिबान "भयभीत" हो गया और उसने उस व्यक्ति को बच्ची को अपने घर ले जाने से रोक दिया। इसके बजाय, उन्होंने उससे कहा कि जब लड़की नौ साल की हो जाएगी, तो उसे उसके घर ले जाया जा सकता है।


### ट्रंप प्रशासन ने स्टेट डिपार्टमेंट में बड़े पैमाने पर छंटनी की तैयारी की

# 15 फीसदी स्टाफ पर मंडराया खतरा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

ट्रंप प्रशासन ने अमेरिकी विदेश विभाग में जल्द ही बड़े पैमाने पर छंटनी करने की योजना बनाई है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, विभाग के कर्मचारियों को औपचारिक रूप से सूचित किया गया कि छंटनी की प्रक्रिया बहुत जल्द शुरू की जाएगी। इस कदम को नौकरशाही का बोझ कम करने की दिशा में एक कदम बताया गया है।

डिप्टी सेक्रेटरी ऑफ स्टेट फॉर मैनेजमेंट एंड रिसोर्सेज, माइकल जे. रीगस की ओर से गुरुवार को भेजे गए एक संदेश में कहा गया कि अमेरिकी कर्मचारियों को जल्द ही छंटनी की सूचना दी जाएगी। वरिष्ठ अधिकारियों ने यह भी संकेत दिया है कि शुक्रवार सुबह से ही कर्मचारियों को नोटिस मिलना शुरू हो सकता है। दरअसल, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए ट्रंप प्रशासन को संघीय एजेंसियों में बड़े पैमाने पर छंटनी करने से रोका था। इस आदेश के दो दिन बाद ही यह कदम उठाया गया। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मई में एक पुनर्गठन योजना की घोषणा की थी, जिसमें उन्होंने अपने विभाग को 'ब्लोटेड' (जरूरत से ज्यादा लोग) और 'नौकरशाही से जकड़ा हुआ' बताया था। रुबियो ने कहा कि ये बदलाव विभाग को अमेरिकी मूल्यों के साथ बेहतर ढंग से जोड़ेंगे और 'कट्टर राजनीतिक विचारधारा' को खत्म करेंगे।




### छंटनी से अमेरिका की वैश्विक भूमिका कमजोर हो सकती है

कांग्रेस में डेमोक्रेट नेताओं और वरिष्ठ राजनयिकों ने इस फैसले की तीखी आलोचना की है। उनका मानना है कि इस तरह की छंटनी से अमेरिका की वैश्विक भूमिका कमजोर हो सकती है। कांग्रेस के कई सदस्यों ने एक खुले पत्र में रुबियो को लिखा, "मौजूदा समय में अमेरिका के राजनयिकों की सबसे अधिक जरूरत है ताकि वैश्विक तनाव को शांतिपूर्ण तरीके से कम किया जा सके और अमेरिका की विदेश नीति के लक्ष्यों को आगे बढ़ाया जा सके।" उन्होंने चेतावनी दी कि यह योजना अमेरिका को वैश्विक मंच पर नेतृत्व के लिए आवश्यक साधनों से वंचित कर देगी। आलोचकों का कहना है कि यह योजना उन विभागों को निशाना बना रही है जो मानवाधिकार, लोकतंत्र, शरणार्थियों और युद्ध अपराध जैसे विषयों पर काम करते हैं। हालांकि विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि यह छंटनी किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं है।

## एआई कंपनियों में टैलेंट नियुक्ति की मची होड़

**ब्यूरो**



● एआई कंपनियां 3 करोड़ से 5 करोड़ रु. तक बेसिक सैलरी पर कर रहीं नियुक्त
● सीनियर रिसर्च इंजीनियर को कुल पैकेज 9 करोड़ तक मिल रहा

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में टैलेंटेड कर्मचारियों को मोटी पगार पर नियुक्त करने और उनको कंपनी में बहुत सी सुविधाएँ व इन्सेंटिव देकर बनाये रखने के लिए विश्व की टाप एआई कंपनियों में होड़ लगी हुई है। गूगल , मेटा व ओपनएआई भी ऐसे टैलेंट को कई -कई करोड़ रुपये सैलरी पैकेज ऑफर कर रही हैं। गूगल में सॉफ्टवेयर इंजीनियर को लगभग 3 करोड़ रुपये तक की बेसिक सैलरी पर नियुक्त किया जा रहा है इसके अलावा उन्हें कंपनी के शेयर व बोनस भी मिलेंगे, जिससे उनकी कुल कमाई और भी ज्यादा हो जाएगी। प्रोडक्ट मैनेजर, एआई रिसर्चर व दूसरे टेक्निकल पदों पर काम करने वाले लोगों को भी बहुत अच्छे सैलरी पैकेज मिल रहे हैं। गूगल एआई की दौड़ में सबसे आगे रहने के लिए ये सब कर रहा है।गूगल को मेटा व ओपन एआई जैसी कंपनियों से कड़ी टक्कर मिल रही है। ये कंपनियां भी एआई के क्षेत्र में अच्छे कर्मचारियों को अपनी कंपनी में लाने के लिए जोर लगा रही हैं। मेटा ने एआई में बहुत ज्यादा पैसा लगाया है।

वह एआई रिसर्चर व इंजीनियरों को नौकरी पर रख रही है ताकि जेनरेटिव एआई व रियलिटी लैब्स डिवीजन को मजबूत किया जा सके। मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग ने दो साल पहले कहा था कि एडवांस्ड एआई बनाना कंपनी का सबसे बड़ा इन्वेस्टमेंट है। मेटा में सीनियर एआई रिसर्चर को शेयर व बोनस मिलाकर लगभग 5.50 करोड़ रुपये से लेकर लगभग 8.60 करोड़ रुपये तक मिल सकते हैं। माइक्रोसॉफ्ट की ओपनएआई भी एआई के क्षेत्र में एक बड़ी कंपनी बनकर उभरी है। ओपनएआई में सीनियर रिसर्च इंजीनियर की बेसिक सैलरी 2 लाख डॉलर से 3लाख 70000 डॉलर के आसपास है। इक्विटी मिलाकर उनका कुल पैकेज 8लाख डॉलर से 10 लाख डॉलर तक पहुंच सकता है। इसके अलावा प्रॉफिट पार्टिसिपेशन व शुरुआती इक्विटी स्टेक भी शामिल हैं। तनख्वाह में इतनी बढ़ोतरी इसलिए हो रही है क्योंकि बड़ी टेक कंपनियां ऐसे लोगों को अपनी कंपनी में रखना चाहती हैं जो बड़े लैंग्वेज मॉडल, जेनरेटिव एआई टूल्स व दूसरी नई टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ा सकें। एक्सपर्ट्स का कहना है कि ये ज्यादा सैलरी पैकेज सिर्फ नए लोगों को नौकरी पर रखने के लिए नहीं हैं, बल्कि अच्छे कर्मचारियों को कंपनी में बनाए रखने के लिए भी जरूरी हैं। कंपनियां चाहती हैं कि उनके सबसे अच्छे कर्मचारी दूसरी कंपनियों में न चले जाएं। लेकिन ऐसे कर्मचारियों की भारत में क्या हालत है?दो-तीन बेहतरीन कंपनियों के अलावा अन्य में तो शोषण का उपक्रम ही चल रहा है। हां ,भारत में जो विदेशी कंपनी आ रही हैं , उनमें से कुछ तो अच्छी सेलरी दे रही हैं।

### दिल्ली में यमुना पुनर्जीवन को लेकर हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

## गृह मंत्री ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता 1500 एमजीडी तक बढ़ाने को कहा

**नई दिल्ली । एजेंसी**



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यमुना पुनर्जीवन को लेकर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति को जल प्रदूषण पर नियंत्रण लगाने के लिए ऐक्शन मोड में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार को औद्योगिक इकाइयों से बढ़ रहे प्रदूषण को रोकने के लिए सतत एवं प्रभावी कदम उठाने चाहिए ।यमुना नदी में दिल्ली के अलावा अन्य राज्यों से भी अपशिष्ट के द्वारा केमिकल आ रहा है, इसलिए इन सभी राज्यों को साथ मिलकर नदी को स्वच्छ करने के उपायों पर कार्य करना चाहिए ।उन्होंने 2028 तक एसटीपी क्षमता 1500 एमजीडी तक बढ़ाने के निर्देश दिए। श्री शाह ने कहा कि यमुना पुनर्जीवन के लिए हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश, तीनों राज्यों को प्रयास करना चाहिए और आउटफ्लो की थर्ड पार्टी गुणवत्ता जांच हो । इन जलाशयों को विकसित करने से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। डेयरी, गौशालाओं के उत्पादित अपशिष्ट के प्रबंधन के लिए दिल्ली सरकार को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ मिलकर कार्य करना चाहिए। इसके साथ ही, श्री अमित शाह ने दिल्ली के अनधिकृत डेयरियों के प्रबंधन करने पर भी जोर दिया ।ई-फ्लो बढ़ाने के विषय पर उत्तर प्रदेश सरकार से बात करके हल निकालने की आवश्यकता है ताकि यमुना के दिल्ली के प्रवेश के समय का फ्लो बेहतर हो सके। ओखला के उपचारित जल को यमुना के डाउनस्ट्रीम में छोड़ा जाए जिससे नदी के जल की गुणवत्ता बेहतर करने में मदद मिलेगी।

### सावन का महीना शुरू हो रहा है

## भोजपुरी में अश्लीलता के रिकॉर्ड बनाने वाले सड़क छाप गायक भक्ति के गीत गाएंगे : नेहा सिंह राठौर

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** डबल मीनिंग वाले भोजपुरी के गानों की भरमार होती जा रही है। इसलिए बहुत बार भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के गानों को अश्लील बताया जाता है। अब इस को लेकर नेहा सिंह राठौर ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है। सावन शुरू हो गया है और इस मौके पर खेसारी लाल यादव, पवन सिंह जैसे ने भोजपुरी गानों को रिलीज किया है, जिसपर लोक गायिका ने कटाक्ष किया है।नेहा ने ऐसे भोजपुरी गानों पर आपत्ति जताई है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कई भोजपुरी सिंगर को सड़क छाप भी बताया है।लोक गायिका ने अपने ट्वीट में लिखा, "सावन का महीना शुरू हो रहा है और अब भोजपुरी में अश्लीलता के नए रिकॉर्ड बनाने वाले तमाम सड़क छाप गायक भक्ति के गीत गाएंगे। आम जनता इन्हें शिवभक्त मान लेगी और इनके गीत मंदिरों में बजाए जाएंगे। पूरा देश सब कुछ जानते हुए अनजान बने रहने का ख़तरनाक अभिनय कर रहा है।" उनका यह ट्वीट अब वायरल हो गया है, जिस पर देखने वाले भी अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

## पाकिस्तान में बलूचों ने बरपाया कहर!

● **बस में जा रहे 9 पंजाबियों को अपहरण करके उतारा मौत के घाट, रातभर सड़कों पर पड़ी रही लाशें**

**इस्लामाबाद** । पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार, 11 जुलाई को नौ लोगों की हत्या कर दी गई। पीटीआई ने अधिकारियों के हवाले से बताया। रिपोर्ट के अनुसार, यात्रियों को पहले बलूचिस्तान प्रांत के झोब इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बस से उतारा गया और फिर गोली मारकर हत्या कर दी गई। बंदूकधारियों, जिनकी पहचान अभी नहीं हो पाई है, ने पंजाब के नौ यात्रियों को एक यात्री बस से उतारने के बाद उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। सहायक आयुक्त झोब नवीद आलम ने बताया कि यह घटना प्रांत के झोब इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद के अनुसार, गुरुवार शाम को कई बसों से यात्रियों का अपहरण किया गया। हमलावर फिर उन्हें पास के पहाड़ी इलाके में ले गए। एक अन्य सरकारी अधिकारी, नवीद आलम ने कहा कि पीड़ितों के शव रात भर बरामद किए गए।

## कुरान पढ़ो, इस्लाम को जानो और अरबी सीखो...

**नेतन्याहू के नए फरमान से मचा हड़कंप फिर हुआ असली खेल**

**तेल अवीव । एजेंसी**

इजरायल से एक ऐसी खबर आई है जिसने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है। भारत के लोग भी ये समझ ही नहीं पाए कि इजरायल ने ये कैसा ऐलान कर दिया है। दरअसल, इजरायल की सेना अब इस्लाम की शिक्षा लेगी।

कुरान पढ़ेगी और अरबी भाषा सीखेगी। इजरायली आर्मी की एक रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल ने अपने सभी खुफिया सैनिकों और अधिकारियों के लिए कुरान के अध्ययन को अनिवार्य बना दिया है। हिब्रू बोलने वाले इजरायल के सैनिकों और अधिकारियों के लिए अरबी भाषा सीखना अनिवार्य कर दिया गया है। अहम खबर यह है कि सामने आ रही जानकारी के अनुसार, इजराइल अब कुरान और अरबी भाषा को भी अपने पाठ्यक्रम में शामिल करेगा। इजराइली सरकारी चैनल से मिली जानकारी के अनुसार, अक्टूबर 2023 में हमास द्वारा इजराइल पर एक बड़ा हमला किया गया था। ऐसा माना जा रहा है कि यह हमला खुफिया सेवाओं की गलती के कारण हुआ। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यदि सैन्य अधिकारी और मोसाद अधिकारी अरबी भाषा जानते होते तो हमला नहीं होता।




## कंगना ने दिलजीत दोसांझ के पाकिस्तानी एक्ट्रेस को कास्ट करने पर किया रिएक्ट...

अभिनेता-गायक दिलजीत दोसांझ को अपनी फिल्म सरदार जी 3 में पाकिस्तानी कलाकार हनिया आमिर के साथ काम करने के लिए कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। अभिनेत्री कंगना रनौत ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि "कुछ लोगों का वास्तव में अपना एजेंडा होता है। कंगना रनौत ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में "हर कोई एक हितधारक है"। "मैंने इन लोगों के बारे में काफी कुछ कह दिया है। हमारी बातचीत की शुरुआत में, मैंने बताया था कि हमें राष्ट्र निर्माण की भावना रखनी चाहिए - हर कोई एक हितधारक है। हम ऐसी भावना क्यों नहीं रखते? दिलजीत अपना अलग रास्ता क्यों अपना रहे हैं? किसी और क्रिकेटर का अपना रास्ता क्यों होना चाहिए? यहाँ तक कि एक सैनिक का भी राष्ट्रवाद का अपना रास्ता होता है।

उन्होंने आगे कहा कि "हमें सभी को एक साथ लाने की कोशिश करनी चाहिए"। उन्होंने कहा, "कोई ऐसा कर रहा है, बेचारा सैनिक राष्ट्रवाद का रास्ता अपना रहा है, बेचारा राजनेता राष्ट्रवाद का रास्ता अपना रहा है। कुछ लोगों का सचमुच अपना एजेंडा है। मैं यह नहीं कह रही कि यह अस्वाभाविक है, लेकिन हमें सभी को एकजुट करने का प्रयास करना चाहिए।